# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बुधवार, 24 जून, 2026 | वर्ष -01 | अंक-128 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### गुजरात में आप विधायक को 7 साल की जेल

**नर्मदा (गुजरात)।** गुजरात में डेडियापाड़ा सीट से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक चैतर वसावा की विधानसभा सदस्यता खत्म हो गई है। नर्मदा जिले की कोर्ट का फैसला आने के बाद गुजरात के डिप्टी स्पीकर पूर्णेश मोदी ने इसकी जानकारी दी। नर्मदा जिले की एक कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के विधायक चैतर वसावा, उनकी पत्नी और 7 अन्य को 7-7 साल जेल की सजा सुनाई है। इन पर वन-विभाग के अधिकारियों से मारपीट और वसूली का आरोप था। सजा के अलावा विधायक की पत्नी और अन्य पर 96 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। कुल 9 आरोपियों में 4 महिलाएं शामिल हैं। मामला 30 अक्टूबर 2023 का है। आरोप है कि वन विभाग के अधिकारियों ने जंगल की जमीन पर हुए अतिक्रमण हटा दिए थे। इस पर वसावा ने पांच अधिकारियों को अपने घर बुलाया था।

### बेंगलुरु में माता-पिता और बेटी की हत्या

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के केआर पुरम इलाके में एक अपार्टमेंट में एक ही परिवार के तीन लोगों की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान 52 साल के सोमसुंदर, उनकी पत्नी 48 साल की मुथुलक्ष्मी और 19 साल की बेटी सुप्रिया के रूप में हुई है। माता-पिता और छोटी बेटी सोमवार शाम उस फ्लैट पर पहुंचे थे, जहां परिवार की बड़ी बेटी श्वेता और उसका बॉयफ्रेंड केनेथ रहते थे। वहीं पर तीनों के खून से लथपथ शव बरामद हुए। पुलिस को शक है कि बड़ी बेटी और उसके बॉयफ्रेंड ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया।

### ट्रंप का दावा-ईरान परमाणु ठिकानों की जांच के लिए तैयार

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम से जुड़े ठिकानों की कड़ी और दीर्घकालिक निगरानी के लिए तैयार हो गया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि भविष्य में परमाणु स्थलों पर निरीक्षण की अनुमति को लेकर सकारात्मक सहमति बनी है, जिससे दोनों देशों के बीच जारी कूटनीतिक प्रयासों को बल मिला है। ट्रंप ने कहा कि यदि ईरान निरीक्षण संबंधी व्यवस्था पर सहमत नहीं होता तो बातचीत आगे नहीं बढ़ पाती। उन्होंने इस मुद्दे को वार्ता की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल बताया। इससे पहले, स्विट्जरलैंड में हुई वार्ता के बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी कहा था कि ईरान अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निरीक्षकों को दोबारा देश में काम करने की अनुमति देने पर सहमत हुआ है।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवाद व बलिदान से मिलती है प्रेरणा : सीएम

## डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि (बलिदान दिवस) के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए तथा उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का राष्ट्रहित, अखंड भारत और सांस्कृतिक स्वाभिमान के प्रति समर्पित जीवन देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए समर्पित कर दिया। उनकी राष्ट्रसेवा, वैचारिक दृढ़ता और बलिदान को देश सदैव स्मरण रखेगा। उन्होंने कहा कि पंडित चाणक्य के बाद यदि किसी नेता ने देश को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास किया, तो उनमें डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का नाम प्रमुखता से लिया जाता है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्रहित, अखंड भारत और सांस्कृतिक स्वाभिमान के प्रति समर्पित जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी राष्ट्रसेवा और बलिदान को देश सदैव स्मरण रखेगा। उन्होंने कहा कि पंडित चाणक्य के बाद यदि देश को एक करने वाले कोई नेता थे तो वे डॉ. मुखर्जी थे, जिन्होंने अखंड भारत के सपने को साकार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले साल इसी दिन हमलोग डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर एक भव्य नया पार्क लोगों को समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में लगभग 27-28 पार्टियों का गठबंधन बना था और आज पीएम मोदी के नेतृत्व में भी लगभग 27-28 पार्टियों के गठबंधन की सरकार है। मोदी को सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का गौरव हासिल हुआ है। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सांसद राधा मोहन सिंह, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, विधायक रत्नेश कुशवाहा, पूर्व विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल, पूर्व विधायक पवन जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।




### बिहार संग्रहालय समिति देश भर में संग्रहालय विकास का बन रहा रोल मॉडल

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय में बिहार संग्रहालय समिति की शासी निकाय की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने बिहार संग्रहालय की गतिविधियों, विकास योजनाओं तथा भावी कार्य योजनाओं की प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि बिहार संग्रहालय की विशेषज्ञता, क्षमता और राष्ट्रीय स्तर पर उसकी बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रमाण है। बैठक में सीएम ने कहा कि बिहार संग्रहालय समिति देश भर में संग्रहालय विकास का रोल मॉडल बन रहा है। नई दिल्ली, गुजरात, ओडिशा एवं तेलंगाना सहित देश भर में कुल 9 संग्रहालयों की स्थापना में अहम भूमिका निभा रहा है। बिहार संग्रहालय ने गत वर्ष 5 लाख से अधिक टिकटधारी आगंतुकों का रिकॉर्ड दर्ज किया है।

### भरत एनकाउंटर पर सीएम ने नहीं दिया जवाब

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से पत्रकारों ने भरत एनकाउंटर पर सवाल पूछा कि लोग इसे फेक एनकाउंटर बता रहे हैं। बीजेपी के नेता भी इस पर सवाल उठा रहे हैं। लेकिन सीएम सम्राट ने भरत एनकाउंटर पर कोई जवाब नहीं दिया। वो गाड़ी में बैठे और चले गए। दरअसल, सीएम श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा कार्यालय पहुंचे थे।

# कृषि स्टार्टअप नीति के तहत नवाचार एवं कृषि टेक को बढ़ावा दें : सम्राट

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में कृषि विभाग की समीक्षा की। बैठक में कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से किसानों की आय वृद्धि से संबंधित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार कृषि स्टार्टअप नीति के तहत नवाचार एवं कृषि टेक को बढ़ावा दें। राज्य में फसलों का उत्पादन और उत्पादकता बढ़ी है। आम, शहद, केला के उत्पादन को और बढ़ाने के लिए तेजी से काम करें। इन फसलों की खेती को प्रोत्साहित कर किसानों की आय बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करें। कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण एवं विपणन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि किसानों को उसका लाभमिल सके। विभागीय कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन हेतु आवश्यकतानुसार कार्यबल के प्रभावी उपयोग करें। कृषि यंत्रों की बिक्री, उपयोग एवं किसानों को प्रदान की जा रही सब्सिडी की स्थिति का आकलन करें ताकि कृषि कार्य को और आधुनिक एवं उत्पादक बनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम स्तर तक कृषि विस्तार सेवाओं को सुदृढ़ करें। किसानों को समय पर तकनीकी मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराते रहें। जिन जिलों में विशेष फसलों की संभावनाएं हैं, वहां क्लस्टर आधारित विकास की रणनीति अपनाई जाए। बिहार के विशिष्ट कृषि उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में पहचान दिलाने के लिए समेकित रणनीति तैयार करें।

**कहा-राज्य में फसलों का उत्पादन और उत्पादकता बढ़ी**

## चरणबद्ध रूप से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना करें

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संकल्प सभागार में विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में विभाग के सचिव हिमांशु शर्मा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभाग की आगामी कार्य योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों में चरणबद्ध रूप से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाए, ताकि विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों एवं उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सके। राज्य के विभिन्न जिलों में स्थापित विज्ञान केंद्रों एवं साइंस पार्कों के साथ तकनीकी संस्थानों का समन्वय स्थापित किया जाए। साथ ही विद्यार्थियों को विज्ञान एवं नवाचार के प्रति प्रेरित करने के लिए विशेष कार्यक्रम संचालित किये जायें। अभियंत्रण महाविद्यालयों एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों की उपलब्धियों, अवसंरचना, प्रयोगशालाओं, प्लेसमेंट तथा छात्र-छात्राओं की सफलता पर आधारित उच्च गुणवत्ता वाले वीडियो तैयार कर संस्थानों की विशिष्टताओं को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित किया जाए।

**भरत तिवारी एनकाउंटर मामला**

# एसडीपीओ-एसएचओ और अन्य पुलिसकर्मियों पर हत्या का केस दर्ज

**पटना (एनएसबी)।** भोजपुर के भरत भूषण तिवारी के एनकाउंटर के 7वें दिन बड़ी कार्रवाई हुई है। भरत की मां के आवेदन पर एसडीपीओ, एसएचओ और अन्य पुलिसकर्मियों पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है। भरत तिवारी की मां ने जगदीशपुर एसडीपीओ राजेश कुमार शर्मा और तत्कालीन थानाध्यक्ष राजेश कुमार मालाकार समेत अन्य पुलिसकर्मियों पर सरेंडर करने के बाद गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया था।

17 जून को भोजपुर पुलिस ने भरत को उस वक्त गोली मारी थी, जब उसने फेसबुक लाइव आकर सरेंडर कर दिया था। यह इस केस में अब तक चौथी प्राथमिकी है। अब तक सम्राट सरकार पुलिसवालों पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज करने से बच रही थी। गौरतलब है कि भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में उसकी मां आशा देवी की ओर से 18 जून को भोजपुर के रढ राज को मुठभेड़ में शामिल कुछ पुलिसकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया था।



एसपी राज को दिए गए आवेदन में आशा देवी ने लिखा था कि 17 जून को सुबह 8 बजे शाहपुर थाना अध्यक्ष के साथ अन्य पुलिसकर्मी, जगदीशपुर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम मेरे घर आई। टीम ने भरत तिवारी से कहा कि जहां जवइनियां गांव के बाढ़ विस्थापित रह रहे हैं, वहां हम लोगों के साथ चलो और बताओ कि वहां उन लोगों की क्या समस्या है, उनकी क्या मांग है।आवेदन में आशा देवी ने यह भी कहा था कि जवइनियां गांव के बाढ़ प्रभावितों के पास पहुंचने पर फेसबुक पर लाइव हुआ और अपनी मांगों को बताने के बाद हथियार जमीन पर फेंककर खुद को सरेंडर कर दिया था। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने मेरे बेटे को घेर लिया।

### बेऊर जेल के अधीक्षक नीरज कुमार झा निलंबित

**पटना (एनएसबी)।** बेऊर जेल के अधीक्षक नीरज कुमार झा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कारा प्रशासन और जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से बीते शनिवार को बेऊर जेल में छापेमारी की थी। दरअसल नीरज कुमार झा पर जेल के अंदर संगठित गिरोह चलाने का आरोप लगा था। इसके बाद यह छापेमारी हुई थी। अब सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है कि जेल सुप्रिटेंडेंट को सस्पेंड कर दिया गया है।


आरोप के मुताबिक, जेल में बंदियों से सुविधा के नाम पर रुपए लिए जा रहे थे। जिन बंदियों की ओर से रुपए नहीं दिए जाते थे, उन्हें सेल में डाल दिया जाता था। अवैध तरीके से निजी मेस चलाया जा रहा था। 500 रुपए में 800 मिली लीटर सरसों तेल, 200 रुपए किलो सब्जी बेची जा रही थी। कई अनियमितताएं सामने आई थीं। इसके बाद जिला प्रशासन और जेल प्रशासन ने संयुक्त रूप से छापेमारी की थी।

# सूबे में कक्षा छह से आठ तक शिक्षकों की नई व्यवस्था लागू

## बढ़ाई जाएगी शिक्षकों की संख्या, विषयवार शिक्षकों की नियुक्ति का तय मानक

**पटना (एनएसबी)।** बिहार के प्रारंभिक विद्यालयों में कक्षा 6 से 8 तक शिक्षकों की उपलब्धता को लेकर नई व्यवस्था लागू की गई है। शिक्षा विभाग ने उच्च प्राथमिक कक्षाओं के लिए शिक्षकों की संख्या और विषयवार आवश्यकता का नया मानक निर्धारित किया है। इसके तहत अब प्रत्येक कक्षा के लिए कम से कम एक शिक्षक की अनिवार्यता होगी, जबकि विषयों के अनुसार अलग-अलग शिक्षकों की व्यवस्था की जाएगी।

शिक्षा विभाग के प्राथमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी निर्देश के अनुसार, कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान एवं गणित, सामाजिक अध्ययन और भाषा विषयों के लिए अलग-अलग शिक्षक उपलब्ध कराए जाएंगे। विभाग ने यह कदम शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई एक्ट), 2009, और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020, के



प्रावधानों के तहत उठाया है।

**हर क्लास में कम से कम एक टीचर तय :** नए शिक्षक निर्धारण मानक के अनुसार, प्रत्येक कक्षा में न्यूनतम एक शिक्षक की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा छात्र संख्या बढ़ने पर अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति का प्रावधान किया गया है। यदि किसी विद्यालय में 105 से 140 छात्र होंगे तो वहां एक अतिरिक्त अंग्रेजी शिक्षक की नियुक्ति की जाएगी। वहीं, 140 से 175 छात्र संख्या वाले विद्यालयों में एक और अतिरिक्त शिक्षक उपलब्ध कराया जाएगा। यह अतिरिक्त शिक्षक छात्रों की आवश्यकता के अनुसार संस्कृत या उर्दू विषय का होगा। यदि किसी विद्यालय में छात्र संख्या 175 से अधिक होती है तो आवश्यकता के अनुसार और शिक्षकों की व्यवस्था की जाएगी।

### क्लास के हिसाब से दो यूनिट

शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि कक्षा 1 से 5 और कक्षा 6 से 8 को शिक्षक निर्धारण के लिए अलग-अलग शैक्षणिक इकाई माना जाएगा। हालांकि, प्रशासनिक व्यवस्था के तहत कक्षा 1 से 8 तक के प्रारंभिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक का पद एक ही रहेगा।

# सुरक्षित और समावेशी दुनिया के लिए ब्रिक्स की भूमिका महत्वपूर्ण : पीएम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों से मुलाकात पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में समूह की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी अपने संदेश में कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में ब्रिक्स देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद, साइबर सुरक्षा और उभरती प्रौद्योगिकियों जैसी साझा चुनौतियों से निपटने में ब्रिक्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की अध्यक्षता के दौरान व्यावहारिक सहयोग को आगे बढ़ाने, वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं को समर्थन देने तथा अधिक सुरक्षित, समावेशी और संतुलित विश्व व्यवस्था के निर्माण की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में सदस्य देशों के बीच संवाद और समन्वय को बढ़ाना समय की आवश्यकता है। सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर सहयोग को मजबूत बनाकर साझा चुनौतियों का प्रभावी समाधान निकाला जा सकता है।

### बेतिया में पिता ने तीन मासूम बच्चों को नहर में फेंका, तीनों की मौत

**बेतिया (एनएसबी)।** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के कुमारबाग थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां पारिवारिक विवाद के बाद एक पिता ने अपनी पत्नी और तीन मासूम बच्चों को नहर में फेंक दिया। इस दर्दनाक घटना में पत्नी किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रही, लेकिन तीनों बच्चों की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार, कुमारबाग थाना क्षेत्र के भंगहा गांव निवासी रामबाबू यादव की पत्नी ललिता देवी ने करीब पांच महीने पहले एक बेटी को जन्म दिया था। आरोप है कि रामबाबू अपनी पत्नी को लंबे समय से प्रताड़ित करता था और अक्सर उसके साथ मारपीट करता था। मंगलवार की सुबह भी पति-पत्नी के बीच भी किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद के बाद नाराज ललिता देवी ने मायके जाने की बात कही, जिससे रामबाबू और अधिक आक्रोशित हो गया।

# सिंगर अल्का याग्निक, अभिनेता ममूटी और विजय अमृतराज को पद्म भूषण

## क्रिकेटर रोहित शर्मा को पद्मश्री, 65 हस्तियों को मिले पद्म अवॉर्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में दूसरे चरण के पद्म पुरस्कार दे रही हैं। इस समारोह में देश की 65 हस्तियां सम्मानित हो रही हैं। समारोह में पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज केटी थॉमस को जनसेवा और मलयालम पत्रकार पी नारायणन को साहित्य के क्षेत्र में योगदान के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

इनके अलावा सिंगर अलका याग्निक, एक्टर ममूटी, अमेरिका में कार्यरत प्रख्यात ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. दत्तात्रेयुडु नोरी और भारतीय टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज भी शामिल रहे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खेल के क्षेत्र में व्लादिमीर मेस्तविरीश्विली (मरणोपरांत) को पद्मश्री से सम्मानित किया।वे फ्रीस्टाइल रेसलिंग के दिग्गज कोच थे और उन्होंने ग्लोबल रेसलिंग



कम्युनिटी पर अपनी गहरी छाप छोड़ी। उन्होंने भारतीय रेसलिंग टीम के कोच के तौर पर काम किया। उन्होंने सुशील कुमार, योगेश्वर दत्त और बजरंग पुनिया जैसे ओलंपिक मेडल जीतने वाले



खिलाड़ियों को गाइड किया और भारत को रेसलिंग में ग्लोबल पावरहाउस बनाने में मदद की। पद्मश्री प्राप्त करने वाली हॉकी खिलाड़ी सविता पूनिया भारतीय महिला राष्ट्रीय हॉकी टीम की पूर्व कप्तान, मौजूदा गोलकीपर हैं। इन्हें भारतीय महिला हॉकी की 'द ग्रेट वॉल' के नाम से जाना जाता है। लगातार तीन बार [illegible] गोलकीपर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। वे कई पीढ़ियों की महिला खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा हैं। राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में 2 पद्म विभूषण, 7 पद्म भूषण और 56 पद्मश्री अवॉर्ड दिए गए। इस साल कुछ पुरस्कार संयुक्त रूप से भी दिए गए हैं। 2026 में कुल 131 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों के लिए चुना गया। इससे पहले 25 को पहले फेज में महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत, एक्टर धर्मेंद्र समेत 66 हस्तियों को सम्मानित किया गया था।

## वित्त एवं कारपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण से मिला चैम्बर का प्रतिनिधिमंडल

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष पी के अग्रवाल के नेतृत्व में वित्त एवं कारपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण से नई दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन (सचिवालय) में उनके कार्यालय कक्ष में मिला।

चैम्बर अध्यक्ष पी के अग्रवाल ने बताया कि मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल के साथ बिहार के उद्योग एवं व्यापार के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली और राज्य के औद्योगिक विकास पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य में औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने हेतु हर सम्भव सहयोग एवं मार्गदर्शन देने का आश्वासन दिया।

अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर मंत्री से चैम्बर का चल रहा शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में पधारने का आग्रह किया गया। साथ ही शताब्दी वर्ष में सिक्का जारी करने का भी आग्रह किया गया। मंत्री ने चैम्बर के आमंत्रण पर विचार करने का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष एन के ठाकुर, महामंत्री मुकेश कुमार जैन, पूर्व अध्यक्ष सुभाष पटवारी एवं कार्यकारिणी सदस्य अरुण कुमार एवं सुमित कुमार थे।

## तेजप्रताप ने पीए पर दर्ज कराया चोरी का मामला

**पटना/ एनएसबी।** राजद सुप्रीमो लालू यादव के बेटे और जेजेडी अध्यक्ष तेजप्रताप यादव ने अपने ही निजी सहायक मोतिलाल पर चोरी का आरोप लगाया है। इसे लेकर उन्होंने सचिवालय थाना में मोतिलाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

इधर मोतिलाल की पत्नी प्रीति भारती ने आरोप लगाया है कि मेरे पति सोमवार की रात 8 बजे तक तेजप्रताप यादव के साथ ही थे। उन्होंने तेजप्रताप यादव के फोन से ही वीडियो कॉल किया था। मेरे पति को फंसाया जा रहा है। मुझे तक आशंका है कि मेरे पति अब हैं भी या नहीं हैं।

मोतिलाल की जगह अब तेजप्रताप ने मिशाल सिन्हा को फिर से अपने पीए बनाया है। जुलाई 2025 में जब तेज प्रताप यादव का अनुष्का के साथ फोटो वायरल हुआ था तब तेज प्रताप यादव ने अपने निजी सचिव मिशाल सिन्हा को निलंबित कर दिया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि मिशाल सिन्हा ने मेरे खिलाफ साजिश की है, जिसके अडियो, वीडियो और अन्य दस्तावेज मेरे पास हैं।

सचिवालय पुलिस को दिए गए आवेदन में तेजप्रताप ने लिखा है कि मैं, तेज प्रताप यादव, पिता लालू प्रसाद यादव, निवासी 42, हार्डिंग रोड, पटना, आपको सूचित करना चाहता हूं कि वैशाली के रहने वाले मेरे निजी सहायक मोतीलाल ने मेरे आवास से नकद राशि और अन्य मूल्यवान सामान चोरी की है। 22/ 06/ 2026 को मेरे घर में रखी अलमारी से लगभग बीस लाख रुपए नकद, जो मेरी पार्टी फंड की राशि थी, 2 तोला सोने की चेन, 1 सोने की अंगूठी, सोनी की 4 पेन ड्राइव, 2 हार्ड डिस्क, 1 आईपैड, 1 मैकबुक लैपटप, 1 लैपटप और 4 आईफोन 17 मोबाइल फोन चोरी हो गए हैं।

22 जून की रात 11: 30 बजे मेरे ड्राइवर अनिल यादव तथा मेरे साथ रहने वाले विशाल ने मोतीलाल राय को एक बैग लेकर मेरे आवास की बाउंड्री फांदकर भागते हुए देखा। दोनों व्यक्ति इस घटना के प्रत्यक्षदर्शी गवाह हैं कि चोरी मोतीलाल राय ने की है। पुलिस मौके पर पहुंची और तफ्तीश कर रही है।

### सहायक की पत्नी बोली- साजिश, पति जिंदा भी हैं या नहीं

इस बीच मोतिलाल की पत्नी प्रीति भारती का कहना है कि 4 दिनों से मेरे पति तेजप्रताप यादव के आवास पर ही रह रहे थे। मैं उनको बार बार फोन कर रही थी, लेकिन उनका फोन नहीं लग रहा था।

सोमवार की रात उन्होंने 8 बजे तेजप्रताप के नंबर से फोन किया। मैंने उनसे पूछा कि आपका फोन कहां है तो उन्होंने कहा कि भइया (तेजप्रताप) के पास है। इतने में तेजप्रताप यादव ने कहा कि हम दोनों के पीछे कई लोग लगे हुए हैं। इतने में मैंने अपने पति मोतिलाल से कहा कि आप जल्दी घर आइए और आज के बाद वहां (तेजप्रताप के आवास) तब ही जाइएगा जब सब केस खत्म हो जाए। प्रीति भारती का कहना है कि मेरी और मोतिलाल की बात तेजप्रताप भी सुन रहे थे। उन्हें लग गया कि मोतिलाल अब मेरे आवास पर नहीं आएगा तो उन्होंने ये साजिश रची है।

## ज्ञान भवन में होने वाले आपातकाल स्मृति दिवस को लेकर बैठक आयोजित

**पटना सिटी (दैनिक नवसंदेश)।** पटना सिटी स्थित खाजेकला सामुदायिक भवन में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर भाजपा पटना महानगर के जिलाध्यक्ष रूप नारायण मेहता अध्यक्षता में पटना साहिब विधानसभा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से 25 जून को ज्ञान भवन, पटना में आयोजित होने वाले आपातकाल स्मृति दिवस कार्यक्रम की तैयारियों एवं संगठनात्मक व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा, कार्यकर्ताओं की सहभागिता, जनसंपर्क एवं विभिन्न जिम्मेदारियों के सफल निर्वहन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री प्रभाकर मिश्रा, प्रो दिनेश पटेल, सुरेश सिंह, किरण शंकर सहित बड़ी संख्या में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबरें खास-खास

## नीतीश मॉडल का परिणाम, उद्योगों की स्थापना से रोजगार सृजन को मिल रहा बल : जद (यू)

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जद (यू) प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम एवं प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार ने जारी बयान में कहा कि हाजीपुर में लगभग 17 करोड़ 25 लाख रुपये के निवेश से अत्याधुनिक खाद्य प्रसंस्करण इकाई की स्थापना को मिली स्वीकृति बिहार में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह परियोजना न केवल लगभग 200 युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराएगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर कृषि एवं खाद्य आधारित अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती प्रदान करेगी।



यह उपलब्धि नीतीश कुमार द्वारा पिछले दो दशक में अपनाई गई दूरदर्शी औद्योगिक एवं निवेश प्रोत्साहन नीतियों का प्रत्यक्ष परिणाम है। बिहार में उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने, आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाने, औद्योगिक क्षेत्रों का विस्तार करने तथा निवेशकों को पारदर्शी एवं सरल प्रक्रियाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार किए गए प्रयासों का ही यह सकारात्मक परिणाम है।

नीतीश कुमार की तत्कालीन सरकार ने बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति, औद्योगिक क्षेत्र विकास, तथा उद्यमियों के लिए सिंगल विंडो व्यवस्था जैसे अनेक सुधारात्मक कदम उठाए। इन्हीं नीतिगत पहलों के कारण आज राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर के निवेशक बिहार में उद्योग स्थापित करने के लिए आगे आ रहे हैं। गोरौल में स्थापित होने वाली यह खाद्य प्रसंस्करण इकाई इस विश्वास का प्रमाण है कि बिहार अब केवल उपभोक्ता राज्य नहीं, बल्कि विनिर्माण और मूल्य संवर्धन का उभरता हुआ केंद्र बन रहा है। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने की माननीय नीतीश कुमार की सोच का उद्देश्य किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना, स्थानीय उत्पादों का मूल्य संवर्धन करना तथा ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करना रहा है।

उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार में आने वाले समय में बिहार के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में इसी प्रकार की और परियोजनाएं स्थापित होंगी, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी और आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण का संकल्प और मजबूत होगा।

## राज्य के निजी एवं सरकारी अस्पतालों में भी होगा व्यापक अग्नि सुरक्षा ऑडिट : स्वास्थ्य मंत्री

### जांच अधिकारियों को प्रशिक्षित करेगा बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

**पटना / एनएसबी।** बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सभागार में स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार का आगमन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा़ उदयकांत ने की। इस अवसर पर प्राधिकरण के सदस्य पी़एऩ राय, कौशल किशोर मिश्रा, नरेंद्र कुमार सिंह एवं शंभू दत्त झा, स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि, प्राधिकरण के सचिव मो़ वारिस खान, ओएसडी मो़ मोइजउद्दीन सहित प्राधिकरण एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।



स्वास्थ्य मंत्री
निशांत कुमार

बैठक के दौरान अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा, आपदा जोखिम न्यूनीकरण, आपातकालीन निकासी व्यवस्था, फायर रिस्पांस प्लान, विद्युत सुरक्षा, प्रिवेंटिव मेंटेनेंस तथा पुराने अस्पताल भवनों में आवश्यक रेट्रोफिटिंग जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेष रूप से अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं की रोकथाम तथा रोगियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी तंत्र विकसित करने पर बल दिया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि राज्य के सभी निजी एवं सरकारी अस्पतालों में चरणबद्ध तरीके से फायर ऑडिट कराया जाएगा। इसके लिए जिला स्तर पर एक संयुक्त टीम गठित की जाएगी, जिसमें अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला अग्निशमन पदाधिकारी (फायर अफिसर) तथा बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का एक नामित पदाधिकारी शामिल होगा। यह टीम अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा मानकों, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था, आपातकालीन निकासी मार्ग, अग्निशमन उपकरणों, स्मोक डिटेक्शन सिस्टम, स्प्रिंकलर व्यवस्था एवं फायर रिस्पांस प्लान सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं का निरीक्षण कर विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करेगी।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राज्य के सभी जिलों के संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान अस्पतालों में फायर अडिट के लिए निर्धारित विभिन्न तकनीकी एवं व्यवहारिक मानकों की जानकारी दी जाएगी तथा यह बताया जाएगा कि किन-किन बिंदुओं की जांच कर अस्पतालों को संभावित अगि दुर्घटनाओं से सुरक्षित बनाया जा सकता है।

स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने कहा कि सरकारी अस्पतालों के साथ साथ निजी अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि आपदा प्रबंधन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन सेवा, नगर विकास एवं आवास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों से राज्य के सभी अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए।

उपाध्यक्ष डा. उदयकांत ने कहा कि बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण राज्य में शून्य जनहानि के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रहा है। अस्पतालों में नियमित फायर अडिट, प्रशिक्षण, प्रिवेंटिव मेंटेनेंस तथा फायर रिस्पांस प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन से अगिकांड की घटनाओं एवं उससे होने वाली क्षति को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

## खबरें : एक नजर में

### बेगूसराय में हुए सामूहिक दुष्कर्म की जांच के लिए राजद 10 सदस्यीय जांच समिति का गठन

**पटना/ एनएसबी।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने बेगूसराय जिला के चकिया थानान्तर्गत ग्राम सिमरियाघाट बिंदटोली में दिनांक 11 जून, 2026 को रात्रि में एक महिला के साथ हुई सामूहिक बलात्कार की घटना के संबंध में चकिया थाना काण्ड संख्या 56/26 के अनुसार वीभत्स और समाज को शर्मसार कर देने वाली घटना जिस महिला के साथ घटी है, वह अतिपिछड़ा समाज से आती है। पीड़ादायक एवं घृणित सामूहिक बलात्कार के साथ पीड़ित महिला के गुप्तांग (प्राईवेट पार्ट) में गोली एवं अन्य अवांछनीय पदार्थ डाल दिये गये थे।



एजाज अहमद।

घटना की जानकारी प्राप्त करने हेतु एक जांच कमिटी पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता के अध्यक्षता में 10 सदस्यीय जांच कमिटी गठित की गई जिसमें अरविन्द कुमार सहनी, अध्यक्ष, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ, राजद, सदस्य , मुकुंद सिंह, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी, राजद, सदस्य, अनीता भारती, प्रदेश अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ, राजद, सदस्य, पिंकी भारती, प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ, राजद,सदस्य , पूजा शेखर यादव, प्रदेश प्रवक्ता, महिला प्रकोष्ठ, राजद, सदस्य, रेणू सहनी, प्रदेश उपाध्यक्ष, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ, राजद, ,सदस्य, गुड़िया यादव, जिला महासचिव, पटना जिला ,सदस्य , कुमार रूपेश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष, युवा राजद, सदस्य, मोहित यादव, जिलाध्यक्ष, बेगूसराय जिला राजद ,सदस्य बनाए गए हैं।

### 70वीं बीपीएससी परीक्षा में 87 अभ्यर्थियों को मिली सफलता

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, बिहार सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत लाभान्वित अभ्यर्थियों ने 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इस परीक्षा में योजना से लाभान्वित "87 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन" हुआ है। इनमें "09 अभ्यर्थी बिहार प्रशासनिक सेवा" तथा "02 अभ्यर्थी बिहार पुलिस सेवा के लिए चयनित हुए हैं। 70वीं बीपीएससी परीक्षा के लिए विभाग द्वारा अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा की तैयारी हेतु 50,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई थी।

## सुरक्षा कोई उपकार नहीं, लालू परिवार उसका हकदार है, एनडीए ने अतिपिछड़ा समाज के नेतृत्व को समाप्त कर दिया : मंगनी लाल मंडल

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का बयान जो लालू पर दिया गया है वो पूरी तरह से सुनियोजित, अनर्गल, अनुचित और किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल के अलावा राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, अरुण कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा एवं आरजू खान संवाददाता सम्मेलन में मौजूद थे।

प्रदेश अध्यक्ष मंडल ने राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का व्यक्तित्व सामाजिक न्याय के योद्धा के रूप में महानायक की छवि रही है। मुख्यमंत्री ने जिस तरह की भाषा इस्तेमाल की है ये अपरिपक्व और अमर्यादित टिप्पणी है, जो निन्दनीय है। जबकि बिहार की जनता की नजर में लालू प्रसाद आज भी योद्धा और नायक के रूप में लोगों के विश्वास के प्रतीक है। लालू प्रसाद सताये हुए गरीबों, वंचितों के विश्वास और सम्मान के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए हैं। लालू के संबंध में सम्राट चौधरी ने जो बातें कही है उससे से सभी को पीड़ा हुई है। जहां तक सुरक्षा व्यवस्था का सवाल है सभी को पता है 15 दिनों से अधिक समय से पार्टी के नेता और कार्यकर्ता 10 सर्कुलर रोड सहित हर जगह अपने नेता के सुरक्षा और व्यवस्था का ख्याल रख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। राबड़ी देवी बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री के साथ-साथ नेता प्रतिपक्ष बिहार विधान परिषद है और तेजस्वी प्रसाद यादव विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। और जो सुरक्षा मिली हुई है वह उनके पद और सुरक्षा मानक के अनुसार मिले हुए हैं। सुरक्षा कोई मेहरबानी या भीख नहीं है। लालू के परिवार को सरकार के उपकार से नही बल्कि उसके वो हकदार हैं। झूठ बोलकर सच्चाई को दबाया नहीं जा सकता।





संवाददाता सम्मेलन में बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल के अलावा राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, अरुण कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा एवं आरजू खान मौजूद रहे।

राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा ने कहा कि हम लोग खलनायक को भी खलनायक नहीं कहते हैं। जबकि लालू प्रसाद तो लोगों के दिलों के नायक हैं और आमजन के बीच जननायक और महानायक के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए हैं।

उन्होंने कहा कि लॉ एंड ऑर्डर का मतलब क्या होता है मुख्यमंत्री जी बताएं। सिर्फ बयान देने से कुछ नहीं होगा। बिहार में स्थिति यह है कि बेगूसराय, चंपारण, समस्तीपुर और अन्य जिलों में महिलाओं के साथ बलात्कार और हत्या की घटनाएं लगातार हो रही है लेकिन आपको इस पर कुछ नहीं बोलना है। आप सुरक्षा, आवास के मुद्दे पर जनता के बीच बरगलाने वाली बातें करते हैं लेकिन अपराध रोकने की दिशा में कोई काम नहीं कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री का काफिला राजा - महाराजा वाला होता है। राष्ट्रीय जनता दल अपने संकल्पों के साथ बिहार की जनता के साथ है। सदन में भले हमारी संख्या कम हो लेकिन हम सड़क पर आपके खिलाफ खड़े हो गए तो आप उसका मुकाबला नहीं कर पाएंगे। बिहार में वेतन और पेंशन सही समय पर नहीं मिल रहे हैं इसके लिए उन्होंने बताया कि स्वयं हमारे पिता को ही 3 महीना से पेंशन की राशि नहीं मिली हैं । यह बड़ा सवाल है लेकिन इस पर मुख्यमंत्री को जवाब नहीं देना है।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता ने सम्राट चौधरी के बयान की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री आप ऐसी भाषा बोलकर अपनी बिरादरी को ही बदनाम नहीं करें, हमारी बिरादरी ऐसी भाषा को पसंद नहीं करती है।

उनके इतिहास को पत्रकारों ने ही सबके सामने लाने का काम किया है। शहीद जगदेव प्रसाद के बाद मानसिक और वैचारिक रूप से समाज को लालू ने आधार दी है। मुख्यमंत्री को सुरक्षा के मामले पर जब ऐसी भाषा बोलते हैं तो उन्हें स्वयं घोषणा करना चाहिए कि वह स्वयं भी अपनी सुरक्षा व्यवस्था हटवा लें दूसरे पर बयान बाजी ना करें।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव हरेंद्र कुमार कुशवाहा, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के उपेंद्र चंद्रवंशी भी उपस्थित थे।

## एलएमवी ड्राइविंग लाइसेंस के लिए मान्यता प्राप्त ड्राइविंग प्रशिक्षण संस्थान का प्रमाणपत्र होगा अनिवार्य

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** लाइट मोटर व्हीकल (एलएमवी) ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए आवेदकों को राज्य में निबंधित ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल से प्रशिक्षण प्राप्त करने का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके लिए बिहार मोटरगाड़ी नियमावली में संशोधन किया जाएगा। इस व्यवस्था का उद्देश्य नए वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों एवं सुरक्षित ड्राइविंग व्यवहार के प्रति बेहतर ढंग से प्रशिक्षित करना है। यह निर्णय मंगलवार को बिहार सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में लिया गया। परिवहन विभाग मंत्री दामोदर रावत की अध्यक्षता में मुख्य सचिवालय स्थित सभाकक्ष में बिहार सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिवहन विभाग, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, गृह विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के नोडल पदाधिकारियों सहित सड़क सुरक्षा परिषद से जुड़े सभी प्रमुख स्टेकहोल्डर्स ने भाग लिया।

बैठक में सड़क सुरक्षा को और अधिक प्रभावी एवं सुढ़ बनाने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण एजेंडों पर विचार-विमर्श किया गया तथा कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में परिवहन सचिव श्री राज कुमार, एडीजी मुख्यालय श्री सुधांशु कुमार, बीएसआरटीसी प्रशासक अतुल कुमार वर्मा, अपर सचिव श्री प्रवीण कुमार, उप सचिव श्रीमती अरुणा कुमारी आदि उपस्थित थे। वर्तमान में बिहार में लगभग 41 निबंधित ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल संचालित हैं जहां प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा आधुनिक मानकों के अनुरूप ड्राइविंग प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## पीएमसीएच का निरीक्षण करने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री, प्रिंसिपल पर भड़के, कहा- कॉल किया, कोई रिस्पान्स नहीं मिला

### मरीजों ने कहा- यहां एक्सरे का लिया जा रहा डेढ़ हजार

**पटना / एनएसबी।** स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार मंगलवार को पीएमसीएच का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। जानकारी मिलते ही अस्पताल में अफरातफरी मच गया। डॉक्टर और नर्स मरीजों के स्ट्रेचर को हटाते हुए यह कह रहे थे कि मंत्री आ रहे हैं, जल्दी हटाओ।

मंत्री निशांत कुमार के पहुंचते ही केंद्रीय आपात कक्ष के कैरिडोर पूरी तरह से खाली करा दिया गया। गैलरी में स्ट्रैचर पर कई मरीज लेटे हुए थे।

निरीक्षण के दौरान पटना मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डा. नरेंद्र प्रताप सिंह अनुपस्थित मिले। मीटिंग के लिए निशांत कुमार ने प्रिंसिपल को कॉल किया था, लेकिन कोई रिस्पान्स नहीं मिला। इस पर निशांत कुमार ने आक्रोश जताया। साथ ही अस्पताल में सामने आईं कई खामियां पर भी स्वास्थ्य मंत्री ने नाराजगी जाहिर की।



स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार मंगलवार को पीएमसीएच का औचक निरीक्षण करने पहुंचे।

स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि प्रिंसिपल फोन भी नहीं उठ रहे हैं और उन्होंने अपने स्थान पर किसी अन्य अधिकारी को तैनात भी नहीं किया। निशांत ने कहा, मामले में गंभीर लापरवाही दिख रही है और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान आपात कक्ष के बाहर निशांत कुमार से मरीजों और उनके परिजनों ने कहा, एक्सरे का 1500 रुपया लिया गया है। अस्पताल में हर चीज के लिए दलाल पैसा ले रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि निरीक्षण में कई गड़बड़ियां सामने आई हैं, जिनकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि भी मौजूद रहे। इसके बाद अस्पताल के अधीक्षक प्रो. (डा.) राजीव कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारियों के साथ अस्पताल की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।


मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने पीएमसीएच के नए अत्याधुनिक रेडियोलजी विभाग का उद्घाटन किया।

रेडियोलजी विभाग अस्पताल के टावर-दो के पहले तल्ले पर स्थापित किया गया है, जहां अब मरीजों को अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, सीटी स्कैन और एमआरआई जैसी प्रमुख जांच सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी।

## गिग वर्कर्स के लिए निर्मित एसी लाउंज का मंत्री ने किया निरीक्षण

### गिग वर्कर्स से संवाद कर सुनी उनकी बातें

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** नीतीश मिश्रा , मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग ने पटना में गिग वर्कर्स के लिए गांधी मैदान गेट नंबर- 4 के समीप एवं आयकर गोलंबर के समीप निर्मित अत्याधुनिक एयर-कंडीशंड (एसी) लाउंज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लाउंज में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया तथा इसके सुचारु संचालन एवं रखरखाव के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर परमंत्री ने कहा बदलती शहरी अर्थव्यवस्था में गिग वर्कर्स की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। खाद्य सामग्री, आवश्यक वस्तुओं एवं विभिन्न सेवाओं की त्वरित डिलीवरी सुनिश्चित करने में इनकी महत्वपूर्ण भागीदारी है। ऐसे कर्मियों के लिए बेहतर कार्य परिवेश एवं आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। यह श्रमिक कल्याण एवं समावेशी शहरी विकास की दिशा में बिहार सरकार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि पटना देश का तीसरा शहर है, जहाँ गिग वर्कर्स के लिए विशेष रूप से एसी लाउंज की व्यवस्था की गई है। यह सुविधा स्विगी, जोमैटो एवं अन्य डिजिटल प्लेटफार्म्स से जुड़े डिलीवरी पार्टनर्स तथा गिग वर्कर्स को ध्यान में रखते हुए विकसित की गई है, जो दिनभर विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएँ प्रदान करते हैं। लाउंज में गिग वर्कर्स के लिए आरामदायक बैठने की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, स्वच्छ वातावरण तथा विश्राम की अन्य आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। इससे उन्हें भीषण गर्मी, वर्षा एवं अन्य प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों के दौरान राहत मिलेगी तथा वे अपने कार्य के बीच विश्राम कर सकेंगे। प्रत्येक लाउंज में एक समय में लगभग 15 गिग वर्कर्स के बैठने की क्षमता है। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने स्विगी, जोमैटो एवं अन्य डिजिटल प्लेटफर्म्स से जुड़े गिग वर्कर्स के साथ संवाद भी किया। उन्होंने गिग वर्कर्स से उनके कार्य अनुभव, दैनिक चुनौतियों तथा आवश्यक सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की ।



नीतीश मिश्रा , मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग ने पटना में गिग वर्कर्स के लिए गांधी मैदान गेट नंबर- 4 के समीप एवं आयकर गोलंबर के समीप निर्मित अत्याधुनिक एयर-कंडीशंड (एसी) लाउंज का निरीक्षण किया।

## पाठ्यक्रम में शामिल हो लघुकथाएं : डा. ध्रुव

### प्रो. अनीता राकेश सहित तीन लघुकथाकार अखिल भारतीय लघुकथा अधिवेशन भोपाल में सम्मानित

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच की उपाध्यक्ष एवं जेपी विश्वविद्यालय छपरा की पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो अनीता राकेश को भोपाल स्थित हिंदी भवन में आचार्य जगदीश चंद्र मिश्र आलोचना सम्मान से सम्मानित किया गया।

लघुकथा शोध केंद्र समिति भोपाल के तत्वावधान में अखिल भारतीय लघुकथा अधिवेशन एवं शोध गोष्ठी के अवसर पर पटना के लघुकथा शोध छात्र डा प्रिंस कुमार को डा उपासना सक्सेना लघुकथा शोध प्रेरणा सम्मान एवं मिन्नी मिश्रा को भी लघुकथा-श्री कृति सम्मान प्रदान किया गया। सभी को सम्मान-पत्र, प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मिन्नी मिश्रा के लघुकथा संग्रह उजाले की ओर का लोकार्पण भी हुआ।





मिन्नी मिश्रा के लघुकथा संग्रह उजाले की ओर का लोकार्पण भी हुआ।

देश भर से आए लघुकथाकारों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच के महासचिव डा. ध्रुव कुमार ने कहा कि विद्यालय और विश्वविद्यालय साहित्य पाठ्यक्रमों में लघुकथाओं को शामिल किए जाने की आवश्यकता है।

अध्यक्षता मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी के पूर्व निदेशक डा. उमेश कुमार सिंह ने की।

इस अवसर वरिष्ठ साहित्यकार डा. देवेन्द्र दीपक, मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी की निदेशक नुसरत मेहदी, लघुकथा शोध केंद्र समिति की निदेशक कांता राय, भारतीय जन संचार संस्थान के पूर्व महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी, वीणा के संपादक राकेश शर्मा, श्रीमति संतोष श्रीवास्तव, ज्योति जैन, डा. मिथिलेश दीक्षित, मालती बसंत, डा. योगेंद्र नाथ शुक्ल, डा. मोहम्मद आजम, मीरा जैन, कोमल बाधवानी, सरिता वघेला, घनश्याम मैथिल अमृत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का समापन देश भर से आए लघुकथाकारों के लघुकथा- पाठ से हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### मोहर्रम को लेकर सदर थाना में शांति समिति की हुई बैठक

**दरभंगा सदर (एनएसबी)।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु मंगलवार को सदर थाना परिसर मे प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष राकेश कुमार के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आहूत की गई । इस दौरान सदर के विभिन्न पंचायत के जनप्रतिनिधि,गणमान्य लोग और पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए। थानाध्यक्ष ने सभी से अपील की कि मोहर्रम के दौरान सौहार्द और भाईचारा बनाए रखें। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। जुलूस के रूट और समय को लेकर भी चर्चा की गई। प्रशिक्षु डीएसपी ने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।



### रेलवे ट्रैक पर मालगाड़ी की ठोकर से युवक की मौत

**बहादुरपुर (एनएसबी)।** लहेरियासराय चट्टी गुमती के कुछ दूरी पर 40 वर्षीय एक अधेड़ व्यक्ति की मालगाड़ी ट्रेन के चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही लहेरियासराय स्टेशन के जीआरपी पुलिस एवं आरपीएफ की टीम पहुंच कर शव को एकत्रित करते हुए पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेजा गया। वही पहचान के लिए 72 घंटा शिनाख्त के लिए डीएमसीएच अंतिम परीक्षण गृह में रखा जाएगा। वहीं प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार बताया गया कि लगभग संध्या 5 बजे युवक मोबाइल फोन से बात करते हुए रेलवे ट्रैक पर जा रहा था। इसी दौरान लहरियासराय स्टेशन से दरभंगा की ओर जा रही मालगाड़ी ट्रेन से टकरा गया। जिससे युवक की सिर धर से अलग होकर मौके पर ही मौत हो गया।

### बेनीपुर अनुमंडल विस्तार और संस्कृत पढ़ाई को लेकर सीएम से मिले विधायक

**बेनीपुर (एनएसबी)।** बेनीपुर विधायक प्रो. विनय कुमार चौधरी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर तीन सूत्री ज्ञापन सौंपा। विधायक ने बेनीपुर अनुमंडल का प्रशासनिक व न्यायिक क्षेत्र बढ़ाने, नवसृजित डिग्री कॉलेज में संस्कृत की पढ़ाई शुरू करने और हरिपुर गांव के 50 से अधिक महादलित भूमिहीन परिवारों को बासगीत भूमि देने की मांग की। विधायक ने कहा कि 1992 में बिरौल को अलग अनुमंडल बनाने और हाल में न्यायिक क्षेत्र काटे जाने से बेनीपुर अनुमंडल सिकुड़ गया है। इससे लोगों को 30-40 किमी दूर जाना पड़ता है। वहीं, 201 नए डिग्री कॉलेजों में मैथिली-उर्दू के साथ संस्कृत को भी अनिवार्य करने की मांग की ताकि आदि भाषा का विस्तार हो। मुख्यमंत्री ने सभी मांगों पर गंभीरता से विचार कर जल्द पहल का आश्वासन दिया है।



### डीएम ने बेनीपुर उपकारा का किया निरीक्षण, जर्जर वार्ड को तोड़ने का दिया आदेश

**बेनीपुर (एनएसबी)।** जिलाधिकारी कौशल कुमार ने मंगलवार को बेनीपुर उपकारा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुराने जर्जर वार्ड 1 से 4 और पुराने किचन को तोड़ने के लिए भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को पत्र भेजने का आदेश जेल अधीक्षक वीरेंद्र कुमार राय को दिया।डीएम ने सिविल सर्जन डॉ. अरुण कुमार को प्रत्येक माह कैदियों के स्वास्थ्य जांच के लिए विभिन्न विभागों के डॉक्टर उपलब्ध कराने को कहा। महिला वार्ड में 11 विचाराधीन बंदियों से खान-पान व सुविधाओं की जानकारी ली। वर्तमान में जेल में 243 विचाराधीन कैदी हैं, जिनमें 232 पुरुष व 11 महिला हैं। जेल अस्पताल में डॉ. सलमान रजा और डॉ. छोटू से चिकित्सा संसाधनों की जानकारी ली। वॉच टावर, चाहरदीवारी, पेयजल, शौचालय व प्रकाश व्यवस्था का भी जायजा लिया। निरीक्षण में प्रशिक्षु आईएएस कल्पना रावत, डीसीएलआर अविनाश कुमार सिंह, बीडीओ प्रवीण कुमार, जेल उपाधीक्षक रत्नेश कुमार राय व सहायक अधीक्षक अमितेश कुमार मौजूद थे।



### भरत तिवारी के एनकाउंटर के खिलाफ दरभंगा में निकाला गया मशाल जुलूस

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा राज सर्वे कार्यालय परिसर से संतोष सिंह के नेतृत्व मे मशाल जुलुस निकालकर भरत तिवारी इनकाउंटर का विरोध दर्ज किया गया। संतोष सिंह ने कहा की भरत तिवारी अमर रहे, वे ऐसे व्यक्ति थे जो वर्तमान व्यवस्था को उजागर करते हुए देश के युवाओं को क्रांति की मशाल जला गए। दरभंगा जिला ब्राह्मण फेडरेसन के जिलाध्यक्ष पप्पू चौधरी ने कहा की भरत तिवारी एक ऐसे व्यक्ति थे जो समाज के सभी जाति और धर्मो के लोगो के लिए हमेशा अपनी आवाज को उठाया। वहीँ प्रियंका झा ने कहा की मशाल जुलुस मे सभी उम्र के लोगो ने इंसाफ की लड़ाई मे भाग लेकर फेक इंकाउंटर के दोषियों को सजा दिलाने की मांग किया। इस अवसर पर बिटू कुमार (पार्षद), संतोष सिंह, विकास यादव, सोनू सिंह ,रामसागर पासवान, अभिषेक झा ,गूंजेश झा ,विकी झा ,प्रमोद कर्ण ,मुकेश कर्ण ,शुभम सिंह, अक्षय चौहान, रितिक चौहान, राज मोहन तिवारी, कोमल झा,आशीष मिश्रा संतोष शुभम कुमार, गोविंद कुमार,मुकेश महाराज झा , भाई बबलू,दीपक झा, प्रियंका झा, निरुपम कुमार, कोमल झा,बिट्टू झा पृथ्वी झा, रौशन झा कुणाल पाण्डेय आशीष मिश्रा संतोष शुभम कुमार, गोविंद कुमार, मुकेश महाराज झा , भाई बबलू दीपक झा प्रियंका झा निरुपम कुमार, कोमल झा बिट्टू झा पृथ्वी झा, रौशन झा कुणाल पाण्डेय सहित सैकड़ो युवा मौजूद रहे।



### जिलाधिकारी ने किया किरतपुर एवं गौड़ाबौराम प्रखंड अंतर्गत डिग्री कॉलेज का निरीक्षण

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी कौशल कुमार ने किरतपुर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय, जरसो तथा गौड़ाबौराम प्रखण्ड अन्तर्गत राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय, आसी, निरीक्षण किए। उल्लेखनीय है कि 01 जुलाई से डिग्री कॉलेज का संचालन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने चल रहे कार्यों का जायजा लिया।निरीक्षणोंपरान्त उन्होंने विद्यालय परिसर के भवनों के रंग-रोगन,चाहरदीवारी निर्माण कार्यों का जायजा लिया और संबंधित पदाधिकारी को सभी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि 01 जुलाई से जिला के 8 प्रखंडों में महाविद्यालय में पठन पाठन का कार्य शुभारंभ होगा।जिलाधिकारी ने विद्यालय में डिग्री कॉलेज नाम लिखवाने का निर्देश दिया।

### मारपीट, छिनतई व धमकी मामले में एफआईआर दर्ज

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। सिमरी थाना क्षेत्र के कुमरपट्टी गांव में मारपीट, छिनतई एवं जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश मे आया है। इस मामले में कुमरपट्टी गांव निवासी विश्वास कुमार ने तीन लोगो के खिलाफ सिमरी थाना मे एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर के अनुसार पंद्रह जून की शाम अनिल सिंह के पुत्र मयंक सिंह एवं आयुष सिंह तथा सुरेन्द्र सिंह के पुत्र अभय सिंह ने मिलकर विक्रम सिंह के साथ महादेव मंदिर के समीप मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे विश्वास कुमार के साथ भी मारपीट किया। घटना के दौरान 600 रुपये नकद, स्प्लेंडर बाइक की चाबी तथा एक मोबाइल फोन छीन लिया गया। साथ ही थाना में शिकायत करने पर गोली मारने की धमकी भी दी गई। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि मामले का अनुसंधान किया जा रहा है।

# कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, सत्यनिष्ठा एवं जनसेवा की भावना से अपने दायित्वों का करें निर्वहन

**दरभंगा जिला में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें 230 प्रशिक्षु सिपाहियों का दीक्षांत समारोह-सह-पारण परेड सम्पन्न**

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलान्तर्गत 230 नवादा जिला बल में वर्ष 2025 में नियुक्त हुये कुल 230 प्रशिक्षु सिपाहियों का बुनियादी प्रशिक्षण दरभंगा जिला में माह-जुलाई 2025 से प्रारम्भ किया गया था। उक्त प्रशिक्षुओं का तय मानक के अनुरूप विधिवत प्रशिक्षण सत्र पूर्ण होने के उपरान्त प्राचार्य सह वरीय पुलिस अधीक्षक, दरभंगा के निर्देशन में पुलिस केन्द्र दरभंगा स्थित परेड ग्राउण्ड में दीक्षांत समारोह-सह-पारण परेड सम्पन्न कराया गया। आयोजित समारोह में पुलिस उपमहानिरीक्षक, मिथिला क्षेत्र, दरभंगा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। इस अवसर पर उपस्थित जिला पदाधिकारी दरभंगा, वरीय पुलिस अधीक्षक, दरभंगा, नगर पुलिस अधीक्षक, दरभंगा ,ग्रामीण पुलिस अधीक्षक दरभंगा,सहित सभी वरीय पदाधिकारियों द्वारा प्रशिक्षर्णत सिपाहियों को सबोधित करते हुये उन्हें कर्त्तव्य निर्वहन में उचित मार्गदर्शन देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा पारण परेड का निरीक्षण किया गया तथा प्रशिक्षु सिपाहियों द्वारा प्रदर्शित अनुशासन, समर्पण एवं उत्कृष्ट परेड प्रदर्शन की सराहना की गई। अपने संबोधन में उन्होंने प्रशिक्षु सिपाहियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, सत्यनिष्ठा एवं जनसेवा की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । साथ ही पारण-परेड के दौरान सभी अनुदेशकों सहित बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु सिपाहियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतिनियुक्त अनुदेशको के द्वारा बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं को ड्रील, परेड, सलामी, शस्त्र सबंधित प्रशिक्षण, दंगा नियंत्रण, यातायात प्रबंधन एवं सिपाही पद पर कर्तव्य निर्वहन हेतु सभी आवश्यक गतिविधियों के संबंध में कुशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं अन्तः अनुदेशको द्वारा प्रशिक्षु सिपाहियों को कानून व्यवस्था के संधारण हेतु बुनियादी नियमों एवं कानूनों के संबंध में प्रशिक्षित किया गया है।



प्रशिक्षु सिपाहियों के दीक्षांत समारोह में भाग लेते जिला एवं पुलिस के वरीय पदाधिकारी।

# पटना पूर्णिया 6 लेन एक्सप्रेस वे सड़क का दरभंगा जिले से होगा जुड़ाव: डॉ. गोपाल जी ठाकुर

**सांसद ने कहा पर्यटन तथा व्यापार के लिए गेम चेंजर साबित होगा पटना पूर्णिया एक्सप्रेस वे**

**दरभंगा (एनएसबी)।** पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे बिहार का पहला पूर्ण एक्सप्रेसवे बनेगा जो बिहार के लिए ऐतिहासिक साबित होगा।राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे-9 के रूप में 6 लेन की इस इस सड़क का दरभंगा सहित छह जिलों से सीधा जुड़ाव रहेगा जो आने वाले समय में रोजगार व्यापार तथा पर्यटन के लिए गेम चेंजर साबित होगा। दरभंगा जिले में इस प्रस्तावित सड़क के निर्माण कार्य की औपचारिकताओं को शीघ्र पूरा करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग के बिहार के अधिकारयों को निर्देशित किए गए हैं।स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने एनएचआई के अधिकारियों को दूरभाष से निर्देशित करते हुए कहा है कि हर दृष्टि से इस सड़क की उपयोगिता आने वाले समय में वरदान साबित होनेवाला है इसलिए इस परियोजना से जुड़ी सभी औपचारिकताओं को पूरा किया जाय। ढाई सौ किमी के विशाल कनेक्टिविटी में यह एक्सप्रेस वे पूरी तरह से आधुनिक तकनीक से बनेगा जिसका राजमार्ग -22 से एनएच तक-27 तक सीधा जुड़ाव रहेगा। पटना के साथ साथ वैशाली, पाटलिपुत्र समस्तीपुर दरभंगा तथा सहरसा होकर पूर्णिया तक इसके बन जाने से बंगाल तक व्यापार एवं रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। इस एक्सप्रेस वे में 21 हाई लेबल तथा 140 छोटे पुल बनेंगे एवं यह एक्सप्रेस वे 11 रेलवे ओवरब्रिज 21 इंटरचेंज से होकर गुजरेगा जिसमें स्थानीय स्तर पर आवागमन के लिए 322 अंडरपास बनेंगे।

6 जिलों,29 प्रखंड ढाई सौ से अधिक गांव से इस एक्सप्रेस वे सड़क के जुड़ाव होने के कारण किसानों को बंगाल के बाजारों तक कृषि व्यापार में तेजी आएगी जो रोजगार सृजन का मजबूत विकल्प बनेगा। वर्ष 2028 के अंत तक इसको पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके लिए इस एक्सप्रेस वे के निर्माण कार्य के लिए पहल और औपचारिकताओं में तेजी लाने की जरूरत है।



डॉ. गोपाल जी ठाकुर सांसद दरभंगा।

### मोहर्रम को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए दंडाधिकारियों को दिया गया टास्क

**दरभंगा (एनएसबी)।** मुहर्रम पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण एवं पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रेक्षागृह, दरभंगा में जिलाधिकारी दरभंगा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग की गई।बैठक में पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था,समन्वित कार्रवाई एवं संवेदनशील स्थलों पर निगरानी को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को पूरी सक्रियता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। मुहर्रम पर्व 26 जून को मनाया जाना है तथा इस अवसर पर जिले के 515 से अधिक स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। नाका नंबरझ5 से निकलने वाले जुलूस के दौरान प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने दायित्व स्थल पर उपस्थित रहेंगे। संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी व्यवस्था को और मजबूत बनाने हेतु ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे, ड्रॉप गेट्स, बैरिकेडिंग एवं माइकिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा थाना स्तर पर सतत सूचना संग्रह की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

### सड़क से दो फीट ऊंचा नाला निर्माण कार्य शुरू होने से बढ़ सकती है लोगों की परेशानी

**बेनीपुर (एनएसबी)।** नगर परिषद बेनीपुर क्षेत्र में सड़क से डेढ़-दो फीट ऊंचा नाला निर्माण कार्य शुरू होने से स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ सकती है। मानवाधिकार इमरजेंसी हेल्पलाइन एसोसिएशन के प्रशासनिक पदाधिकारी प्रमोद कुमार साहू ने 23 जून को कार्यपालक पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि बरसों पहले भी इसी तरह ऊंचा नाला बनने से सड़क पर पानी लग जाता था। एसोसिएशन ने उच्च न्यायालय के निर्देश का हवाला देते हुए मांग की कि नया नाला सड़क के बराबर ही बनाया जाए।

### 25 जून को हटाया जाएगा अतिक्रमण

**बेनीपुर(एनएसबी)।** अनुमंडल कार्यालय बेनीपुर ने अतिक्रमण वाद संख्या 24/2025-26 में बड़ी कार्रवाई का आदेश जारी किया है। एसडीओ मनीष कुमार झा ने 25 जून 2026 को बहेड़ा महिनाम मौजा की खेसरा संख्या 169 की सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की तिथि निर्धारित की है। अंचल अधिकारी बेनीपुर के पत्रांक 941, दिनांक 10.06.2026 के आलोक में यह आदेश जारी हुआ है की चिन्हित भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने के लिए दंडाधिकारी के साथ 1-4 सशस्त्र पुलिस बल, 2-8 लाठी पुलिस बल एवं 1-4 महिला पुलिस बल की नियुक्ति का अनुरोध किया गया है। एसडीओ ने अंचलाधिकारी को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया है। उन्हें निर्देश दिया गया है कि वे थानाध्यक्ष बहेड़ा से समन्वय कर 25 जून को स्थल पर उपस्थित होकर नियमानुसार अतिक्रमित भूमि खाली कराना सुनिश्चित करें। थानाध्यक्ष बहेड़ा को आदेश दिया गया है कि वे प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी को कार्य संपादन हेतु पुलिस बल उपलब्ध कराएं एवं स्वयं भी भ्रमणशील रहकर शांति व्यवस्था कायम रखें।

# केवटी प्रखंड प्रमुख को पदच्युत करने की आयुक्त ने किया अनुशंसा

**लोक प्रहरी के अंतिम आदेश के आलोक में प्रमंडलीय आयुक्त ने पंचायती राज विभाग को भेजी अनुशंसा**

**दरभंगा (एनएसबी)।** लोक प्रहरी वाद संख्या 12/2025 वसीम आरा बनाम प्रखंड प्रमुख, केवटी, जिला दरभंगा में लोक प्रहरी सह प्रमंडलीय आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल हिमांशु कुमार राय द्वारा बिहार पंचायत राज अधिनियम, 2006 की धारा 44(4) के तहत प्रखंड प्रमुख, केवटी को पदच्युत किए जाने की अनुशंसा 20 जून 2026 को सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को भेजी गई है। उल्लेखनीय है कि उक्त मामले में लोक शिकायत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार-सह-सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना द्वारा 11 जून 2026 को पारित अंतिम विनिश्चय में वित्तीय अनियमितता एवं सरकारी राशि के दुरुपयोग से संबंधित आरोपों के आलोक में जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देशित किया गया है। साथ ही, उक्त अंतिम विनिश्चय में लोक प्रहरी सह प्रमंडलीय आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल को बिहार पंचायत राज अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के तहत संबंधित प्रखंड प्रमुख के विरुद्ध पदच्युति की अनुशंसा करने का भी निर्देश दिया गया है।उक्त निदेशों एवं उपलब्ध अभिलेखों के परीक्षण के उपरांत लोक प्रहरी सह प्रमंडलीय आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए प्रखंड प्रमुख, केवटी को पदच्युत किए जाने संबंधी अनुशंसा पंचायती राज विभाग, बिहार सरकार को प्रेषित की गई है।इस संबंध में अंतिम निर्णय पंचायती राज विभाग, बिहार सरकार द्वारा लिया जाएगा।

### खबर प्रकाशित करने पर पत्रकार को साजिश के तहत फसाने का पत्रकारों ने किया विरोध

**प्रमंडलीय आयुक्त एवं एसएसपी से मिलकर दी सारी जानकारी मांगा न्याय**

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिला के पत्रकारों का एक शिष्टमंडल ने मंगलवार को प्रमंडलीय आयुक्त एवं दरभंगा के एसएसपी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। पत्रकारों का कहना था कि केवटी प्रखंड प्रमुख ने साजिश के तहत केवटी के पत्रकार विजय कुमार गुप्ता को एससी एसटी के झूठे मुकदमे में फंसा दिया। पत्रकार एक आरटीआई कार्यकर्ता के मांगे गए रिपोर्ट पर खबर प्रकाशित किया था, जिसके कारण स्थानीय पुलिस और पदाधिकारी ने प्रमुख के साथ मिलकर साजिश रचा और पत्रकार आज जेल में है। एसएसपी से पूरे मामले की जांच करने और जो भी इसमें दोषी है उसपर कार्रवाई करने की मांग की। पत्रकारों ने कई बिंदुओं की तरफ एसएसपी का ध्यान आकृष्ट कराया। इस पर एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने न्याय का भरोसा दिलाया। वही प्रमंडलय आयुक्त ने कहा कि वह इस विषय पर डीआईजी और डीएम से बात करेंगे। इस दौरान जिले के पांच दर्जन से अधिक पत्रकार सहित पीड़ित परिवार की पत्नी भी मौजूद रही।

### महिसारी गांव में तालाब को पूर्व की स्थिति में बहाल करने की कवायद शुरू

**पटना हाईकोर्ट के आदेश और जिला प्रशासन के निर्देश के आलोक मे कार्य शुरू**

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के भवानीपुर पंचायत के महिसारी गांव में तालाब को पूर्व की स्थिति में बहाल करने की कवायद मंगलवार को शुरू कर दी गई। पटना हाईकोर्ट के आदेश और जिला प्रशासन के निर्देश के आलोक मे कार्य शुरू किया गया है। अंचलाधिकारी नेहा कुमारी, सिंहवाड़ा थानाध्यक्ष बसंत कुमार तथा पुलिस बल और मुखिया प्रतिनिधि अशोक साहू की उपस्थिति में स्थल पर कार्य शुरू कराया गया।प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी मशीन लगाकर मिट्टी कटाई का कार्य आरंभ कराया गया। बताया गया है की महिसारी स्थित राधाकृष्ण मंदिर के बगल में सरकारी भूमि से 24 मार्च 2023 को अतिक्रमण हटाया गया था। उक्त कार्रवाई से असंतुष्ट मंदिर के पुजारी अरुण कुमार उपाध्याय ने पटना हाईकोर्ट में याचिका दायर कर भूमि को उसके पुराने स्वरूप में बहाल करने की मांग की थी। मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने संबंधित प्राधिकार को राजस्व अभिलेखों एवं व्यवहारिक संभावना के आधार पर जलाशय की बहाली के प्रश्न पर विचार करने का निर्देश दिया था। जेसीबी मशीन से मिट्टी कटाई कर तालाब के भिंडा निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई।

# भारतीय ज्ञान परंपरा का मूल आधार है संस्कृत : कुलपति

**तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू, पाठ्यक्रम निर्माण को लेकर विषय विशेषज्ञों के बीच मंथन जारी**

**दरभंगा (एनएसबी)।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय में द्विवर्षीय आचार्य एवं एक वर्षीय आचार्य (दो सेमेस्टर) पाठ्यक्रम के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस उद्देश्य से विश्वविद्यालय मुख्यालय में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सोमवार से शुरू किया गया। 23 से 25 जून तक आयोजित पाठ्यक्रम निर्माण कार्यशाला में विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ पाठ्यक्रम का प्रारूप तैयार करेंगे। कुलपति प्रो.लक्ष्मी निवास पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में सभी स्नातकोत्तर विभागाध्यक्षों के निर्देशन में विषय विशेषज्ञ समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों में विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभागों तथा विभिन्न महाविद्यालयों के अनुभवी प्राध्यापकों को शामिल किया गया है। विशेषज्ञों का दायित्व है कि वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों एवं वर्तमान शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुरूप यूजीसी के नये मानदंड पर आचार्य का पाठ्यक्रम का निर्माण करेंगे।

कार्यशाला के दौरान पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा , मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम, योग्यता संवर्धन पाठ्यक्रम , कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम, राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा योग्यता रूपरेखा सहित अन्य समकालीन विषयों को समाहित करने पर विस्तार से पहले दिन की कार्यशाला में विचार-विमर्श किया गया। विशेषज्ञों ने इस बात पर बल दिया कि संस्कृत शिक्षा को केवल पारंपरिक ज्ञान तक सीमित न रखकर उसे आधुनिक आवश्यकताओं एवं रोजगारपरक दृष्टिकोण से भी जोड़ा जाए।

कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन करते हुए अपने सम्बोधन में कुलपति प्रो.लक्ष्मी निवास पाण्डेय ने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि यह भारतीय ज्ञान परंपरा का मूल आधार और ज्ञान सूत्र है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से लेकर आधुनिक युग तक ज्ञान-विज्ञान, दर्शन, साहित्य, संस्कृति और मानवीय मूल्यों की अभिव्यक्ति का प्रमुख माध्यम संस्कृत रही है। भाषा और साहित्य दोनों ही ज्ञान सूत्र से जुड़े हुए हैं तथा संस्कृत के माध्यम से भारतीय सभ्यता की महान परंपराओं को समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 बहुविषयक शिक्षा, कौशल विकास, अनुसंधान और भारतीय ज्ञान प्रणाली के समन्वय पर बल देती है। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि नवीन आचार्य पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को शास्त्रीय ज्ञान के साथ-साथ आधुनिक युग की चुनौतियों का सामना करने योग्य भी बनाया जाय। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ डॉ निशिकांत ने बताया कि कार्यशाला में उपस्थित विभागाध्यक्षों एवं विषय विशेषज्ञों ने पाठ्यक्रम को छात्र-केंद्रित, रोजगारोन्मुखी तथा अनुसंधानपरक बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए। तीन दिनों तक चलने वाली इस कार्यशाला के उपरांत तैयार प्रारूप को विश्वविद्यालय की विभिन्न प्राधिकारों से स्वीकृति के उपरांत शैक्षणिक परिषद एवं लोक भवन के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाएगा।

आचार्य पाठ्यक्रम निर्माण कार्यशाला का संयोजक डीएसडब्ल्यू प्रो.पुरेंद्र वारिक एवं विशेष कार्य पदाधिकारी (शैक्षणिक) को सह संयोजक का दायित्व प्रदान किया गया है। वहीं तकनीकी सहायक के रूप में डॉ.छविलाल न्यौपाने को अधिकृत किया गया है। मौके पर कुलसचिव डॉ.दिनेश झा उपस्थित थे।



कार्यशाला में कुलपति एवं अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपाइयों ने जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 73वां बलिदान दिवस मनाया

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के हरपुर एलौथ स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं देश की एकता अखंडता के लिए अपने प्राणों का आहुति देने वाले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 73वां बलिदान दिवस भाजपा दक्षिणी के जिलाध्यक्ष शशिधर झा एवं भाजपा उत्तरी के जिलाध्यक्ष नीलम सहनी की अध्यक्षता एवं जिला उपाध्यक्ष मनोरंजन मोदीन के संचालन में सम्पन्न हुआ। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल्य चित्र माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदेमातरम गायन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जिसमें वक्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व्यक्तित्व, देश एकता व अखंडता के लिए योगदान की आज के समय में प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को, प्रो शील कुमार राय, जिला प्रभारी संजीव साह, ललन प्रसाद सिंह, रामयाद शाण्डिल, मनोरंजन मोदीन, सुनील चौधरी, मनोज जायसवाल, संजीव चौधरी, विमल कुमार गोलू, वीरेंद्र यादव, गौरी शंकर पोद्दार, रामाकांत राय, दीपक महराज आदि वक्ताओं ने संबोधित किया।



### कंधे पर बैठकर दुनिया देखने की उम्र में मासूम बेटे ने दी पिता को अंतिम विदाई, रांची से मजदूर का शव गांव पहुंचते ही पसरा सन्नाटा

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** शेरपुर दियारा डीह वार्ड संख्या-13 में मंगलवार को एक ऐसा दृश्य सामने आया, जिसने हर संवेदनशील हृदय को झकझोर कर रख दिया। जिस छह वर्षीय बच्चे को अभी पिता की उंगली पकड़कर जीवन की राह पर आगे बढ़ना था, उसी उम्र में मासूम को अपने पिता की चिता को मुखाग्नि देनी पड़ी। शेरपुर श्मशान घाट पर यह मार्मिक दृश्य देखकर मौजूद लोगों की आंखें भर आईं और माहौल देर तक गमगीन बना रहा। बताते हैं कि शेरपुर गांव निवासी भरत पासवान के 30 वर्षीय पुत्र सनोज पासवान परिवार की रोजी-रोटी के लिए रांची में रहकर पोलदारी (मजदूरी) का काम करते थे। मेहनत-मजदूरी से ही घर का चूल्हा जलता था और बच्चों के भविष्य के सपने आकार लेते थे। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। रांची में ही उनकी असामयिक मौत हो गई। सोमवार की देर शाम को जब उनका शव गांव पहुंचा तो स्वजनों की चीख-पुकार से पूरा इलाका शोक में डूब गया।वृद्ध मां सिलपतिया देवी बेटे के शव से लिपटकर बार-बार उसे पुकार रही थीं। वहीं छह वर्षीय रौशन कुमार और 10 वर्षीय नेहा कुमारी अपने पिता को अंतिम बार निहारते हुए बिलख रहे थे। अंतिम संस्कार के समय जब रौशन को मुखाग्नि देने के लिए आगे बढ़ाया गया, तो वहां मौजूद लोगों का कलेजा कांप उठा। मासूम शायद यह भी नहीं समझ पा रहा था कि उसके सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ चुका है। ग्रामीणों के अनुसार सनोज अत्यंत गरीब परिवार से थे। वे अपने बच्चों को बेहतर जीवन देने के लिए घर से दूर रहकर कठिन परिस्थितियों में मजदूरी करते थे। उनकी मौत ने परिवार से न केवल एक बेटा और पिता छीन लिया, बल्कि घर का एकमात्र कमाऊ सहारा भी छीन लिया। अब वृद्ध मां और दो मासूम बच्चों के सामने भविष्य की चिंता खड़ी हो गई है। परिवार की दयनीय स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने दुख की घड़ी में मानवीय संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी का उदाहरण पेश कर जनसहयोग से आर्थिक सहायता जुटाकर श्राद्धकर्म के लिए सहयोग राशि उपलब्ध कराई।

### सेवानिवृत्त शिक्षक का असामयिक निधन

**विद्यापतिनगर/एनएसबी।** प्रखंड के बंगराहा गांव निवासी शिक्षाविद कौशल कुमार कर्ण का सोमवार की रात आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से गांव सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। श्री कर्ण अपने शिक्षकीय जीवन में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते थे। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देते हुए अनेक विद्यार्थियों के जीवन को नई दिशा दी। सामाजिक कार्यों में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रही।निधन की सूचना मिलते ही ग्रामीणों, पूर्व छात्रों, शिक्षकों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया। सभी ने उनके निधन को शिक्षा जगत एवं समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया। मंगलवार को उनके अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण, शिक्षक, जनप्रतिनिधि एवं शुभचिंतक पहुंचे। नम आंखों से लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की।हजारों विद्यार्थियों के प्रेरणास्रोत रहे कौशल कुमार कर्ण मंगलवार को पंचतत्व में विलीन हो गए।

### शिक्षक पुत्र बना वाणिज्य कर असिस्टेंट कमिश्नर

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय बेला पंचरुखी के प्रधानाध्यापक, साहित्य सेवी व रंगकर्मी मुकेश कुमार एवं गृहिणी गीता मुकेश के पुत्र गौरव ने 70 वीं बीपीएससी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में प्रथम प्रयास में 359 वीं रैंक हासिल कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। उनका चयन वाणिज्य कर विभाग में असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर हुआ है। सरस्वती शिशु मंदिर विथान से प्रारंभिक शिक्षा के उपरांत, डीएवी समस्तीपुर से मैट्रिक, पीसी स्कूल पटसा से आईएससी, एवं टी एस चाणक्या मुंबई से नेविगेशन में स्नातक की उपाधि प्राप्त करने वाले गौरव ने मात्र 21 वर्ष की आयु में मर्चेंट नेवी, और पटना उच्च न्यायालय में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर के रूप में सेवा देने के साथ आज असिस्टेंट कमिश्नर के रूप में सफलता अर्जित की है। परिवार के लोगों के अनुसार यह बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि का था। मधुबनी पेंटिंग में महारत रखने वाले गौरव अध्यापन में विशेष रुचि रखते हैं। गौरव ने अपने दादा पी एस पी हाई स्कूल विथान के संस्थापक प्रधानाध्यापक गौरी शंकर प्रसाद की प्रेरणा,शिक्षा और अनुशासन को आत्मसात कर उनके अरमान को परवान चढ़ाया। उन्होंने अपने सफलता का श्रेय दादाझ्रदादी, मांझ्रपिता, स्वाध्याय एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण व जिद्द को दिया है। इस सफलता पर बिहार गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार पासवान, अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी विष्णु देव मंडल, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी जूही कुमारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मध्याह्न भोजन योजना सुमित सौरव, पूर्व बीडीओ राहुल कुमार, समस्तीपुर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ.शशि भूषण कुमार शशि, सहित छायाकार, पत्रकार, प्रधानाध्यापक, शिक्षक सहित अनेक शुभचिंतकों, नगर वासियों ने बधाई दी है।



### गर्मी और उमस से राहत मिलने के आसार नहीं, 28-29 के आसपास वज्रपात के साथ बारिश की संभावना

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** आगामी 5दिनों में। प्रचंड गर्मी और उमस से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। उत्तर बिहार के अधिकांश जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। कहीं-कहीं छिट-पूट वर्षा हो सकती है। हालांकि 28झ्29 जून के आसपास करीब आधे दर्जन जिलों में गरज और वज्रपात के साथ अच्छी बारिश होने की संभावना है। इस बाबत डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र द्वारा जारी 23 जून से 28 जून, 2026 तक के मौसम पूवार्नुमान में बताया गया है कि, पूवार्नुमान की अवधि में उत्तर बिहार के अधिकांश स्थानों में आमतौर पर मौसम शुष्क रहने की संभावना है। कहीं-कहीं छिट-पूट वर्षा हो सकती है। हलाकि 28-29 जून के आस-पास बेगूसराय, समस्तीपुर, मधुबनी, सीतामढ़ी, शिवहर, पूर्वी एवं पश्चिमी चम्पारण जिलों में मेघगर्जन एवं वज्रपात के साथ अनेक स्थानों पर अच्छी वर्षा होने का अनुमान है। इस अवधि के अधिकांश समय आकाश में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने की संभावना है। इस अवधि में अधिकतम औसत तापमान $35^0$ सेल्सियस से 37ट सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। वहीं न्यूनतम औसत तापमान $24^0$ सेल्सियस से 28ट सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। हालांकि, सिवान, गोपालगंज एवं बेगूसराय आदि कुछ जिलों में अधिकतम तापमान तापमान 40टउ तक पहुँच सकता है। दूसरी ओर, मधुबनी एवं सीतामढ़ी जिलों में वर्षा की घटनाओं के कारण अपेक्षाकृत कम तापमान महसूस हो सकती है।

# कम्युनिटी राइनोस ने बायो फॉल्कन्स को 13 रनों से हरा कर दर्ज की खिताबी जीत

## ग्रैंड फिनाले सह प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन के साथ आरपीएल-2026 समारोह पूर्वक सम्पन्न

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय परिसर मंगलवार को क्रिकेट के रंग में सराबोर रहा। हो भी क्यों नहीं, 13 जून से आरम्भ ह्वआरपीसीएयू प्रीमियर लीग -2026ह्व टूनार्मेंट का ग्रैंड फिनाले सह प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन समारोह का आयोजन जो था। जी हां! 10 दिनों से चल रहे आरपीएल 26 का डीआरपीसीएयू स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हर्षोल्लास, उत्साह व उमंग के बीच पुरस्कार वितरण के साथ भव्य समारोह पूर्वक सम्पन्न हो गया।

**कम्युनिटी राइनोस ने जीता खिताब**

मंगवार दोपहर बाद शुरू हुए फाइनल मैच में कम्युनिटी राइनोस ने बेहद रोमांचक मुकाबले में बायो फॉल्कन्स पर 13 रनों से खिताबी जीत दर्ज की। इसके पूर्व, टॉस जीत कर कम्युनिटी राइनोस ने 20 ओवर में 88 रन बनाए जवाब में बायो फॉल्कन्स की पूरी टीम 75 रनों पर ही सिमट गई। बायो फॉल्कन्स के आकाश मैन ऑफ द टूनार्मेंट रहे। खेल के दौरान हर चौके-छक्के पर दर्शकों के तालियों और ह्वआरपीसीएयू- 2के26ह्व के नारों से पूरा परिसर गुंजायमान रहा।

**टूनार्मेंट में 6 टीमें थी शामिल :**

इस टूनार्मेंट में एग्री लॉयन्स, टेक टाइगर्स, ग्रीन वॉरियर्स, बिजनेस बुल्स, कम्युनिटी राइनोस, और बायो फॉल्कन्स झ् छह टीमों ने भाग लिया था। 10 दिनों तक चले लीग और नॉकआउट मैचों में खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक उत्कृष्टता का परिचय दिया। फाइनल के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पुण्यव्रत सुविमलेन्दु पाण्डेय ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए।



विजेता टीम के साथ पदाधिकारी।

**हारने वाली टीम भी विजेता :**

इस क्रम में डॉ. पाण्डेय ने कहा कि, ह्वआज का मैच केवल जीत-हार का नहीं था, यह हमारे छात्रों, वैज्ञानिकों और शिक्षकों की मेहनत, टीम वर्क और खेल भावना का प्रतीक था। इस प्रीमियर लीग ने साबित कर दिया कि, कृषि विश्वविद्यालय के छात्र पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी अव्वल हैं। मैदान पर दिखा अनुशासन और एकता भविष्य में उन्हें हर क्षेत्र में सफल बनाएगा। हमारे लिए हारने वाली टीम भी विजेता है क्योंकि उन्होंने खेल को खेल की भावना से खेला।ह्व

**आगे भी होंगे ऐसे टूनार्मेंट आयोजित :**

छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. रमन त्रिवेदी ने आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, ह्वइस खेल का मुख्य उद्देश्य छात्रों को तनावमुक्त करना और खेल संस्कृति को बढ़ावा देना था। क्वार्टर फाइनल से फाइनल तक हर मैच रोमांचक रहा। छात्र कल्याण विभाग आगे भी ऐसे टूनार्मेंट आयोजित करेगा ताकि छात्रों का सर्वांगीण विकास हो।ह्व

**पढ़ाई और खेल साथ-साथ :**

पीजीसीए के अधिष्ठाता डॉ. मयंक राय ने स्नातकोत्तर छात्रों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि, ह्वशोध और लैब वर्क के बीच समय निकालकर छात्रों ने दिखाया कि पढ़ाई और खेल साथ-साथ चल सकते हैं। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क रहता है और आज के वैज्ञानिक के लिए फिट रहना जरूरी है। इस प्रीमियर लीग ने कैंपस में जो ऊर्जा भरी है, वह शोध की गुणवत्ता भी बढ़ाएगी।

**अंपायरों का आभार :**

विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस सफल आयोजन के लिए सभी मैच अंपायरों का विशेष आभार व्यक्त किया। जिनके निष्पक्ष, व पारदर्शी निर्णयों ने खेल की सुचिता और गरिमा बनाए रखी। जिसके दम पर आरपीएलझ्2026 ने विश्वविद्यालय परिवार को एक सूत्र में बांधकर खेल प्रतिभा, अनुशासन, सौहार्द और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का उत्सव मनाया। यह आयोजन निश्चित रूप से के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में दर्ज रहेगा।

## प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित, किसानों ने उठाए कई सवाल

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित विद्यापति मॉडल इंटर विद्यालय मऊ बाजिदपुर दक्षिण के सभागार में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख कृष्णा देवी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अमित कुमार सहायक निदेशक (रसायन), पीयूष कुमार बीएओ, अभिषेक कुमार बीएओ, प्रीति कुमारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक व अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कर्मशाला में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत खेती, बीज चयन, उर्वरक प्रबंधन, सिंचाई व्यवस्था तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। हालांकि कार्यक्रम में किसानों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम रही। कई किसानों ने कृषि विभाग पर समय पर सूचना एवं पर्याप्त प्रचार-प्रसार नहीं करने का आरोप लगाया। किसानों का कहना था कि यदि गांव स्तर पर पहले से जानकारी दी जाती तो अधिक संख्या में किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते और इसका लाभ उठा पाते। कर्मशाला में मौजूद किसानों ने कृषि विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि अधिकांश कार्यक्रम केवल औपचारिकता पूरी करने तक सीमित रह जाते हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों के नाम पर खानापूर्ति की जाती है, जबकि खेती से जुड़ी वास्तविक समस्याओं के समाधान पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता। किसानों ने बीज उपलब्धता, खाद की कमी, सिंचाई सुविधा तथा फसल क्षति मुआवजा जैसे मुद्दों को भी उठाया। इस दौरान प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने किसानों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए भविष्य में बेहतर प्रचार-प्रसार करने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि किसानों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए विभाग लगातार प्रयासरत है। प्रखंड प्रमुख कृष्णा देवी ने कहा कि कृषि क्षेत्र के विकास के लिए किसानों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी मिलना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों की सूचना समय रहते पंचायत स्तर तक पहुंचाई जाए ताकि अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें। कार्यक्रम में आत्मा अध्यक्ष बलवंत कुमार चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष उत्तरी अभिनाश भारद्वाज, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी विशाल कुमार यादव, सहायक तकनीकी प्रबंधक मधुकर श्लोक, मुकेश कुमार, प्रभात कुमार, अमर कुमार महतो, उदय सिंह, रासबिहारी 'पप्पू' झप्पू सिंह, अबोध सिंह, चंद्रशेखर यादव, पुनीत यादव, कमला देवी, शांति देवी सहित कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न पंचायतों के किसान उपस्थित थे।



उद्घाटन करते प्रखंड प्रमुख व अन्य।

## भाजपा ताजपुर ने मनाया बलिदान दिवस

**ताजपुर (एनएसबी)।** भाजपा ताजपुर के तीनों मंडलों के संयुक्त तत्वावधान में जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि 'बलिदान दिवस' के रूप में पंचमुखी हनुमान मंदिर, ताजपुर में मनाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा ताजपुर दक्षिणी मंडल अध्यक्ष-सह-प्रखंड 20 सूत्री उपाध्यक्ष दिलीप सिंह कुशवाहा ने की, वहीं संचालन समस्तीपुर लोकसभा ताजपुर सांसद प्रतिनिधि-सह-ताजपुर पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुशील चौबे द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह ने कहा कि डॉ. मुखर्जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं अखंड भारत के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने "एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान" का विरोध किया था। वे स्वतंत्र भारत के पहले उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री थे और उनका कार्यकाल अत्यंत सराहनीय रहा। उनके विचारों को आगे बढ़ाने हेतु ही 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। आज उनके सपनों का भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में अपना नाम रोशन कर रहा है। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत संगठन विस्तार एवं डिजिटल प्रशिक्षण को लेकर बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि, 23 जून से 6 जुलाई तक सभी बूथ अध्यक्ष एवं बूथ समिति के कार्यकर्ता 'सरल ऐप' डाउनलोड कर डिजिटल प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण के उपरांत 10 अंकों की क्विज प्रतियोगिता होगी और सफल कार्यकताओं को डिजिटल सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। बैठक में संगठन विस्तार से जुड़े अन्य विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री मनोज कुमार सिंह, राजकुमार पंडित, दिलीप कुमार साह, राजीव सूर्यवंशी, आनंद कुमार गुप्ता, संजीव शाह, अखिलेश कुमार राय, प्रमोद राय, अभिनव कुमार, शिवकुमार यादव, शंभू शाह, सुनील राम, राम प्रकाश दास, बैजनाथ साह, मकसूदन राय, धनु कुमार राय,अमरेश कुमार चौरसिया, रविकर उपाध्याय, सुमित कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



श्रद्धांजलि देते भाजपा कार्यकर्ता।

## शिक्षकों ने तिलक व पुष्प वर्षा कर किया छात्रों का किया स्वागत

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय खुलते ही सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अति पिछड़ा टोला हरपुर बोचहा में विद्यार्थियों का भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अंजनी कुमार के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर उत्साह और उमंग से सराबोर नजर आया। प्रधानाध्यापक अंजनी कुमार ने विद्यालय पहुंचने वाले बच्चों का स्वागत करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अनुशासन का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है और विद्यालय का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। विद्यालय खुलने के पहले दिन बच्चों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। लंबे अवकाश के बाद अपने मित्रों और शिक्षकों से मिलकर छात्र-छात्राएं काफी खुश नजर आए। स्वागत समारोह के दौरान बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखने लायक थी।



## सीएम के आगमन को लेकर प्रशासन हाई एलर्ट पर, तैयारी पूरी, सीएम आज आएंगे समस्तीपुर

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के वारिसनगर प्रखंड अंतर्गत सतमलपुर आजाद चौक टोलापर रामावतार सिंह के यहां 24 जून को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से इलमासनगर बीके कोल्ड स्टोरेज प्रांगण हेलीपैड पर उतरेंगे, जहां से सड़क मार्ग से टोलापर रामावतार सिंह के यहां पहुंचेंगे, जहां सम्मान समारोह कार्यक्रम में भाग लेंगे, पुनः वहां से 24 अवतार धाम चकोठी मठ पहुंचकर पूजा-अर्चना एवं धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। कार्यक्रम की सफलता एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर क्षेत्र में लगातार पुलिस गश्ती बढ़ा दी गई है। वहीं जिला एवं अनुमंडल स्तर के अधिकारी लगातार तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं। हेलीपैड निर्माण कार्य को अंतिम रूप दिया जा रहा है तथा मुख्यमंत्री के आवागमन मार्ग पर विशेष साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार देर शाम जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने बीके कोल्ड स्टोरेज स्थित हेलीपैड का निरीक्षण करते हुए 24 अवतार धाम चकोठी मठ का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के आगमन से लेकर प्रस्थान तक की संपूर्ण व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने हेलीपैड की सुरक्षा, बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, वीआईपी मूवमेंट, आम श्रद्धालुओं की सुविधा, यातायात नियंत्रण तथा कानून-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही चकोठी मठ परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती एवं निगरानी व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए गए।



## चुनावी हथियार बना अखाड़ा घाट पुल, 13 साल में बने 5 पिलर भी अब हो गए जर्जर

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** 13 साल एक पुल निर्माण केलिए नाकाफी हैं? जी हां ! अगर पुल चुनावी हथकंडा बन कर रह जाए तो यह कोई बड़ी बात नहीं। जिले के विद्यापतिनगर स्थित अखाड़ा घाट पर आठ करोड़ की लागत से निर्माण हो रहे पुल की ऐसी ही कहानी है। इस पुल निर्माण का मुद्दा चुनाव में ही ग्रामीणों के द्वारा उठाया जाता है, बड़ेझ्बड़े किए जाते हैं, थोड़ीझ्बहुत हलचल भी होती है और चुनाव खत्म होते ही पुल निर्माण का मुद्दा खत्म। मामला समस्तीपुर जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर विद्यापतिनगर के अखाड़ा घाट का है, जहां सन् 2013 ई० में गंगा नदी की सहायक नदी वाया नदी के ऊपर तीन जिलों को जोड़ने के लिए आठ करोड़ रुपए की लागत से आरसीसी पुल का शिलान्यास वर्तमान सरायरंजन विधायक और बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी ने किया था। किंतु एक दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इस पुल का सिर्फ पांच पिलर ही बन पाया। ये और बात है कि वे पिलर भी अब जर्जर हो चुके हैं। आज भी बाढ़ के दिनों में लोग नाव से ही आवागमन करते हैं। शेष दिनों में बाढ़ का पानी सूखने के बाद ग्रामीण चंदा इकट्ठा कर अस्थाई सड़क निर्माण कर काम चलाते हैं। ग्रामीणों बताते हैं कि, 2013 में जब इस पुल का निर्माण कार्य शुरू हुआ था, तो लोगों को उम्मीद जगी थी कि मऊ धनेशपुर, बालकृष्णपुर मरवा, शेरपुर के लोगों का जीवन आसान हो जाएगा। किसानों को अपनी फसल बाजार तक ले जाने में सहूलियत होगी, विकास का मार्ग प्रशस्त होगा और लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आएगा। लेकिन, 13 सालों में सरकारी कार्य प्रणाली के कारण लोग ठगा महसूस कर रहे हैं। जब पाया निर्माण बंद हुआ, तब लोगों को जानकारी मिली कि बिना जमीन अधिग्रहण के ही पुल का निर्माण शुरू कर दिया गया था। जब जमीन के स्वामियों ने इसका विरोध किया, तो करोड़ों रुपए खर्च कर 5 पिलर बनाने के बाद पुल का निर्माण रोक दिया गया। यहां सवाल यह है कि, आखिर बिना जमीन अधिग्रहण किए पुल का निर्माण 2013 में कैसे शुरू किया गया? अब तो जो पीलर बनाए गए, उसका सरिया अब खराब हो गया है। अब नये सिरे से पुल का निर्माण करना होगा। अखाड़ा घाट पर पुल बनने से समस्तीपुर के साथ ही बेगूसराय के लोगों को फायदा मिलता। विद्यापतिनगर का इलाका खत्म होने के बाद 4 किलोमीटर बेगूसराय और फिर गंगा नदी है। यह पुल पुल बना दिया जाय, तो लोग सीधा बाढ़ पहुंच जाएंगे। पुल बनने से यहां के किसान अपनी हरी सब्जी के साथ ही दूध, अनाज सीधा पटना के मंडी ले जा सकेंगे। जिससे उन्हें फायदा मिलता। लेकिन चुनाव के समय सिर्फ इंजीनियर को भेज दिया जाता है। ताकी लोगों को लगे की काम शुरू होने वाला है । ग्रामीण बताते हैं कि पुल नहीं होने से इस घाट पर नौका दुर्घटना में अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है।



13 सालों की उपलब्धि 5 पिलर।

## संक्षिप्त खबरें

### मुहर्रम पर्व को लेकर जिलाधिकारी, आनंद शर्मा ने सभी प्रकार का अवकाश किया रद्द



**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, आनंद शर्मा ने मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाए जाने को लेकर 24 से 27 जून तक सभी पदाधिकारियों एवं पर्यवेक्षीय कोटि के कर्मियों का सभी प्रकार का अवकाश रद्द कर दिया है। प्राप्त सूचनानुसार इस वर्ष मुहर्रम का पर्व 25 को चाँद के दृष्टिगोचर होने पर मनाये जाने की सूचना है। इस अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण एवं शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने हेतु जिला स्तर से बड़ी संख्या में संवेदनशील स्थानों पर दण्डाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है।अतः मुहर्रम 2026 के मद्देनजर दिनांक 24 से 27 तक का सभी प्रकार का अवकाश रद्द किया गया है। विशेष परिस्थिति में संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी की अनुशंसा के आलोक में अवकाश की स्वीकृति दी जा सकती है।

### एक अवैध देशी कट्टा के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि 22 जून को थानाध्यक्ष, बासोपट्टी थाना को संध्या गश्ती के क्रम गुप्त सूचना प्राप्त हुई की 03 व्यक्ति ग्राम वीरपुर स्थित मुरवला बगीचा के पास बैठे हुए तथा तीनों नशा कर रहे है ऐसा प्रतित होता है कि वे किसी बड़े अपराध की योजना बना रहे है। प्राप्त सूचना वरीय पदाधिकारी को सुचित करते हुए प्राप्त निर्देशानुसार सूचना के सत्यापन एंव आवश्यक कारवाई हेतु पुलिस बल के साथ मुखला बगीचा, वीरपुर के पास पहुँच कर देखा गया कि 03 व्यक्ति एक मोटरसाईकिल खड़ी करके आपस में बात कर रहे है तथा एक व्यक्ति अपने हाथ मे 01 कट्टा जैसा हथियार लिये हुये दिख रहा है। तभी वे सभी



पुलिस बल को देखकर मोटरसाईकिल वही छोड़कर भागने लगे परन्तु पुलिस बल के सहयोग से तीनो व्यक्तियो को हथियार के साथ पकड़ लिया गया। पकड़ाये तीनो व्यक्तियों नाम / पता पुछने पर अपना नाम 01. मो० अताबुल, 02. मो० नसीम, 03. मो० फेकल, जिला-मधुबनी बताया। विधिवत तलाशी के क्रम में मो० अताबुल के दाहिने हाथ में लिए 01 देशी कट्टा बरामद हुआ। पुछ-ताछ के क्रम में उनके द्वारा बताया गया कि यह कट्टा नेपाल से लेकर आया हूँ तथा यह देशी कट्टा दिखा कर देहशत फैलाते है एवं राह आने-जाने वाले लोगो से पैसा छिनते है। बरामद सभी प्रदर्श जप्त कर पकड़ाये तीनों व्यक्तियों को विधिवत गिरफ्तार कर थाना लाया गया।

### शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**लदनियां (एनएसबी)।** जीविका द्वारा लदनिया में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आज जागरूकता सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सामाजिक सुरक्षा निदेशालय के द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर दिनांक 17 जून 2026 से 26 जून 2026 तक नशा मुक्ति सप्ताह का आयोजन किया जाना है इस अभियान का विषय ,"नशा मुक्त भारत अभियान - विकसित भारत की पहचान" निर्धारित किया गया है। इसी के आलोक में लदनिया में विश्वास जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड तथा हिंदुस्तान जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के कार्यालय में सैकड़ों जीविका दीदियों ने इस शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया। इस समारोह में प्रखंड परियोजना प्रबंधक डॉ धनंजय कुमार ने उपस्थित जीविका दीदियों को शपथ ग्रहण करवाया। उन्होंने बताया कि युवा किसी भी राष्ट्र की उर्जा होते हैं तथा युवाओं की शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। अतः यह अति आवश्यक है कि नशा मुक्त भारत अभियान में सर्वाधिक संख्या में युवा जुड़े। देश की चुनौती को स्वीकार करते हुए हम आज नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एकजुट होकर प्रतिज्ञा करते हैं की न केवल समुदाय, परिवार, मित्र बल्कि स्वयं को भी नशा मुक्त करेंगे क्योंकि बदलाव की शुरुआत अपने आप से होनी चाहिए। इस शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष शीला देवी, सचिव गीता देवी, सामुदायिक समन्वयक विनोद कुमार, मास्टर बुककीपर रामकुमार सिंह, क्लस्टर फैसिलिटेटर शिवकुमार, जीवकोपार्जन विशेषज्ञ राजेश कुमार, ग्रामीण साधन सेवी ज्योति देवी, ममता कुमारी, ललिता कुमारी, निर्मला देवी, लीला कुमारी, आरती कुमारी, गीता देवी, कौशल्या देवी, रेणु देवी, मीना कुमारी, उषा कुमारी, रीता कुमारी, संगीता कुमारी, रेखा देवी, बबीता देवी तथा रीना कुमारी सहित सैकड़ों जीविका दीदी उपस्थित थी।



### मुहर्रम को लेकर खजौली पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**खजौली (एनएसबी)।** मंगलवार को मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर खजौली थाना पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। थानाध्यक्ष के सपन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कोठिया, डुमरियाही, रसीदपुर एवं कजियाही सहित विभिन्न गांवों में भ्रमण कर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने अखाड़ा कमेटी के सदस्यों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थानाध्यक्ष ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी तरह की अफवाह या अशांति फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी डीजे पर प्रतिबंध रहेगा उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारा एवं सद्भाव के साथ मुहर्रम मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल की मौजूदगी से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का संदेश दिया गया।



### 48वीं वाहिनी एसएसबी जयनगर में भारत-नेपाल समन्वय बैठक आयोजित

**जयनगर (एनएसबी)।** भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, सीमापार अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा दोनों देशों के सुरक्षा बलों के बीच समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से सोमवार को 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) मुख्यालय, जयनगर में कमांडेंट/एसपी स्तर की समकक्ष समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें सीमा सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक की अध्यक्षता 48वीं वाहिनी एसएसबी, जयनगर के कमांडेंट राजेंद्र कुमार ने की। भारतीय पक्ष से उप कमांडेंट हरि नारायण जाट, उप कमांडेंट अमरनाथ गुप्ता, उप कमांडेंट विमल गुप्ता सहित वाहिनी के सभी समवाय कमांडरों ने भाग लिया। वहीं नेपाल सशस्त्र प्रहरी बल (एपीएफ) की ओर से 07वीं वाहिनी के एसपी सुमन जंग थापा क्षेत्री, 08वीं वाहिनी के एसपी भीम बहादुर बिष्ट, 09वीं वाहिनी के एसपी शेर बहादुर अधिकारी, 07वीं वाहिनी के डीएसपी पदम खड़का तथा 08वीं वाहिनी के इंस्पेक्टर किशोर डांगी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने सीमा पर अनियंत्रित एवं गैर-अधिकृत आवागमन को रोकने, तृतीय देश के नागरिकों की अवैध आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखने तथा सीमा प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने के उपायों पर चर्चा की। इसके अलावा सीमापार होने वाले अपराधों, तस्करी, मानव तस्करी तथा अन्य अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए संयुक्त प्रयासों को मजबूत करने पर जोर दिया गया। बैठक में महत्वपूर्ण एवं कार्रवाई योग्य सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। अधिकारियों ने माना कि दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर सूचना साझाकरण से सीमापार अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।



# स्वच्छ शहर के निर्माण में जनप्रतिनिधियों की भूमिका होगी निर्णायक

**मधुबनी (एनएसबी)।** ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आनंद शर्मा के निर्देश के आलोक में मधुबनी जिले के सभी नगर निकायों के जनप्रतिनिधियों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन डीआरडीए सभागार, मधुबनी में किया गया। प्रशिक्षण में सभी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारीगण ने भाग लिया।जनप्रतिनिधियों की सुविधा एवं प्रशिक्षण की प्रभावशीलता को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन दो पालियों में किया गया। प्रथम पाली में मधुबनी नगर निगम, फुलपरास नगर पंचायत एवं घोघरडीहा नगर पंचायत के पार्षदों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वहीं द्वितीय पाली में झंझारपुर नगर परिषद, जयनगर नगर पंचायत एवं बेनीपट्टी नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन उप नगर आयुक्त जफर इकबाल, स्वच्छता पदाधिकारी अमिताभ गुंजन, घोघरडीहा एवं फुलपरास नगर पंचायत के स्वच्छता पदाधिकारी नौशाद आलम, नगर परिषद झंझारपुर के स्वच्छता पदाधिकारी दीपक कुमार, नगर पंचायत बेनीपट्टी के स्वच्छता पदाधिकारी शिव कुमार तथा जिला परियोजना पदाधिकारी (नमामि गंगे) आनंद अंकित सहित अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हुए स्वच्छ एवं पर्यावरण-अनुकूल शहरों के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताई।



कार्यशाला का उद्घाटन करते ।

प्रशिक्षण के दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2026 के विभिन्न प्रावधानों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रतिभागियों को स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण, घर-घर कचरा संग्रहण, सामग्री पुनर्प्राप्ति केंद्र (एमआरएफ) के संचालन, कम्पोस्टिंग, पुनर्चक्रण, वैज्ञानिक निस्तारण, स्वच्छता मानकों के पालन तथा जनभागीदारी के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही खुले में कचरा फेंकने, अपशिष्ट को मिश्रित करने एवं अन्य स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर लागू दंडात्मक प्रावधानों से भी अवगत कराया गया।इस अवसर पर उप नगर आयुक्त जफर इकबाल ने कहा कि "ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2026 केवल एक नियमावली नहीं, बल्कि स्वच्छ एवं सतत शहरी विकास का आधार है। जनप्रतिनिधि इस अभियान की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनके सक्रिय सहयोग एवं जनजागरूकता के माध्यम से ही कचरा पृथक्करण, पुनर्चक्रण एवं वैज्ञानिक निस्तारण जैसी व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाया जा सकता है। वहीं कार्यक्रम के संयोजक एवं नगर निगम मधुबनी के स्वच्छता पदाधिकारी अमिताभ गुंजन ने कहा कि "इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को नियमावली-2026 के सभी महत्वपूर्ण प्रावधानों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना है, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता संबंधी गतिविधियों की प्रभावी निगरानी कर सकें और नागरिकों को स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण के लिए प्रेरित कर सकें। स्वच्छ शहर के निर्माण में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण में जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की गई कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नागरिकों को नियमावली के प्रावधानों के प्रति जागरूक करेंगे, स्रोत पर कचरा पृथक्करण को बढ़ावा देंगे तथा नगर निकायों द्वारा संचालित स्वच्छता गतिविधियों की नियमित निगरानी करेंगे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन में घोघरडीहा एवं फुलपरास नगर पंचायत के स्वच्छता पदाधिकारी नौशाद आलम, नगर परिषद झंझारपुर के स्वच्छता पदाधिकारी दीपक कुमार, नगर पंचायत बेनीपट्टी के स्वच्छता पदाधिकारी शिव कुमार, नगर निगम मधुबनी के डाटा ऑपरेटर मनीष एवं प्रकाश सहित सभी स्वच्छता साथियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रशिक्षण के संचालन, समन्वय एवं प्रतिभागियों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने में उनकी सक्रिय सहभागिता सराहनीय रही।

कार्यक्रम के अंत में सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने नगर निकाय क्षेत्रों में नियमावली-2026 का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण-अनुकूल शहरों के निर्माण में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया।

## राष्ट्रहित सर्वोपरि की राजनीति के प्रतीक थे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी : सांसद डॉ. अशोक कुमार यादव

**मधुबनी (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय के सभागार में जिला अध्यक्ष प्रभांशु झा की अध्यक्षता में महान शिक्षाविद् एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं उनके बताए आदर्शों एवं सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लेकर की गई।इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद डॉ. अशोक कुमार यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रहित सर्वोपरि की राजनीति के प्रतीक थे। उन्होंने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका साहस, त्याग और राष्ट्रसेवा का संकल्प आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है तथा आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करता रहेगा।



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते सांसद डॉ. अशोक कुमार यादव एवं अन्य भाजपा नेता।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री जन्मेजय सिंह ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन देशभक्ति, त्याग और अटल संकल्प का अनुपम उदाहरण है। ह्लएक देश में एक निशान, एक विधानह्व के उनके संकल्प ने उन्हें केवल एक महान विचारक ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा हेतु समर्पित एक सत्यनिष्ठ सेवक के रूप में स्थापित किया। संगोष्ठी एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष शंकर झा, देवेंद्र कुमार यादव, प्रमोद सिंह, सुनील मिश्र, रंजीत यादव, सुबोध चौधरी, सरोज सिंह, मनोज कुमार मुन्ना, प्रशांत ठाकुर, सतीश ठाकुर, चंद्रवीर यादव, संजय गुप्ता, प्रतिमा रंजन, जूही झा, रीना सर्राफ, मीना देवी, आदित्य झा, कन्हैया साह, संजय यादव, प्रभात रंजन, मनीष झा, उद्धव, उमाशंकर गुप्ता, धर्मेंद्र दास, उपेंद्र शाह, रवि महतो, राम पुकार ठाकुर, राकेश रंजन, अशोक राम, नागेंद्र भारद्वाज, सुधीर मंडल, सतीश दास, रामनरेश राय, चंदन पासवान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आपसी प्रेम सद्भाव सौहार्द माहौल में शान्तिपूवर्क मनायें मोहर्रम त्योहार : एसडीओ



शांति समिति की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय नरसाम हाट के परिसर में मुहर्रम पर्व को लेकर विभिन्न अखाड़ों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सारंग पाणि पांडेय ने किया. समिति के लोगों ने बातया की मुहर्रम दो दिवसीय होगा जो की 25 और 26 जून को मनाया जाएगा.25 जून गुरुवार को विभिन्न अखाड़ों के द्वारा क्षेत्र में झांकियां के साथ जुलूस निकाला जाएगा.पूर्व में लिए गए निर्णय के तहत ही इस साल भी 26 जून शुक्रवार को नरसाम रण पर ही ताजिया रखकर लोगों के द्वारा विभिन्न तरहों के खेल और करतब प्रदर्शन दिखाया जायेगा. एसडीएम ने कहा कि मुहर्रम सहित अन्य पर्व त्योहार प्रेम आपसी भाई चारे के प्रतीक होता है. आप सभी आपसी प्रेम सद्भाव सौहार्द पूर्ण माहौल में शान्तिपूवर्क भाई चारे के साथ मुहर्रम पर्व त्योहार मनायें. जुलुश निकालने और मुहर्रम मनाने को लेकर सभी अखाड़ा के कमिटियों को लाईसेंस लेना अनिवार्य होगा. मुहर्रम जूलुस निकालने को लेकर क्षेत्र में समय और रूट मार्ग निर्धारित की गई है. सूरक्षा को लेकर मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती रहेगी. पुलिस प्रशासन की टीम गस्त लगाती रहेगी. निर्धारित समय और तय मार्ग रूट पर ही जूलुस निकालने और और अपने अपने अखाड़ा पर ही मेला और खेल करतब का प्रदर्शन करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश कमिटियों को दिए गये. डीएसपी अमित कुमार ने कहा कि जुलुश में डीजे नहीं बजाया जाएगा. डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित है एवं किसी भी प्रकार का विवादित भड़काऊ स्लोगन आपत्ति जनक वाली झांकिया नहीं निकाली जाएगी और न ही नारें लागये जायेंगे. रण पर ही मेला खेल प्रदर्शन निर्धारित समय तक होगा. सादे लिवास में भी प्रशासन की टीम मौजूद और पुलिस बल की तैनाती और गस्ती टीम रहेगी. असमाजिक तत्वो पर पैनी नजर रहेंगी. जुलुश की विडियो ग्राफी करायी जायेगी. ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी. हुड़दंग और अफवाह फैलाने वालों एवं विधिव्यवस्था भंग करने वालों की चिन्हित कर कानूनी करवाई की जायेगी. सोशल मीडिया पर प्रशासन की पैनी नजर है. इस अवसर पर सर्किल इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार, बीडीओ बसंत कुमार सिंह, थानाध्यक्ष अनुराग कुमार, सहीत कई लोग उपस्थित हुए.

## मधुबनीवासियों को बड़ी सौगातः हनुमान मंदिर से रेलवे गुमटी संख्या-13 तक सड़क निर्माण का मार्ग प्रशस्त : विधायक माधव आनंद

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। हनुमान मंदिर से रेलवे गुमटी संख्या-13 तक जाने वाली बहुप्रतीक्षित सड़क के निर्माण का मार्ग अब पूरी तरह प्रशस्त हो गया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का श्रेय 36-मधुबनी विधानसभा के विधायक एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा विधायक दल के नेता माधव आनंद के सतत प्रयासों और प्रभावी पहल को दिया जा रहा है। विधायक माधव आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त सड़क का हस्तांतरण नगर निगम से पथ निर्माण विभाग को कर दिया गया है। साथ ही भारतीय रेलवे से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) भी प्राप्त हो चुका है। इसके बाद सड़क निर्माण में आ रही प्रमुख प्रशासनिक एवं तकनीकी बाधाएं दूर हो गई हैं और अब निर्माण कार्य का रास्ता साफ हो गया है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल सड़क निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि मधुबनीवासियों की वर्षों पुरानी मांग और जनभावनाओं से जुड़ा विषय है। इस दिशा में संबंधित विभागों, पथ निर्माण विभाग एवं



रेलवे अधिकारियों के साथ लगातार समन्वय और अनुवर्ती कार्रवाई की गई, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। विधायक ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य पूरा होने के बाद हजारों नागरिकों, विद्यार्थियों, व्यवसायियों एवं दैनिक यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। इससे क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा तथा नगर के समग्र विकास को नई गति प्राप्त होगी। श्री आनंद ने कहा कि जनता ने जिस विश्वास और समर्थन के साथ उन्हें जनसेवा का अवसर दिया है, उस विश्वास पर खरा उतरना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मधुबनी विधानसभा क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, जलनिकासी एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए उनका प्रयास लगातार जारी रहेगा। उन्होंने मधुबनी की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसहयोग, स्नेह और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना तथा मधुबनी को विकास और समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना उनका संकल्प है।

## सोशल मीडिया पर हंथियार लहराने वाले एक विधि विरूद्ध बालक को किया गया निरूद्ध, एक अवैध देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतुस बरामद

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि 21 जून को थानाध्यक्ष, नरहिया थाना को सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो एवं फोटो प्राप्त हुआ। जिसमें यह देखा गया कि एक बालक, सा०-ननपट्टी अवैध देशी कट्टा के साथ फोटो खिचवाया हुआ है एवं कट्टा लहराते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है जो कि वायरल हो रहा है। इस संबंध में वरीय पदाधिकारी को सुचित करते हुए प्राप्त निदेर्शानुसार सुचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस बल के साथ उक्त युवक के घर पहुँचकर आवश्यक पुछ-ताछ हेतु बालक को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर विधिवत रूप से थाना लाया गया। पुछताछ के क्रम में बालक द्वारा बताया गया कि मैं लोगों को डराने-धमकाने एवं समाज में रौब जमाने के लिए देशी कट्टा के साथ फोटो/विडियो बनाकर सोशल मिडिया पर वायरल किये है। कट्टा एवं गोली के संबंध में उसके द्वारा बताया गया कि मेरे गाँव में स्थित पानी टंकी के पास झाड़ी में छिपाकर रखे हुए है। नरहिया थाना की पुलिस टीम द्वारा सतीश कुमार को साथ लेकर उक्त निशानदेही पर पहुँचकर तलाशी के क्रम में झाड़ी के अन्दर प्लास्टीक में छिपाकर रखा हुआ 01 देशी कट्टा एवं 01 जिंदा कारतुस बरामद हुआ। बरामद देशी कट्टा एवं कारतुस के संबंध में वैध कागजात का मॉग किये जाने पर उक्त द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किये। जप्ती सुची तैयार कर जप्त किया गया!

## लंबित वेतन भुगतान की मांग को लेकर आशा कार्यकर्ताओं का धरना

**जयनगर (एनएसबी)।** जयनगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) परिसर में बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ से जुड़ी सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा) ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों, विशेषकर बकाया वेतन भुगतान को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। धरना कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आशा कार्यकताओं ने भाग लिया और विभागीय अधिकारियों से शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की।



प्रदर्शन करते ।

धरना की अध्यक्षता मंजुली देवी ने की। इस दौरान आशा कार्यकताओं ने कहा कि लंबे समय से उनके मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि का भुगतान लंबित है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में आशा कार्यकताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसके बावजूद समय पर भुगतान नहीं होने से उनके बीच असंतोष बढ़ रहा है। कार्यकताओं ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग से अविलंब बकाया राशि जारी करने की मांग की। धरना के दौरान आशा कार्यकताओं ने अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा तथा चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे लगातार जनस्वास्थ्य से जुड़े कार्यों का निर्वहन करती हैं, लेकिन उनके मेहनताना के भुगतान में हो रही देरी न्यायसंगत नहीं है। इस संबंध में अनुमंडल अस्पताल के स्वास्थ्य प्रबंधक प्रभाष कुमार प्रशांत ने बताया कि आशा कार्यकताओं के लंबित भुगतान का मामला ट्रेजरी स्तर पर लंबित है। उन्होंने कहा कि मार्च माह तक के भुगतान में ट्रेजरी डिफॉल्ट की समस्या सामने आई है, जिसके कारण राशि का भुगतान समय पर नहीं हो सका। उन्होंने जानकारी दी कि कुल 150 आशा कार्यकताओं के भुगतान की प्रक्रिया चल रही है। प्रथम चरण में 75-75 के समूह में भुगतान की व्यवस्था की गई थी, जिसमें 106 आशा कार्यकताओं का भुगतान पहले ही प्रक्रिया में डाल दिया गया है। स्वास्थ्य प्रबंधक ने बताया कि आशा कार्यकताओं द्वारा लिखित आवेदन दिए जाने के बाद विभाग ने तत्परता दिखाई और शाम तक 75 आशा कार्यकताओं के बैंक खातों में राशि भेज दी गई। शेष भुगतान भी प्रक्रिया पूरी होते ही संबंधित खातों में भेज दिया जाएगा। धरना कार्यक्रम में संगीता देवी, अंशु कुमारी यादव, उषा सिंह, ललित देवी, रसीदा खातून, मंजू देवी, वीणा देवी, राजकुमारी देवी, मालती देवी, पूनम देवी, विमला देवी, संगीता सिन्हा, सीमा सिंह, आशा देवी, रेखा देवी, रामप्रीत देवी, तारा देवी, बुधनी देवी, मीरा देवी, रानी कुमारी सहित बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता उपस्थित थीं। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक, डीएम ने की शांति व सद्भाव बनाये रखने की अपील

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण, सफल एवं सुचारू आयोजन सुनिश्चित करने तथा जिले में विधि-व्यवस्था पूरी तरह संधारित रखने के उद्देश्य से मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी कुमार गौरव एवं एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से की। बैठक में जिला शांति समिति के सदस्यों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों को पर्व के दौरान शांति, सद्भाव एवं आपसी भाईचारे का वातावरण बनाये रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिया गया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने आवश्यक सुझाव एवं फीडबैक प्रस्तुत किये।

बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी कुमार गौरव ने कहा कि मुहर्रम जिले का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसके आयोजन में सभी समुदायों की सहभागिता और सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना को समय रहते समाप्त किया जा सके। उन्होंने समिति के सदस्यों द्वारा दिये गये सुझावों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक पहल करने को आश्वस्त किया। एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने कहा कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारी की गई है। जिले मे विधि व्यवस्था पूरी तरह से नियंत्रित रखने के लिए सभी महत्वपूर्ण बांछित क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखी जाएगी। जुलूस मार्गों, भीड़भाड़ वाले स्थानों तथा प्रमुख चौक-चौराहों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय रहेगा। मुहर्रम पर्व के अवसर पर जिले भर में पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस


मुहर्रम पर्व के मद्देनजर जिला शांति समिति की बैठक करते डीएम व एसएसपी।

पदाधिकारी तैनात किये जाएंगे। किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने के लिए क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) को पूरी तरह सक्रिय रखा जायेगा। साथ ही साइबर सेल को भी विशेष रूप से अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया है। ताकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फैलाए जाने वाले किसी भी गलत, भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा अफवाहपूर्ण संदेशों पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

बैठक मे स्पष्ट किया गया कि सोशल मीडिया पर गलत, भ्रामक सूचना, अफवाह अथवा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले पोस्ट प्रसारित करने वालों पर कड़ी नजर रखी जायेगी। ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने जिलावासियों से अपील की कि किसी भी अपुष्ट सूचना पर विश्वास न करें और संदिग्ध संदेशों की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी व पश्चिमी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को अपने-अपने क्षेत्र में निकलने वाले ताजिया जुलूसों एवं अन्य कार्यक्रमों के निर्धारित रूटलाइन का भौतिक निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जुलूस मार्गों की स्थिति, विद्युत तारों, सड़क की स्थिति तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की पूर्व समीक्षा कर संभावित समस्याओं का समाधान समय से पूर्व सुनिश्चित किया जाय। साथ ही पर्व के दौरान प्रभावी मॉनिटरिंग एवं सतत निगरानी रखने पर विशेष बल दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पुलिस पेट्रोलिंग विशेषकर रात्रि के समय बढ़ाने का निर्देश दिया गया। पुलिस को संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करने तथा स्थानीय लोगों से समन्वय बनाये रखने को कहा गया। इसके अलावा ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए भी विशेष कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया गया ताकि जुलूसों के दौरान आम लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में ध्वनि प्रदूषण एवं कानून-व्यवस्था के मद्देनजर डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लागू रखने का निर्णय दोहराया गया।

बैठक मे स्पष्ट किया गया कि किसी भी प्रकार के डीजे के उपयोग की अनुमति नहीं होगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला शांति समिति के सदस्य विनय पाठक, इरशाद हुसैन गुड्डू, प्रो शब्बीर अहमद, के पी पप्पू, जितेंद्र गुप्ता सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने एक स्वर में जिले में शांति एवं सामाजिक सौहार्द कायम रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### बेला औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप, फैक्ट्री में रखा लाखों का सामान और मशीनें जल कर राख

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर के बेला इंडस्ट्रीयल एरिया फेज-1 में स्थित श्री कृष्णा प्रोडक्ट फैक्ट्री में मंगलवार की सुबह अचानक भीषण आग लग गई। आसमान तक उठती लपटों के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने खुद आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तबतक आग विकराल रूप ले चुकी थी। देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री आग की चपेट में आ गई और फैक्ट्री के अंदर रखा लाखों रुपये का सामान और मशीनें जलकर राख हो गईं। इस घटना में किसी के हताहत होने की सुचना नहीं है। फैक्ट्री में आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। सुबह अचानक जब हादसा हुआ तो वहां 2 व्यक्ति तैनात थे। दोनों कुछ समझ पाते, इससे पहले ही सबकुछ जलकर खाक हो गया। मामले की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन इससे पहले पूरा प्लांट जलकर राख हो गया था। बताया जा रहा है कि जब फैक्ट्री में आग लगी तो फैक्ट्री के भीतर कोई मजदूर नहीं था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि, एक व्यक्ति के मामूली तौर पर जख्मी होने की सूचना है. हैरानी की बात यह है कि फैक्ट्री के भीतर कोई फायर सेफ्टी सिस्टम भी नहीं लगाया गया था। अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने बताया कि फैक्ट्री में फायर सेफ्टी सिस्टम की कोई व्यवस्था नहीं थी. जब भी इस फैक्ट्री का ऑडिट करने के लिए अग्निशमन विभाग के अधिकारी आते थे, प्लांट का मालिक फैक्ट्री बंद कर फरार हो जाता था। इस पुरे मांमले में फैक्ट्री मालिक की लापरवाही सामने आई है। अग्निश्मन पदाधिकारी ने बताया कि लापरवाह फैक्ट्री मालिक के खिलाफ बिना फायर सेफ्टी सिस्टम लगाए फैक्ट्री चलाने के मामले में कार्रवाई की जाएगी।


फैक्ट्री में लगी भीषण आग पर काबू पाने में जुटी फायर बिग्रेड की टीम।

### साहेबगंज में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन की मौत, दो घायल

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** साहेबगंज थाना क्षेत्र स्थित इन्द्रदेव चौक के समीप मंगलवार को दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों बाइक तेज रफ्तार में थीं। इन्द्रदेव चौक के पास अचानक दोनों वाहनों की भिड़ंत इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जुट गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा। वहीं, मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मृतकों और घायलों की पहचान की प्रक्रिया में जुटी है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। इस दर्दनाक दुर्घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। इस मामले में पुलिस ने बताया कि घायलों की भी स्थिति गंभीर है, जिसके कारण मृतकों की भी पहचान नहीं हो सकी है।

### भाजपा मुजफ्फरपुर पूर्वी ने श्रद्धापूर्वक मनाया डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** भाजपा मुजफ्फरपुर पूर्वी के जिला कार्यालय में मंगलवार को महान शिक्षाविद्, प्रखर राष्ट्रवादी और जनसंघ के संस्थापक महामानव डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को 'बलिदान दिवस' के रूप में अत्यंत श्रद्धा और गौरव के साथ मनाया गया। मौके पर उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, जिला भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने डॉ मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश के लिए उनके ऐतिहासिक सर्वोच्च बलिदान को याद किया। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा, प्रदेश मंत्री मनोज कुमार चौधरी, वरिष्ठ नेत्री डॉ ममता रानी, राम कुमार झा, उपाध्यक्ष अरबिंद कुमार, महामंत्री मनोज तिवारी, रविशंकर कुशवाहा व मंत्री कृष्णा महतो ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पूरा जीवन राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए समर्पित था। "एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे" का नारा देकर उन्होंने कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर से अनुच्छेद 370 का खात्मा किया जाना डॉ मुखर्जी के उसी अधूरे सपने और संकल्प की सच्ची परिणति है। इस मौके पर सभी उपस्थित लोगो ने डॉ मुखर्जी के पदचिह्नों पर चलते हुए राष्ट्र निर्माण और संगठन की मजबूती के लिए निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने की, जबकि मंच संचालन उपाध्यक्ष व अधिवक्ता अरविंद कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन अंकज सिंह ने किया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, फेकु राम, मंत्री पारितोष सिंह, लालबाबू सहनी, मीडिया टीम प्रमुख सह कोषाध्यक्ष डॉ साकेत शुभम ठाकुर, प्रवक्ता जुनैद खान, सिद्धार्थ कुमार, मीडिया प्रभारी गौतम सर्राफ, दीपक शर्मा, प्रीतम ठाकुर, सोशल मीडिया संयोजक पंकज चौहान, मोर्चा अध्यक्ष दिवाकर शर्मा, ओंकार पासवान, संयोजक कृपा शंकर सर्राफ, विजय वर्मा, विधानसभा प्रभारी अरविंद सिंह, अंकज सिंह, सतीश कुमार, अमिताभ कुमार, संगीना कुशवाहा, उमंग कुमार, श्लोक श्रीवास्तव, मनीष चौधरी, अंजली शाह, कविता सिंह, जया कुमारी, विभा पंडित, बन्दना भारती, आनंद राम, अशोक मुखिया, उमेश पाण्डेय सहित जिला कमेटी, विभिन्न मोर्चा के अध्यक्षों एवं प्रभारियों सहित भारी संख्या में कार्यकताओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।


डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा व भाजपा के अन्य नेतागण।

## बागमती नदी का जलस्तर बढ़ने से औराई में चचरी पुल टूटा, औराई और कटरा प्रखंड में तबाही

# दर्जनों गांवों का प्रखंड मुख्यालय से संपर्क भंग

**मुजफ्फरपुर (दैनिक नवसंदेश)।** जिले से होकर गुजरने वाली बागमती नदी के जलस्तर में अचानक भारी बृद्धि होने से औराई और कटरा प्रखंड क्षेत्र में नदी किनारे बसे लोगो की परेशानी बढ़ गई है और इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। बागमती नदी के जलस्तर में अचानक हुई वृद्धि के कारण औराई एवं कटरा प्रखंड के दर्जनों गांवों का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से भंग हो गया है, जिससे ग्रामीणों के सामने आवागमन का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।


औराई के मधुबन प्रताप में बागमती नदी के उफान से ध्वस्त हुआ चचरी पुल।

औराई प्रखंड के मधुबन प्रताप घाट पर बना चचरी पुल बागमती की तेज धारा में ध्वस्त हो गया। पुल टूटने के कारण इलाके के कई गांवों का औराई प्रखंड मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। अब ग्रामीणों को अपने जरूरी कार्यों से औराई प्रखंड मुख्यालय पहुंचने के लिए 20 से 25 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। बताया गया है कि मधुबन प्रताप में बना चचरी पुल ध्वस्त होने की खबर से आसपास के गांवों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग सुरक्षित रास्तों की तलाश में जुट गए है। उधर, कटरा प्रखंड में भी बगमती नदी के जलस्तर में हुई बृद्धि से इलाके के लोगो की तबाही बढ़ गई है।

बागमती नदी में अचानक आए उफान और जलस्तर के बढ़ते दबाव के कारण कटरा का पीपा पुल भी ध्वस्त हो गया, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप पड़ गया है। इस पुल के टूटने से दर्जनों गांवों का

**प्रखंड मुख्यालय पहुंचने के लिए 20 से 25 किमी अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही**

कटरा प्रखंड मुख्यालय से संपर्क कट गया है। अब लोगों को प्रखंड कार्यालय पहुंचने के लिए 40 से 45 किलोमीटर तक का लंबा चक्कर लगाना पड़ेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलों के ध्वस्त होने से सबसे अधिक परेशानी मरीजों, छात्रों और किसानों को हो रही है। इमरजेंसी की स्थिति में लोगों को अस्पताल पहुंचाने में भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। बिना बरसात के ही क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने से परेशान क्षेत्र के ग्रामीणों ने प्रशासन से वैकल्पिक व्यवस्था करने और प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। फिलहाल नदी का बढ़ता जलस्तर लोगों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है और पूरे इलाके में भय और अनिश्चितता का माहौल कायम हो गया है।


नदी के जल दबाव से कटरा पीपा पुल क्षतिग्रत, बंद हुआ वाहनो का परिचलन।

## पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से की शिष्टाचार भेंट

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** राज्य के पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा ने मंगलवार को पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने एक दूसरे का स्वागत व अभिवादन किया। इसके पश्चात पूर्व मंत्री श्री शर्मा ने मुजफ्फरपुर के सर्वांगीण विकास, आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण तथा जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर मुख्यमंत्री के साथ विस्तार से चर्चा की।

मुलाकात के दौरान सुरेश कुमार शर्मा ने मुजफ्फरपुर हवाई अड्डा परियोजना के महत्व को रेखांकित करते हुए इसके शिलान्यास की प्रक्रिया में तेजी लाने का मुख्यमंत्री से आग्रह किया। इस पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पताही हवाई अड्डे का जल्द से जल्द शिलान्यास कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना उत्तर बिहार के विकास, निवेश, व्यापार, पर्यटन तथा रोजगार के नए अवसरों को गति प्रदान करेगी।

इसके अतिरिक्त मुजफ्फरपुर के आधारभूत विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार एवं अन्य जनहित के मुद्दों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने सभी विषयों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। भेंट के पश्चात सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री का दूरदर्शी नेतृत्व एवं मार्गदर्शन मुजफ्फरपुर को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक सिद्ध होगा।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पताही हवाई अड्डा परियोजना के शीघ्र शिलान्यास से जिले सहित पूरे उत्तर बिहार के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी। श्री शर्मा ने कहा कि वे मुजफ्फरपुर के विकास एवं जनहित के मुद्दों को निरंतर सरकार के समक्ष मजबूती से उठाते रहेंगे और जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे।

**मुजफ्फरपुर के विकास एवं पताही हवाई अड्डे के शीघ्र शिलान्यास पर हुई चर्चा**


आवास पर मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री को बुके भेंटकर स्वागत करते पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा।

## प्रखंडों के दौरे पर निकले डीएम ने विकास कार्यों और बाढ़ तैयारी का लिया जायजा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिलाधिकारी कुमार गौरव ने मंगलवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों का भ्रमण कर विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, प्रशासनिक व्यवस्था तथा बाढ़ आपदा की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने साहेबगंज, पारु एवं सरैया प्रखंड का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रखंड कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति, कार्य निष्पादन की स्थिति तथा जनहित से जुड़े मामलों की समीक्षा की। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी कार्यालयों में कर्मियों की उपस्थिति बायोमेट्रिक प्रणाली का उपयोग कर सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही नियमानुसार वेतन भुगतान किया जाए तथा कार्यालयी अनुशासन को हर हाल में बनाये रखा जाए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कर्मी प्रखंड मुख्यालय में उपस्थित रहें और सरकारी कार्यों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आम जनता से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जनता को समय पर सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसके लिए सभी अधिकारियों को जवाबदेही के साथ कार्य करने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने संभावित बाढ़ आपदा की तैयारियों की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित कर ली जाएं।

उन्होंने कहा कि राहत शिविरों की स्थापना, सामुदायिक किचेन की व्यवस्था, नावों की उपलब्धता, गोताखोरों की सूची, मेडिकल टीमों की तैनाती तथा अन्य आवश्यक संसाधनों की तैयारी पूरी तरह अद्यतन रखी जाय। साथ ही नियमित समीक्षा कर यह सुनिश्चित किया जाय कि किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने में सक्षम हो। जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ प्रोटोकाल के अनुरूप कार्य करें और संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखें।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ से संबंधित सभी तैयारियों का समय-समय पर सत्यापन किया जाए ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया जा सके। मुहर्रम पर्व को लेकर भी जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान जिले में शांति, सद्भाव और सामाजिक सौहार्द बनाये रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण करें और स्थानीय स्तर पर प्रभावी निगरानी बनाये रखें। उन्होंने शांति समिति की बैठक आयोजित करने तथा जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं और आम नागरिकों के साथ समन्वय स्थापित कर पर्व का शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।


प्रखंड मुख्यालय पहुंच स्थानीय अधिकारियो से विकास कार्यो की जानकारी लेते जिलाधिकारी।

# 25 जून से मुजफ्फरपुर में सजेगा चार दिवसीय पुस्तक मेला

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर के कलमबाग रोड स्थित आदर्श छात्रावास परिसर में 25 से 28 जून 2026 तक चार दिवसीय भव्य पुस्तक मेले का आयोजन किया जाएगा। बिहार पुस्तक मेला परिक्रमा के चौथे चरण के रूप में आयोजित यह मेला पुस्तकों के साथ-साथ साहित्यिक, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा।

यह जानकारी देते हुए समय इंडिया ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी चंद्र भूषण ने बताया कि समय इंडिया (ट्रस्ट) नई दिल्ली, पुस्तक मेला समिति (रजि) नई दिल्ली एवं प्रज्ञा रिसर्च एसोसिएशन (प्राण) रांची के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मेले में मुजफ्फरपुर समेत वैशाली, सीतामढ़ी, शिवहर, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण और समस्तीपुर के पाठकों एवं साहित्य प्रेमियों की बड़ी भागीदारी होंगी। इस पुस्तक मेला में समय प्रकाशन, यश प्रकाशन, दीपा प्रकाशन, अनु प्रकाशन, राजकमल प्रकाशन, वाणी प्रकाशन, प्रभात प्रकाशन, राधाकृष्ण प्रकाशन, डायमंड बुक्स, पेंगुइन प्रकाशन, हिन्द युग्म, गीता प्रेस, गोवो बुक्स, उपकार प्रकाशन और मनोज पब्लिकेशंस सहित कई प्रमुख प्रकाशकों की हजारों पुस्तकें एक ही छत के नीचे उपलब्ध रहेंगी। साहित्य, इतिहास, विज्ञान, प्रतियोगी परीक्षाओं, धार्मिक ग्रंथों, जीवनी, बाल साहित्य, व्यक्तित्व विकास, प्रेरणादायक पुस्तकों और समसामयिक विषयों पर आधारित पुस्तकें पाठकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होंगी। पुस्तक मेले के दौरान चित्रकला, कविता पाठ, कहानी वाचन, गायन, नृत्य एवं अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलेगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र, पुस्तकें और आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त पुस्तक मेला के मंच से कवि सम्मेलन, साहित्यिक परिचर्चा, पुस्तक विमोचन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रेरक संवाद सत्र भी आयोजित होंगे, जिनमें विभिन्न राज्यों से आने वाले साहित्यकार, कवि और कलाकार अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियां देंगे। मेले में स्थानीय लेखकों, कवियों और नवोदित साहित्यकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विशेष "लेखक कोना" बनाया जाएगा। यहां उनकी पुस्तकों का प्रदर्शन किया जाएगा और उन्हें पाठकों से सीधे जुड़ने का अवसर मिलेगा। आयोजकों का मानना है कि क्षेत्रीय साहित्य और स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देकर ही साहित्यिक संस्कृति को और समृद्ध बनाया जा सकता है।समय प्रकाशन समूह के स्टॉल पर झारखंड के क्रांतिकारियों, जनजातीय संस्कृति, पर्यटन, इतिहास, मंदिरों और प्रमुख नदियों पर आधारित पुस्तकों के साथ-साथ बिहार के इतिहास, मिथिला, भोजपुरी और मगही संस्कृति, स्वतंत्रता आंदोलन तथा साहित्यिक विभूतियों पर आधारित विशेष पुस्तकें भी उपलब्ध रहेंगी।

समय इंडिया (ट्रस्ट) के प्रबंध न्यासी चंद्र भूषण ने कहा कि पुस्तकें समाज में ज्ञान, जागरूकता और सकारात्मक सोच विकसित करने का सबसे प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों, साहित्यकारों और पुस्तक प्रेमियों से परिवार सहित पुस्तक मेले में शामिल होकर पठन-पाठन की संस्कृति को मजबूत करने का आह्वान किया। चार दिनों तक चलने वाला यह आयोजन मुजफ्फरपुर की साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को नई ऊर्जा देगा तथा उत्तर बिहार के पुस्तक प्रेमियों के लिए ज्ञान, संवाद और रचनात्मकता का एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।


पुस्तक मेला की तैयारी में लगे आयोजक मंडल की टीम।

**किताबों, कविताओं और संस्कृति का संगम**

### शांतिपूर्ण एवं सद्भावना पूर्ण मुहर्रम त्योहार के आयोजन के मद्देनजर अधिकारियों को दिए गए आवश्यक निर्देश

# अफवाह फैलाने वाले व सोशल मीडिया का बेजा इस्तेमाल करने वालों पर की जाएगी कार्रवाई

**सीतामढ़ी (दैनिक नवसंदेश)।** आगामी मुहर्रम पर्व-2026 के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर सीतामढ़ी जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। सांप्रदायिक सौहार्द एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर परिचर्चा भवन में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की संयुक्त अध्यक्षता जिलाधिकारी रिची पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने की, जिसमें उपस्थित सभी प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए।

**सभी ताजिया जुलूस के लिए अनुज्ञप्ति लेना अनिवार्य**

**डीजे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध, अनुपालन नहीं करने पर की जाएगी कठोर कार्रवाई**

बैठक में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों (एसडीओ) और अनुमंडल पुलिस अधिकारियों (एसडीपीओ) को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में विगत त्योहारों के अनुभवों को ध्यान में रखें। पिछले समय में उत्पन्न हुई समस्याओं की समीक्षा करते हुए सभी संवेदनशील और अतिसंवेदनशील स्थलों को चिन्हित किया जाए और वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम पहले से ही सुनिश्चित किए जाएं, ताकि असामाजिक तत्व किसी भी तरह की अप्रिय घटना या व्यवधान को अंजाम न दे सकें। संदिग्ध और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले तत्वों के खिलाफ पूर्व से ही धारा 107 और 110 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करने तथा अधिक से अधिक संख्या में बंध पत्र (बॉन्ड) निर्गत करने का आदेश दिया गया है। सभी थानों को अपने यहां की गई इस कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट जिला मुख्यालय को उपलब्ध करानी होगी। इसके साथ ही, समाज में आपसी भाईचारा और सांप्रदायिक सद्भावना को मजबूत करने के लिए अनुमंडल, प्रखंड और थाना स्तर पर शांति समिति की बैठकें आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। विशेष रूप से ताजिया रखने वाले स्थानों की संवेदनशीलता के आधार पर स्थानीय मुहर्रम कमेटियों के साथ समन्वय स्थापित कर बैठकें करने को कहा गया है। प्रशासन ने इस बार मुहर्रम के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। सभी अधिकारियों को निर्देश है कि वे अपने क्षेत्रों के डीजे संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें इस प्रतिबंध की अग्रिम नोटिस दे दें। किसी भी परिस्थिति में नियमों का उल्लंघन करने वाले संचालकों पर प्राथमिकी दर्ज कर कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी।



बैठक में पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक।

जुलूसों के प्रबंधन को लेकर भी सख्त नियम तय किए गए हैं। मुहर्रम पर निकलने वाले सभी जुलूसों के रूट का भौतिक सत्यापन करने के बाद ही लाइसेंस (अनुज्ञप्ति) जारी की जाएगी। इस अनुज्ञप्ति में जुलूस में शामिल होने वाले मुख्य व्यक्तियों के फोटो, मोबाइल नंबर और पूरी जानकारी दर्ज होगी। जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार के घातक हथियार या शस्त्र के प्रदर्शन, उत्तेजक एवं भड़काऊ गानों, और नारेबाजी पर पूरी तरह रोक रहेगी। सभी जुलूसों की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी अनिवार्य रूप से कराई जाएगी ताकि हुड़दंगियों पर नजर रखी जा सके। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी प्रशासन की पैनी नजर रहेगी; अफवाह फैलाने वाले या सौहार्द बिगाड़ने वाले पोस्ट, ऑडियो या वीडियो प्रसारित करने वालों को चिन्हित कर तुरंत जेल भेजा जाएगा।

नागरिक सुविधाओं के लिए नगर निगम को जुलूस मार्गों की सफाई और गड्ढों को तुरंत ठीक करने तथा विद्युत विभाग को ढीले तारों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। मद्यनिषेध विभाग नई उत्पाद नीति का कड़ाई से अनुपालन कराएगा और परिवहन विभाग लगातार सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाएगा। आपातकालीन स्थितियों और सुचारू निगरानी के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्रशाखा सीतामढ़ी में एक मुख्य नियंत्रण कक्ष (दूरभाषः 06226-250316) स्थापित किया गया है। इसके अलावा पुपरी (06228-295555) और बेलसंड (9473191291) अनुमंडलों में भी नियंत्रण कक्ष सक्रिय रहेंगे। जिले के सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। इस महत्वपूर्ण ब्रीफिंग बैठक में अपर समाहर्ता संजीव कुमार, डीडीसी संदीप कुमार, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन बृजकिशोर पांडेय सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### राजस्थान-सीतामढ़ी के लिए ट्रेन की नियमित सेवा शुरू, यात्रियों में खुशी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** राजस्थान और मिथिलांचल को सीधे जोड़ने वाली ट्रेन संख्या 19725/19726 खातीपुरा (जयपुर)-दरभंगा एक्सप्रेस की नियमित सेवा शुरू हो गई है। खातीपुरा (जयपुर) से चली ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किए जाने के बाद सीतामढ़ी पहुंचने पर इसका भव्य स्वागत किया गया। केन्द्रीय रेलवे रेलयात्री संघ एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) सीतामढ़ी के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सुन्दरका ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और सीतामढ़ी सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माता सीता की



सीतामढ़ी में ट्रेन का स्वागत करते रेलयात्री संघ के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार

प्राकट्य स्थली सीतामढ़ी से राजस्थान के लिए नियमित रेल सेवा शुरू होने से पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि इससे पर्यटन, व्यापार, शिक्षा एवं रोजगार के लिए यात्रा करने वाले यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर श्री सुन्दरका एवं कैट के सचिव आलोक कुमार ने उद्घाटन ट्रेन के लोको पायलट अरविन्द कुमार तथा वरिष्ठ सहायक लोको पायलट अभिनव राज को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक, समस्तीपुर मंडल के रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में स्टेशन अधीक्षक नीतीश्वर कुमार सिंह, वाणिज्य अधीक्षक अजय कुमार, रामप्रवेश प्रसाद, नोलेज धानुकार, मनोरंजन कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। नागरिकों ने भी नई ट्रेन सेवा शुरू होने पर खुशी जताते हुए रेलवे प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को बधाई दी।

### सीतामढ़ी प्रेस क्लब में पत्रकार एवं साहित्यकार स्व. योगेंद्र रीगावाल की 32वीं पुण्यतिथि मनी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार स्वर्गीय योगेंद्र रीगावाल की 32वीं पुण्यतिथि सोमवार को सीतामढ़ी प्रेस क्लब में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पत्रकारों, साहित्यकारों एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश रंजन ने की। वहीं मौके पर उपस्थित अन्य वक्ताओं ने स्व. रीगावाल के पत्रकारिता जीवन और सामाजिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। सभा में उनके ज्येष्ठ पुत्र और जेपी सेनानी शिव कुमार ने कहा कि उनके पिता ने जीवनभर निष्पक्ष एवं जनपक्षधर पत्रकारिता को महत्व दिया और समाज को सही दिशा देने का कार्य किया। उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में जिले के कई वरिष्ठ पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### माता की रसोई में 80 जरूरतमंदों को कराया भोजन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर, सीतामढ़ी धाम में जून माह के तीसरे मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार की शाम माता की रसोई का आयोजन श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मंदिर परिवार एवं उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा मां वैष्णो देवी की विशेष पूजा-अर्चना और संध्या आरती से हुई। इसके उपरांत चावल, दाल, आलू-परवल-पनीर की रसेदार सब्जी तथा भुनी हुई मिर्च का भोग माता रानी को अर्पित किया गया। भोग के पश्चात मंदिर अतिथि गृह में पाटिया पर बैठाकर लगभग



मंदिर अतिथि गृह में जरूरतमंदों को भोजन परोसते श्रद्धालु।

80 जरूरतमंद लोगों को सम्मानपूर्वक भरपेट भोजन कराया गया। भोजन प्राप्त करने वालों में रिक्शा एवं ठेला चालक तथा मांगकर जीवनयापन करने वाले लोगों की संख्या विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। इस सेवा कार्य का आयोजन डॉ. दीपक कुमार चौधरी, अध्यक्ष, सुदर्शन लायन आई हॉस्पिटल एवं उनकी धर्मपत्नी पौली चौधरी के सौजन्य से किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय कुमार सिन्हा (अध्यक्ष, मां वैष्णो देवी सेवा मंडल), राजीव कुमार राजा (महासचिव), अमित कुमार रवि (सचिव), सुजय कुमार पप्पू (सदस्य), समाजसेवी रोहित कुमार तथा शेषांत कुमार की सक्रिय भागीदारी रही। मंदिर प्रबंधन ने कहा कि माता की रसोई का उद्देश्य जरूरतमंदों की सेवा करना तथा समाज में परोपकार और मानवता की भावना को मजबूत करना है। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने मां वैष्णो देवी से सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

### विभिन्न अंचलों में राजस्व संबंधी मामलों के निष्पादन में लापरवाही पर डीएम ने लिया कड़ा संज्ञान

# राजस्वकर्मियों व सीओ के कार्यों की होगी जांच

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी श्री रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में विभिन्न अंचलों में राजस्व संबंधी मामलों के निष्पादन में पाई गई लापरवाही पर कड़ा संज्ञान लेते हुए संबंधित कर्मियों एवं पदाधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान समीक्षा में पाया गया कि नानपुर प्रखंड के राजस्व कर्मी पवन कुमार द्वारा बिहार सरकार की भूमि को मठ की भूमि दर्शाते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित डीसीएलआर से विस्तृत जांच कराने तथा जांच प्रतिवेदन प्राप्त करने हेतु अपर समाहर्ता को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

इसी प्रकार बथनाहा अंचल के राजस्व कर्मी राजेंद्र ठाकुर द्वारा राम जानकी मठ की भूमि के दाखिल-खारिज की अनुशंसा किए जाने का मामला सामने आया, जिसके आधार पर उक्त भूमि का म्यूटेशन भी कर दिया गया।

**राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी की सख्त कार्रवाई**

**राजस्व कर्मचारियों के प्रतिवेदन में पाई गयी भारी अनियमितता**

**किसी ने बिहार सरकार की भूमि को बता दी मठ की जमीन तो किसी ने श्मशान भूमि का कर दिया म्यूटेशन**

वहीं, रुन्नीसैदपुर प्रखंड के राजस्व कर्मी रिन्तु कुमार द्वारा श्मशान भूमि के म्यूटेशन की अनुशंसा किए जाने तथा अंचल अधिकारी द्वारा उसका निष्पादन कर दिए जाने का मामला भी समीक्षा के दौरान उजागर हुआ।

समीक्षा के क्रम में रीगा प्रखंड के राजस्व कर्मी धर्मेंद्र कुमार के कार्यों में भी गंभीर कमियां पाई गईं। जिलाधिकारी ने पाया कि उनके द्वारा परिमार्जन एवं दाखिल-खारिज के अनेक मामलों को अनावश्यक रूप से लंबित रखा गया है। साथ ही कार्य निष्पादन में शिथिलता एवं अनुशासनहीनता भी परिलक्षित हुई।

उक्त सभी मामलों को गंभीर प्रशासनिक त्रुटि मानते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित राजस्व कर्मियों के कार्यों की विस्तृत जांच कराने तथा उनके विरुद्ध प्रपत्र ह्यकह्न गठित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त नानपुर, बथनाहा एवं रुन्नीसैदपुर के अंचल अधिकारियों की भूमिका की भी जांच कराते हुए अगले आदेश तक उनके वेतन भुगतान पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया।

उपरोक्त सभी राजस्व कर्मियों द्वारा की गई अनुशंसा एवं उक्त आलोक में अंचल अधिकारी द्वारा लिए गए निर्णय की गहन जांच कराने का निर्देश है। जांचोपरांत प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर संबंधित पर कठोरतम अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के साथ विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सरकारी भूमि, सार्वजनिक उपयोग की भूमि तथा धार्मिक संस्थाओं से संबंधित भूमि मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा तथ्यहीन प्रतिवेदन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी राजस्व पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि भूमि संबंधी मामलों का निष्पादन पूरी सतर्कता, तथ्यात्मक जांच एवं विधिक प्रावधानों के अनुरूप किया जाए।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते भाजपा नेता।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी, सीतामढ़ी द्वारा भारत की एकता एवं अखंडता के प्रखर राष्ट्रवादी नेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक और महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण को याद किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपलाल बघेला ने की, जबकि मंच संचालन जिला महामंत्री चुनचुन सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री संदीप राय ने किया।

इस अवसर पर रीगा विधायक बैद्यनाथ प्रसाद, परिहार विधायक श्रीमती गायत्री देवी, पूर्व विधायक नगीना देवी, जिला उपाध्यक्ष सुभाष केसरी, जिला मंत्री प्रिंस तिवारी, विशाल सिंह, ज्ञानेंद्र कुमार एवं अवनीश कुमार, सोशल मीडिया संयोजक उमेश गिरी, सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक दर्शन कुमार, गोपाल कुमार, प्रभास चंद्र ठाकुर, सुनील गुप्ता, विशाल कुमार, रामाधार महतो, मुना सिंह यादव, उमेश झा, ललित कुमार, मनोज सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष गौरव कुमार, गगनदेव यादव, मोहित आनंद, अंकुश यादव, संजय प्रियदर्शी, कृष्णा शंकर एवं राहुल कुमार सहित सैकड़ों भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे' का उद्घोष करते हुए देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका राष्ट्रवाद, त्याग, साहस और समर्पण आज भी करोड़ों देशवासियों और भाजपा कार्यकताओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने डॉ. मुखर्जी के आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## सीतामढ़ी के यात्रियों को मिली बड़ी सौगात, जनकपुर रोड स्टेशन पर अब रुकेगी तिरुपति-रक्सौल एक्सप्रेस

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** क्षेत्र के रेल यात्रियों के लिए एक बेहद शानदार और बड़ी खुशखबरी है. भारत सरकार के रेल मंत्रालय ने स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए गाड़ी संख्या 17433/17434 तिरुपति-रक्सौल एक्सप्रेस ट्रेन के जनकपुर रोड रेलवे स्टेशन पर व्यावसायिक ठहराव को आधिकारिक मंजूरी दे दी है। रेलवे बोर्ड के निदेशक संजय आर. नीलम द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार, इस ठहराव को बेहद जल्द और सुविधाजनक तारीख से प्रभावी कर दिया जाएगा. इस फैसले के बाद से क्षेत्र के रेल उपभोक्ताओं और श्रद्धालुओं में हर्ष का माहौल है।

इस सुपरफास्ट ट्रेन का ठहराव जनकपुर रोड पर होने से न केवल स्थानीय यात्रियों को सीधा फायदा पहुंचेगा, बल्कि दक्षिण भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री बालाजी तिरुपति की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी राह बेहद सुगम हो जाएगी। इस सीधी कनेक्टिविटी से व्यापारिक और धार्मिक गतिविधियों को भी काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

रेलवे बोर्ड ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि इस ट्रेन के ठहराव को बहुत ही जल्द व्यावहारिक रूप से लागू कर दिया जाएगा और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक आम जनता को इसकी जानकारी मिल सके।

## शहीद रामफल मंडल का शहादत दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय




शहीद के पैतृक गांव मधुरापुर, बाजपट्टी, सीतामढ़ी में आयोजित बैठक में शामिल लोग।

**बाजपट्टी/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जंगे आजादी की लड़ाई में फांसी को गले लगानेवाले अमर शहीद रामफल मंडल जी का शहादत समारोह सह शहीदी मेला के सफलता के लिए शहीद रामफल मंडल विचार मंच सह धानुक उत्थान महासंघ की संयुक्त बैठक शहीद के पैतृक गांव मधुरापुर, बाजपट्टी, सीतामढ़ी में महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बबलू मंडल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक के मुख्य अतिथि महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष बलिराम सिंह मंडल ने संबोधित करते हुए कहा कि, शहीद रामफल मंडल जी भारत माता को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्ति के लिए फांसी को गले लगाकर देश को आजाद कराया। लेकिन जो सम्मान उन्हें मिलना चाहिए वह नहीं मिल पाया। उन्होंने कहा कि शहीद रामफल मंडल शहादत दिवस एवं शहीदी मेला को राजकीय मेला घोषित कराने, शहीद रामफल मंडल को राजकीय सम्मान दिलाने, उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित करने एवं समाज के सशक्तिकरण के लिए 23 अगस्त शहादत दिवस पर बाजपट्टी में ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। जिसमे बिहार के माननीय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित अन्य नेता शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में बिहार के सभी जिले सहित नेपाल से समाज के लोगों के साथ शहीद रामफल मंडल के विचारों को आत्मसात करने वाले लाखों लोग शामिल होंगे। बैठक में कार्यक्रम की सफलता के लिए राज्यस्तरीय तैयारी समिति बनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में भागलपुर से विनोद मंडल, ओमप्रकाश मंडल, बांका से सम्लेंदर मंडल, सदानंद सिंह, नालंदा से वीरमणि मंडल, योगेंद्र मंडल, आजाद कुमार, लक्खीसराय से रामानन्द मंडल, आरा से सुरेंद्र महतो, पटना से कृष्ण महतो, मुजफ्फरपुर से राजेश मंडल, अमरेंद्र मुखिया, शेखपुरा से प्रवीण कुमार, जगतपाल मंडल सौरभ मंडल, सचिन कुमार, सीतामढ़ी से सियाराम मंडल, युगल किशोर मंडल, शिवचंद्र मंडल/बिनोद बिहारी मंडल, पवन मंडल, रामसूरत मंडल, निरंजन मंडल उपाध्यक्ष नगर निगम सुरसंड, योगेंद्र मंडल, अशोक निराला, महेश मंडल, रवींद्र मंडल, सुरेश मंडल, जितेश मंडल, रामविनोद मंडल, अमीरी मंडल, भरत मंडल, सुखरी मंडल, कपिलेश्वर मंडल, भवेंद्र मंडल, बीरेंद्र मंडल, लालकिशोर मंडल , रामसूरज मंडल सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# अभियोजन की बैठक जिलाधिकारी ने दिए कई आवश्यक निर्देश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में अभियोजन की बैठक की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित रंजन, विधि शाखा के प्रभारी पदाधिकारी, जिला अभियोजन पदाधिकारी,सहायक लोक अभियोजक,विशेष लोक अभियोजक,पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य विधि पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी अभियोजन पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी के साथ सामंजस्य बनाकर कार्य करें। बैठक में स्पीडी ट्रायल से संबंधित मामले एवं सामान्य वाद मामले की समीक्षा की गई। लंबित वादों के निष्पादन की धीमी गति पर नाराजगी प्रकट की गई। निर्देश दिया गया कि सभी विधि पदाधिकारी स्पीडी ट्रायल से संबंधित सभी मामलों का निष्पादन यथा शीघ्र करना सुनिश्चित करें साथ ही समान्य मामलो के निष्पादन में भी प्रगति लाएं।




समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में अभियोजन की बैठक करते डीएम-एसपी।

साथ ही प्रत्येक वाद में राज्य का पक्ष दृढ़तापूर्वक रखा जाय जिससे कि विभिन्न वादों में अधिकाधिक दोष सिद्धि कराया जा सके। दोषसिद्धि के मामले की संख्या कम होने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी प्रकट की गई एवं सख्त निर्देश दिया गया कि अधिकाधिकदोशसिद्धि करवाया जाए। उन्होंने सभी अभियोजन पदाधिकारियों को अपने कार्यों में पर्याप्त सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

अगले माह में प्रत्येक न्यायालय में दोष सिद्धि सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया गया। निष्पादन के अंतिम स्थिति वाले केसो में गवाहों की गवाही ससमय पूर्ण कराकर विचारण प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय द्वारा अभियुक्तों को जल्द सजा दिलाया जाए। जिला लोक अभियोजन पदाधिकारी एवं अपर लोक अभियोजकों को निर्देशित किया गया कि सभी थानेदारों के साथ अभियोजन की मासिक बैठक कर समीक्षा करें ताकि उनके द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत केस डायरी एवं चार्ज शीट की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

बैठक में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण संबंधी अधिनियम, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति, मद्य निषेध आदि विषयों से संबंधित अभियोजन एवं उसके अनुसंधान पर भी चर्चा हुई। इसके अतरिक्त जिला पदाधिकारी के द्वारा उत्पाद एक्ट के तहत वादों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित कराने का निर्देश दिया गया

बैठक में एक्साईज एक्ट, पोक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, एससी/ एसटी एक्ट, हत्या, डकैती, बलात्कार, शस्त्र अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण और गंभीर मामलों को चिन्हित करते हुए प्राथमिकता के आधार पर ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि पीड़ित को त्वरित न्याय दिलाना हम सभी की जिम्मेदारी है और हम सबकी यह प्राथमिकता होनी चाहिए कि हम न्याय समय से दिला सके।

## सम्पादकीय

# जिन हाथों को थामना था स्टेथोस्कोप उन पर लग रही हथकड़ियां

भारतीय समाज में चिकित्सा के पेशे को हमेशा से ईश्वर के बाद सबसे पवित्र और सम्मानजनक स्थान दिया गया है। वैद्यो नारायणो हरि यानी चिकित्सक साक्षात भगवान का रूप होता है, यह मान्यता हमारी संस्कृति की रग-रग में बसी है। एक बीमार इंसान जब सारी उम्मीदें खो देता है, तो वह डाक्टर के सफेद कोट में अपने लिए जीवन की किरण देखता है। लेकिन, क्या हो जब जीवन रक्षक ही शिक्षा और नैतिकता के भक्षक बन जाएं हाल ही में आयोजित नीट री-एग्जाम से जुड़ी जो खौफनाक और शर्मनाक सच्चाई सामने आई है, उसने न केवल इस पवित्र पेशे की गरिमा को तार-तार किया है, बल्कि पूरे देश की परीक्षा प्रणाली और हमारे समाज के गिरते नैतिक मूल्यों पर एक बहुत बड़ा प्रश्नचि खड़ा कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप और देशव्यापी हंगामे के बाद जब नीट का री-एग्जाम आयोजित हुआ, तो लाखों ईमानदार छात्रों और उनके अभिभावकों को यह उम्मीद थी कि कम से कम इस बार यह परीक्षा पूरी तरह से पारदर्शी और निष्कलंक होगी। यह उम्मीद थी कि पिछली बार पेपर लीक और गड़बड़ियों के जो दाग नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) और पूरी व्यवस्था पर लगे थे, उन्हें इस साफ-सुथरी परीक्षा के जरिए धो दिया जाएगा। लेकिन विडंबना देखिए कि यह री-एग्जाम भी विवादों और धांधली के काले साये से बच नहीं सका। इस बार समस्या सिर्फ पेपर लीक की नहीं है, बल्कि उस साल्वर गैंग की है जिसकी जड़ें बिहार के कई प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों तक पहुंच चुकी हैं। यह खबर सामान्य भ्रष्टाचार से कहीं अधिक चिंताजनक है कि जो छात्र खुद दिन-रात एक करके, कड़ी मेहनत से नीट पास करके मेडिकल कॉलेज में पहुंचे थे, वे चंद लाख रुपयों के लालच में आज मुन्नाभाई (सॉल्वर) बनकर दूसरों की जगह परीक्षा देते हुए पकड़े जा रहे हैं।

यह स्थिति केवल एक परीक्षा की नाकामी नहीं है, बल्कि यह एक गहरी सामाजिक और मनोवैज्ञानिक त्रासदी है। जरा उन मेधावी छात्रों के बारे में सोचिए जो इस समय बिहार या देश के अन्य हिस्सों के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। इन छात्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं थी। इन्होने भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक को अपनी योग्यता के दम पर पास किया था। इनके पास एक उज्ज्वल भविष्य था, समाज में बेहिसाब सम्मान था और एक सुरक्षित जीवन था। फिर ऐसा क्या हुआ कि इन्होंने अपने उसी ज्ञान को, अपनी उसी प्रतिभा को शिक्षा माफियाओं के हाथों चंद रुपयों में नीलाम कर दिया इसका सीधा सा उत्तर है -लालच और शॉर्टकट से अमीर बनने की अंधी चाहत। उपभोक्तावादी संस्कृति और रातों-रात करोड़पति बनने की होड़ ने हमारे युवाओं की आंखों पर ऐसा पर्दा डाल दिया है कि उन्हें सही और गलत का, प्रतिष्ठा और पतन का फर्क ही नजर नहीं आ रहा है। वे भूल गए कि जिस सफेद कोट को पहनने के लिए उन्होंने अपनी जवानी के सबसे खूबसूरत साल किताबों में खपा दिए, उस कोट पर जब भ्रष्टाचार का दाग लगता है, तो वह कभी नहीं धुलता।

इस पूरे प्रकरण का सबसे दर्दनाक और हृदयविदारक पहलू इन छात्रों के परिवार वालों की स्थिति है। हमारे देश में, विशेषकर बिहार जैसे राज्यों में, मध्यम वर्ग या निम्न-मध्यम वर्ग के परिवार के लिए अपने बच्चे को डॉक्टर बनाना किसी तपस्या से कम नहीं होता। एक पिता अपने जीवन भर की जमापूंजी लगा देता है, अपनी पैतृक जमीन गिरवी रख देता है, अपने शौक मार देता है। एक मां अपने गहने बेच देती है और न जाने कितनी रातें इस उम्मीद में जागकर काटती है कि उसका बच्चा एक दिन बड़ा डॉक्टर बनेगा। जब ऐसे किसी छात्र का चयन मेडिकल कॉलेज में होता है, तो वह सिर्फ उस छात्र की सफलता नहीं होती, वह पूरे परिवार, पूरे गांव और पूरे मोहल्ले की जीत होती है। माता-पिता का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। लेकिन आज जब टीवी चैनलों और अखबारों की सुर्खियों में वे माता-पिता अपने होनहार बच्चे को पुलिस की गिरफ्त में देखते हैं, उसके चेहरे पर पड़ा काला कपड़ा और हाथों में हथकड़ियां देखते हैं, तो सोचिए उनके दिलों पर क्या गुजरती होगी।

लाखों रुपयों के लोभ में अपने करियर को दांव पर लगाने वाले इन छात्रों ने सिर्फ अपना भविष्य नहीं जलाया है, बल्कि उन्होंने अपने माता-पिता के उन सभी सपनों को भी एक झटके में चिता पर लिटा दिया है जो उन्होंने बरसों से संजोए थे। आज वे परिवार समाज में सिर उठाने लायक नहीं रहे।

# पेंशन : वृद्ध माता-पिता के अधिकारों को नई पहचान


प्रमोद कुमार सिंह ।

पारिवारिक पेंशन केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा और मानवीय संवेदना का आधार है।

पारिवारिक पेंशन की व्यवस्था भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था की उन महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य किसी सरकारी कर्मचारी की मृत्यु के बाद उसके आश्रित परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। यह केवल एक वित्तीय सहायता नहीं, बल्कि उस परिवार के लिए एक संबल है, जो अपने कमाऊ सदस्य को खो देने के बाद असुरक्षा और आर्थिक संकट का सामना करता है। हाल ही में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा दिया गया निर्णय इसी मानवीय और सामाजिक दृष्टिकोण को नई मजबूती प्रदान करता है।

हाईकोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि यदि किसी मृतक कर्मचारी की विधवा पुनर्विवाह कर लेती है और वह मृतक कर्मचारी के परिवार से अलग होकर अपने नए जीवन में स्थापित हो जाती है, तो ऐसी स्थिति में मृतक कर्मचारी के आर्थिक रूप से आश्रित माता-पिता को परिवार पेंशन का लाभ दिया जा सकता है। अदालत का यह निर्णय केवल कानूनी व्याख्या नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और मानवीय संवेदनाओं का भी एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।

भारतीय समाज में माता-पिता अपने बच्चों के पालन-पोषण, शिक्षा और भविष्य निर्माण के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर देते हैं। कई परिवारों में वृद्धावस्था में माता-पिता अपने पुत्र या पुत्री पर आर्थिक और भावनात्मक रूप से निर्भर हो जाते हैं। ऐसे में यदि परिवार का कमाने वाला सदस्य असमय मृत्यु का शिकार हो जाए, तो उसके पीछे छूटे माता-पिता अत्यंत कठिन परिस्थितियों का सामना करते हैं।

सामान्यतः कर्मचारी की मृत्यु के बाद उसकी पत्नी या पति को पारिवारिक पेंशन प्रदान की जाती है। यह व्यवस्था उचित भी है, क्योंकि जीवनसाथी प्राथमिक आश्रित माना जाता है। लेकिन जब परिस्थितियां बदल जाती हैं और विधवा पुनर्विवाह करके अपने नए परिवार के साथ जीवन व्यतीत करने लगती है, तब प्रश्न उठता है कि मृतक कर्मचारी के वृद्ध और असहाय माता-पिता का क्या होगा

यहीं पर हाईकोर्ट का यह निर्णय विशेष महत्व प्राप्त करता है। अदालत ने कहा कि पारिवारिक पेंशन किसी एक व्यक्ति का स्थायी अधिकार नहीं है, बल्कि उसका मूल उद्देश्य मृतक कर्मचारी के आश्रित परिवार को सुरक्षा प्रदान करना है। यदि मूल लाभार्थी किसी कारणवश उस पेंशन पर निर्भर नहीं रह जाता, तो अन्य वास्तविक आश्रितों के अधिकारों पर विचार किया जाना चाहिए।

अदालत ने अपने निर्णय में यह भी स्पष्ट किया कि कानून और नियमों की व्याख्या केवल शब्दों के आधार पर नहीं की जानी चाहिए, बल्कि उनके पीछे छिपे उद्देश्य और मानवीय भावना को भी समझना आवश्यक है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का निर्माण ही इसलिए किया जाता है कि कमजोर और असहाय वर्गो को संरक्षण मिल सके।




आज के बदलते सामाजिक परिवेश में संयुक्त परिवारों का स्वरूप लगातार कमजोर हुआ है। वृद्ध माता-पिता की आर्थिक स्थिति कई बार अत्यंत दयनीय हो जाती है। अनेक वृद्धजन पेंशन, रोजगार या आय के किसी अन्य स्थायी स्रोत से वंचित रहते हैं। ऐसे में यदि उनका पुत्र, जो उनका एकमात्र सहारा था, संसार से चला जाए, तो उनके सामने जीवन-यापन का गंभीर संकट खड़ा हो सकता है।

हाईकोर्ट का यह फैसला इसी सामाजिक यथार्थ को स्वीकार करता है। अदालत ने माना कि वृद्ध माता-पिता भी मृतक कर्मचारी के परिवार का अभिन्न हिस्सा हैं और यदि वे आर्थिक रूप से आश्रित हैं, तो उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

यह निर्णय सामाजिक न्याय की उस अवधारणा को भी मजबूत करता है जिसमें राज्य और उसकी संस्थाओं का दायित्व केवल कानून लागू करना नहीं, बल्कि समाज के कमजोर वर्गो को सुरक्षा प्रदान करना भी है। भारतीय संविधान भी सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की स्थापना की बात करता है। इसी संवैधानिक भावना के अनुरूप अदालतों ने समय-समय पर कल्याणकारी कानूनों की व्यापक और मानवीय व्याख्या की है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह फैसला देश के हजारों ऐसे परिवारों के लिए आशा की किरण बन सकता है, जिनमें वृद्ध माता-पिता अपने दिवंगत पुत्र या पुत्री पर निर्भर थे। कई मामलों में तकनीकी कारणों या नियमों की संकीर्ण व्याख्या के कारण उन्हें पेंशन से वंचित होना पड़ता है। यह निर्णय संबंधित विभागों और प्राधिकरणों को भी यह संदेश देता है कि पेंशन संबंधी मामलों में मानवीय दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है।

हालांकि प्रत्येक मामले के तथ्य अलग-अलग होते हैं और पेंशन का अधिकार संबंधित सेवा नियमों तथा पात्रता की शर्तो पर भी निर्भर करता है, फिर भी इस निर्णय ने एक महत्वपूर्ण सिद्धांत स्थापित किया है कि वास्तविक आश्रितों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

समाज की सभ्यता का आकलन इस बात से भी किया जाता है कि वह अपने बुजुर्गो के प्रति कितना संवेदनशील है। जिन माता-पिता ने अपने बच्चों के भविष्य के लिए जीवन भर संघर्ष किया, उन्हें वृद्धावस्था में असहाय छोड़ देना किसी भी कल्याणकारी राज्य की भावना के अनुरूप नहीं हो सकता।

पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट का यह फैसला केवल एक कानूनी निर्णय नहीं, बल्कि संवेदनशील न्याय का उदाहरण है। यह बताता है कि कानून का उद्देश्य केवल नियमों का पालन कराना नहीं, बल्कि न्याय, करुणा और मानवीय गरिमा की रक्षा करना भी है।

यह निर्णय हमें यह संदेश देता है कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य जरूरतमंद और आश्रित व्यक्तियों तक सहायता पहुंचाना है। यदि किसी व्यवस्था का लाभ उस व्यक्ति तक नहीं पहुंच रहा, जिसे वास्तव में उसकी आवश्यकता है, तो नियमों की पुनर्व्याख्या और मानवीय ष्टिकोण दोनों आवश्यक हो जाते हैं। यही संवेदनशीलता एक न्यायपूर्ण और मानवीय समाज की पहचान है।

## प्राथमिक विद्यालयों में 1 से 7 जुलाई तक मनाया जाएगा पठन पर्व

**मिशन निपुण** के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राज्य के सभी प्राथमिक विद्यालयों में 1 से 7 जुलाई तक पठन पर्व का आयोजन किया जाएगा। 'हर दिन कहानी, हर बच्चे की जुबानी' थीम पर आधारित मिशन निपुण बिहार के इस विशेष अभियान का उद्देश्य बच्चों में पठन संसति को प्रोत्साहित करना तथा भाषा दक्षता के विकास को गति देना है। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी (समग्र शिक्षा) और प्रखंड शिक्षा अधिकारियों के पास पत्र भेजा है।

पत्र में कहा गया है कि इस कार्यक्रम के तहत दूसरी कक्षा के सभी बच्चे रोज 15 मिनट तक अपनी पसंदीदा भाषा, हिन्दी, उर्दू, बांग्ला, मैथिली या अंग्रेजी में कहानी, कविता या अनुच्छेद का जोर-जोर से वाचन करेंगे। पठन सामग्री का चयन सिलेबस के अलावा स्कूल की लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों एवं अन्य पठन सामग्रियों से किया जाएगा। सामग्री का चयन बच्चों की आयु व कक्षा के अनुरूप स्कूल के शिक्षक करेंगे।

पठन पर्व को अधिक प्रभावी बनाने के लिए उच्चतर कक्षाओं के विद्यार्थी छोटे बच्चों को जरूरत के अनुसार वाचन में सहयोग प्रदान करेंगे। साथ ही, जो बच्चे किसी कारणवश स्कूल में उपस्थित नहीं हो सकेंगे, उनके लिए घर से ही सहभागिता की व्यवस्था की गई है। स्कूल के शिक्षक अपने पोषण क्षेत्र के बच्चों के अभिभावकों को व्हाट्सएप के माध्यम से कहानियां, कविताएं एवं अन्य पठन सामग्री उपलब्ध कराएंगे तथा जरूरी दिशा-निर्देश साझा करेंगे। अभिभावकों को अपने बच्चों के पठन संबंधी वीडियो रिकर्ड कर स्कूल के साथ साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इन वीडियो को शिक्षक एवं शैक्षणिक समूहों के बीच प्रेरक उदाहरण के रूप में साझा किया जाएगा ताकि बच्चों में पढ़ने के प्रति रुचि और उत्साह का वातावरण बने।

कार्यक्रम के सफल संचालन एवं व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए इलेक्ट्रनिक, प्रिंट एवं डिजिटल माध्यमों से पठन पर्व का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। शिक्षा विभाग के सोशल मीडिया मंचों पर भी विशेष अभियान चलाया जाएगा तथा 'निपुण बिहार' हैशटैग के जरिए आमजन, अभिभावकों और बच्चों की सक्रिय सहभागिता तय की जाएगी।

# म्यूजिक डे, फादर्स डे और योग दिवस के लिए इंडियन आइडल, तुम हो ना और इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5 के जजों के विचार

**बादशाह (म्यूजिक डे ) :** मेरे लिए म्यूजिक कभी किसी खास दायरे में बंधा नहीं रहा। यह सीमाएँ तोड़ने और ऐसे पल बनाने की ताकत है जो लोगों को छू जाएं। हर जनर की अपनी कहानी होती है, हर कलाकार की अपनी आवाज होती है जिसे मनाना जरूरी है। वर्ल्ड म्यूजिक डे हमें यही याद दिलाता है।

इंडियन आइडल जैसे प्लेटफार्म सचमुच कमाल करते हैं। वे सिर्फ टैलेंट खोजते नहीं, उसे सामने लाते हैं। मैंने अनगिनत कलाकारों को देखा है जो सपने लेकर आए और यहाँ से निकलकर पूरे देश की पहचान बन गए। यही है म्यूजिक की असली ताकत वह बदलाव और आत्मविश्वास जो कलाकारों को मिलता है।

इंडियन आइडल जैसे मंच पर यह मायने नहीं रखता कि आप कहाँ से आए हैं या कौन-सा स्टाइल आपको परिभाषित करता है। मायने रखता है आपका सच, आपका जुनून और लोगों से जुड़ने की क्षमता। वर्ल्ड म्यूजिक डे पर हम परफेक्शन नहीं, बल्कि ऑथेंटिसिटी का जश्न मनाते हैं। कन्फर्मिटी नहीं, बल्कि हिम्मत का।

हर कलाकार जो क्रिएटिव सीमाएँ तोड़ रहा है अपने यकीन के साथ आगे बढ़ते रहो। हर श्रोता जो अपने घरों और दिलों में म्यूजिक को जिंदा रखता है आप ही वजह हैं कि हम ये सब करते हैं।

भारतीय म्यूजिक का भविष्य सिर्फ उज्ज्वल नहीं, निडर है। और इंडियन आइडल उस कहानी को एक-एक आवाज के साथ लिख रहा है।

**विशाल ददलानी (म्यूजिक डे ):** म्यूजिक में अद्भुत ताकत है लोगों को जोड़ने की, चाहे वे कहीं से भी हों या किसी भी भाषा में बोलते हों। हर गाने में एक भावना होती है, हर आवाज एक कहानी कहती है यही म्यूजिक को खास बनाता है। इंडियन आइडल पर मुझे हमेशा याद आता है कि असाधारण टैलेंट देश के हर कोने में मौजूद है। इन कंटेस्टेंट्स को अपनी पर्सनैलिटी, अनुभव और म्यूजिक की झलक मंच पर लाते देखना प्रेरणादायक है और भारतीय म्यूजिक के भविष्य के लिए भरोसा जगाता है। म्यूजिक के जरिए हर हफ्ते सपनों को आकार लेते देखना मेरे लिए एक सौभाग्य है। वर्ल्ड म्यूजिक डे पर मैं सिर्फ उन लीजेंड्स को नहीं मनाता जिन्होंने रास्ता बनाया, बल्कि उन युवा कलाकारों को भी जो जुनून, ईमानदारी और समर्पण के साथ म्यूजिक की रूह को जिंदा रखते हैं। हर धुन जो हमें छूती है और हर आवाज जो सुनाई देने की हिम्मत करती है उसी को सलाम।

**करिश्मा कपूर (म्यूजिक डे ) :** हर बार जब मैं इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5 के सेट पर कदम रखती हूँ, तो मुझे हैरानी होती है कि नई पीढ़ी किस तरह म्यूजिक को अपनी अद्भुत अभिव्यक्तियों और मूवमेंट्स के जरिए पेश करती है। यह खूबसूरती से याद दिलाता है कि म्यूजिक हमेशा नस्टैल्जिया, जादू और भावनाओं का संगम रहा है। जब मैं अपने फिल्मी सफर को पीछे मुड़कर देखती हूँ, तो मेरी सबसे सुंदर यादें उन आइकनिक गानों से जुड़ी हैं जिन्हें मुझे परफार्म करने का अवसर मिला। म्यूजिक में यह अद्भुत ताकत है कि वह आपको तुरंत किसी पल, किसी एहसास या किसी दौर में वापस ले जाता है। आज मंच पर देखना बेहद प्रेरणादायक है कि किस तरह एक धुन इतनी विविध कहानियों को जन्म देती है। इस वर्ल्ड म्यूजिक डे पर उन गानों का जश्न मनाइए जो आपको मुस्कुराते हैं, उन बीट्स का जो आपको नचाते हैं और उन धुनों का जो आपके दिल को छू जाती हैं। म्यूजिक के जादू को हर दिन मनाते रहिए।

**जावेद जाफरी (फादर्स डे ) :** इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5 का हिस्सा बनकर इन युवा प्रतिभाओं का जुनून और मेहनत देखना मुझे अक्सर उन मूल्यों की याद दिलाता है जिन्होंने मुझे गढ़ा। जिंदगी जब पूरा चक्र पूरा करती है, तो एहसास होता है कि हमारे साथ हमेशा उपलब्धियाँ नहीं रहतीं, बल्कि वे सबक रहते हैं जो पीढ़ियों से आगे बढ़ते हैं। अपने बच्चों को बढ़ते देखना, उन्हें अपना रास्ता चुनते देखना और उन्हें दयालु व ईमानदार इंसान बनते देखना जिंदगी की सबसे बड़ी खुशी है।

**आज पिता होने का मतलब बदल चुका है। नई पीढ़ी के पिता सिर्फ परिवार का पालन-पोषण नहीं करते, बल्कि बच्चों के साथ रहते हैं, उन्हें सुनते हैं, उनसे सीखते हैं और उनके साथ बढ़ते हैं। मैंने हमेशा माना है कि प्यार, सम्मान और उदाहरण बनकर जीना शब्दों से कहीं ज़्यादा मायने रखता है। हर बार जवाब होना जरूरी नहीं, कई बार सिर्फ मौजूद होना ही काफी है।**

आज पिता होने का मतलब बदल चुका है। नई पीढ़ी के पिता सिर्फ परिवार का पालन-पोषण नहीं करते, बल्कि बच्चों के साथ रहते हैं, उन्हें सुनते हैं, उनसे सीखते हैं और उनके साथ बढ़ते हैं। मैंने हमेशा माना है कि प्यार, सम्मान और उदाहरण बनकर जीना शब्दों से कहीं ज़्यादा मायने रखता है। हर बार जवाब होना जरूरी नहीं, कई बार सिर्फ मौजूद होना ही काफी है।

इस फादर्स डे पर मैं उस रिश्ते का जश्न मनाता हूँ जो समय के साथ बदलता रहता है और उन यादों, हँसी और मूल्यों को संजोता हूँ जो परिवार को खास बनाते हैं। सबसे बढ़कर मैं अपने पिता का आभारी हूँ, जिनकी समझ अब भी मेरा मार्गदर्शन करती है और जिनसे मिले मूल्यों को अपने तरीके से आगे बढ़ाने का सौभाग्य मिला है।

**टेरेंस लुईस (योगा डे ) :** मेरे लिए डांस मूवमेंट का उत्सव है, लेकिन योग जीवन का उत्सव है। लोग अक्सर सोचते हैं कि योग सिर्फ लचीलापन है, लेकिन असल में यह है संतुलन सांस, शरीर और आत्मा का मेल। एक डांसर के तौर पर जिम मुझे ताकत देता है, लेकिन योग मुझे विस्तार, ग्रेस और सबसे जरूरी मेरा सेंटर देता है। इस वर्ल्ड योगा डे पर मैं सभी को, खासकर इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5 के हमारे शानदार कंटेस्टेंट्स को, योग के जरिए अपनी लय खोजने की सलाह देता हूँ। जब आप अपनी सांस पर काबू पा लेते हैं, तो मन पर काबू पा लेते हैं। और जब मन पर काबू पा लेते हैं, तो हर मंच जीत सकते हैं। हैप्पी इंटरनेशनल योगा डे सांस लेते रहो, बहते रहो और चमकते रहो।

**राजीव खंडेलवाल :** म्यूजिक डे म्यूजिक हमेशा मेरी जिंदगी का बहुत खास हिस्सा रहा है। मैं भले ही प्रशिक्षित गायक नहीं हूँ, लेकिन गाना मुझे हमेशा पसंद रहा है और जब भी मौका मिलता है, मैं सीखता रहता हूँ। मेरे लिए म्यूजिक परफेक्शन नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति, भावना और खुशी है। मुझे हमेशा से म्यूजिक वाद्ययंत्रों का गहरा शौक रहा है चाहे पियानो हो, हारमोनियम, गिटार, माउथ ऑर्गन या ट्रम्पेट। अलग्-अलग ध्वनियों को जानना और नए वाद्ययंत्र सीखना मुझे बेहद खुशी देता है। मेरे घर में पियानो है जिसे बजाना मुझे अच्छा लगता है और म्यूजिक मेरी रोजमर्रा की जिंदगी का साथी बन गया है।

दरअसल, जब मैंने तुम हो ना घर की सुपरस्टार के साथ अपनी यात्रा शुरू की, तो मुझे लगा कि शो के टाइटल ट्रैक को गाकर एंट्री करना ही सही होगा। वह पल मेरे लिए बेहद याार था। म्यूजिक मेरे लिए बेहद व्यक्तिगत भी है। मैंने अपनी पत्नी के लिए एक गाना भी बनाया ताकि मैं उनके साथ सुबह की चाय का आनंद ले सकूँ। यही म्यूजिक है वह भावनाएँ व्यक्त करता है जिन्हें शब्द नहीं कर पाते। वर्ल्ड म्यूजिक डे पर मैं म्यूजिक की उस ताकत का जश्न मनाता हूँ जो प्रेरित करती है, ठीक करती है, जोड़ती है और लोगों को साथ लाती है। जिंदगी में आप कहीं भी हों, हमेशा एक गाना होता है जो आपको समझता है।

फादर्स डे पिता अक्सर परिवार का मौन स्तंभ होते हैं ताकत, मार्गदर्शन और अटूट सहारा देते हुए, बिना किसी पहचान की चाहत के। बच्चे हमेशा यह नहीं समझ पाते कि वह कितनी कुर्बानियाँ करते हैं, लेकिन उनका प्यार हमारी जिंदगी की नींव बन जाता है।

फादर्स डे एक सुंदर याद दिलाता है कि उस इंसान को मनाया और धन्यवाद दिया जाए जो हर चुनौती और हर पड़ाव पर हमारे साथ खड़ा रहता है। तुम हो ना पर हमने कई दिल छू लेने वाले पल देखे हैं जो माता-पिता और बच्चों के इस अनमोल रिश्ते को खूबसूरती से दर्शाते हैं, जिससे यह अवसर और भी खास बन जाता है।

# एक निवेश, बीमा सुरक्षा और पक्के रिटर्न का भरोसा

**आज** के समय में लोग ऐसा निवेश चाहते हैं, जिसमें पैसे बढ़ने की संभावना भी हो, परिवार की सुरक्षा भी बनी रहे और भविष्य को लेकर भरोसा भी मिले।

इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू सिगेचर सिक्योर लान्च किया है। कंपनी का दावा है कि यह भारतीय जीवन बीमा उद्योग का पहला ऐसा यूलिप है, जिसमें निवेश के साथ पहले से तय गारंटीड मैच्योरिटी बेनिफिट भी मिलता है।

यह प्लान उन लोगों के लिए तैयार किया गया है, जो एक बार निवेश करके लंबे समय तक निश्चिंत रहना चाहते हैं। इसमें ग्राहक को पलिसी अवधि के दौरान लाइफ कवर मिलता है और मैच्योरिटी पर फंड वैल्यू या गारंटीड मैच्योरिटी बेनिफिट में से जो ज्यादा होगा, वही राशि दी जाती है।

यानि निवेश बढ़ने का फायदा भी और न्यूनतम




रिटर्न का भरोसा भी। उदाहरण के तौर पर, यदि 45 वर्ष का कोई व्यक्ति 5 लाख रुपए का एकमुश्त निवेश करता है, तो वह 6.25 लाख रुपए का लाइफ कवर चुन सकता है। ऐसे में, उसे 7 लाख रुपए का गारंटीड मैच्योरिटी बेनिफिट मिलेगा।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ प्रोडक्ट आफिसर विकास गुप्ता ने कहा, आज ग्राहक ऐसे विकल्प चाहते हैं, जो सुरक्षा, गारंटीड रिटर्न और टैक्स के लिहाज से बेहतर फायदे एक साथ दें।

आईसीआईसीआई प्रू सिगेचर सिक्योर इसी सोच के साथ तैयार किया गया है, ताकि ग्राहकों को निवेश और सुरक्षा दोनों का लाभ मिल सके।

कंपनी के अनुसार यह प्लान शुरुआती प्रीमियम के 140 प्रतिशत तक गारंटीड मैच्योरिटी बेनिफिट देता है। साथ ही इसमें प्रीमियम एलोकेशन चार्ज और पलिसी एडमिनिस्ट्रेशन चार्ज शून्य रखा गया है, जिससे ग्राहकों का अधिक पैसा निवेश में काम करता है।

## प्रवचन

# भोग और भोज के पीछे भागते इंद्रियों को करें नियंत्रित : जीयर स्वामी

भोग और भोज के पीछे भागते इंद्रियों को नियंत्रित करके ही बेहतर जीवन की कल्पना की जा सकती है। इसके लिये मानव का एक मात्र कर्म सत्आचरण युक्त जीवन व्यतीत करना है, जो मानव का प्रथम धर्म है। जीवन का प्रथम साधन आचरण है। जो मर्यादित आचरण के साथ जीते हुए दूसरों को मर्यादा का संदेश देता है, वही आचार्य है। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

उन्होंने भागवत पुराण में वर्णित कथा देवहूति-कपिल संवाद की विवेचना करते हुए कहा कि संसार में मानव का आना तभी सार्थक है, जब विषय का त्याग कर परमात्मा की साधना करें। अयोध्या, वृंदावन एवं अन्य तीर्थों में केवल जाने व रहने से कल्याण नहीं होता बल्कि वहां की मर्यादा में रहने से कल्याण होता है।

क्षणिक वैराग्य किसी काम का नहीं। संसार से वैराग्य सराहनीय है लेकिन भगवान से वैराग्य निंदनीय है। केवल भोग और भोज में जीवन बिताना संसार में आने का उद्देश्य नहीं है। संसार में रहकर विषयासक्ति से मुक्त जीवन व्यतीत करना और शरीर त्यागने के बाद मुक्ति प्राप्त करना जीवन का परम लक्ष्य होना चाहिए। इन्हें ही शास्त्रों में क्रमशः जीवन मुक्ति और विदेह मुक्ति कहा गया है।

उन्होंने कहा कि मुक्त दिखना और मुक्त रहना दोनों में अन्तर है। जेल में रहने वाले सामान्य कैदी, जेल परिसर में शारीरिक बंधन में नहीं रहते, लेकिन जेल के चहारदिवारी के बंधन में होते हैं। स्वामी जी ने कहा कि दुनिया में सूत्र का बहुत बड़ा महत्व है। दुनिया सूत्र पर चलती है। व्यास जी ने ब्रह्म द्वारा निर्मित संसार से मानव को अवगत कराने के लिए ब्रह्मसूत्र का प्रणयन किया। आदि शंकराचार्य के ब्रह्मसूत्र की व्याख्या अद्वैत दृष्टि से की। उनके भाष्य को शंकर भाष्य से जाना जाता है। रामानुज स्वामी ने विषिष्टाद्वैत की दृष्टि से भाष्य किया। उनके भाश्य को श्री भाश्य के नाम से जाना जाता है। सभी भाष्यों एवं शास्त्रों का तात्पर्य लोक कल्याण से है। परमात्मा से अलग दुनिया में कुछ भी नहीं है।

स्वामी जी ने कहा कि शरीर, अन्तःकरण और आत्मशुद्धि के लिए आसन और प्राणयाम नियमित रूप से करना चाहिए। शरीर में रहने के कारण आत्मा को भी अपवित्र माना जाता है, लेकिन आत्मा अपवित्र नहीं होती। इसमें कोई दोष नहीं होता। भगवान कपिलदेव ने माता देवहूति को सांख्यदर्शन के अन्तर्गत तत्वशास्त्र का उपदेश दिया। उन्होंने प्रकृति और पुरूष से ऊपर और उनके अधिष्ठाता कमलाक्ष (विष्णु) को बताया। ईश्वर के अधीन ही प्रकृति और पुरूष के सान्निध्य सृष्टि की रचना होती है।

### बेहतर जीवन का प्रमुख साधन है आचरण


श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

स्वामी जी ने कहा कि शरीर निर्माण में प्रकृति के चौबीस और उनके साथ पुरूष को मिलाने से पच्चीस तव भागीदार हैं। भौतिक शरीर में पांच महाभूत (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश) के साथ पांच ज्ञानेन्द्रिय (आंख, कान, नाक, जीभ और चर्म) पांच कर्मेन्द्रिय (हाथ, पैर, मुंह, लघुशंका और मलद्वार) के साथ-साथ मन, बुद्धि, चित और अहंकार, ये चार अंतःकरण हैं। मानव शरीर रूपी नगर (पुर) की परम चेतन तत्व परमात्मा का भी वास होता है। शरीर रूपी पुर में स्थित ईश्वर के लिए ही 'पुरूष' शब्द का प्रयोग होता है। कपिल सांख्य के अनुसार प्रकृति-पुरूश से ऊपर और उनके नियंता ईश्वर हैं। उन्हीं के इशारे पर प्रकृति-पुरूष का संयोग होता है जिससे सृष्टि का विकास (उत्पत्ति) होता है। परवर्ती सांख्य शास्त्र में उल्लेख नहीं किया और केवल प्रकृति-पुरूष के संयोग से सृष्टि की व्याख्या करने का दुस्सह प्रयास किया। यह सांख्य नास्तिक सांख्य मत के रूप में जाना जाता है और इसमें अनेक त्रुटियॉ हैं।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### मध्य विद्यालय खगनी में आग लगने से एक दर्जन बेंच-डेस्क जले

**तुरकौलिया।** राजकीय मध्य विद्यालय खगनी मे शार्ट सर्किट से अचानक आग लगने से करीब एक दर्जन लकड़ी और लोहे का बेंच-डेस्क जलकर नष्ट हो गया। बताया जाता है कि सोमवार को नियमित रूप से पठन-पाठन कार्य के बाद छुट्टी हो गई थी। जहां छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक घर चले गए थे। शाम में अचानक विद्यालय परिसर से धुआं और आग की लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो देखे कि विद्यालय के बरामदे में रखे बेंच-डेस्क में आग लगी हुई है। आगलगी मे विद्युत तार भी जल गया है। ग्रामीणों ने किसी तरहआग पर काबू पाया। वही कुछ बेंच-डेस्क को सुरक्षित भी बचा लिया गया है। विद्यालय एचएम अरुण सिंह ने बताया कि क्षति का आकलन किया जा रहा है। घटना की सूचना संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है। शार्ट सर्किट से आगलगी की घटना होने की संभावना है।

### मोहर्रम पर्व को लेकर पहाड़पुर थाना में शांति समिति की बैठक

**पहाड़पुर।** मोहर्रम पर्व 2026 को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पहाड़पुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों तथा विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लिया।बैठक को संबोधित करते हुए पहाड़पुर थाना अध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि मोहर्रम के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने, सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा कानून को अपने हाथ में लेने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट से बचने तथा किसी भी संदिग्ध सूचना की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की।बैठक में मोहर्रम जुलूस के निर्धारित मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। थाना अध्यक्ष अजय कुमार ने सभी उपस्थित लोगों से पर्व को आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाने की अपील करते हुए प्रशासन को सहयोग करने का आग्रह किया।इस अवसर परजनप्रतिनिधि ,चंद्रभूषण पांडे ,लाखन सिंह, जितेंद्र सिंह उर्फ चुन्नू सिंह, संजय सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने तथा मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने का भरोसा दिलाया।

### मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**पीपराकोठी।** थाना परिसर में आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से एक शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने की। इसमें प्रमुख रजनीश कुमार सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। बैठक के दौरान मुहर्रम जुलूस के मार्ग, ताजिया की सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और आपसी भाईचारा बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों से पर्व के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में मौजूद सभी लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने मुहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे और शांति के वातावरण में मनाने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर मुखिया उपेन्द्र पासवान, हेमंत कुमार, नरेश यादव, पैक्स अध्यक्ष राजेश प्रसाद कुशवाहा, पूर्व प्रमुख सुदर्शन राय, रविन्द्र सहनी, बच्चा प्रसाद यादव, मो नेसार,शेख अलीमुद्दीन, मो मैनुल्लाह, मो. जाकिर आलम, अवधेश सिंह, सुनील सिंह, एम एम कादरी, गुंजन प्रकाश, राजू सिंह, राजन पटेल और ड़ मनीष कुशवाहा सहित कई अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा, रूलही हाई स्कूल में स्मार्ट क्लास का उद्घाटन

**मोतिहारी(एन एस बी)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं शिक्षाविद् ड़ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर मोतिहारी विधानसभा क्षेत्र के रूलही पंचायत स्थित रूलही हाई स्कूल परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ड़ मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके योगदान को स्मरण करते हुए जनसभा आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता भाजपा ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष अतुल दास ने की, जबकि मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष सुधांशु रंजन ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि ड़ मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया था।

उनका नारा एक देश में दो निशान, दो संविधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बन गयास भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज ने कहा कि ड़ मुखर्जी का सिद्धांत राष्ट्र प्रथम, पार्टी द्वितीय और स्वयं अंतिम आज भी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए दिया गया



श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोग।

उनका बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा।उपमहापौर ड़ लालबाबू प्रसाद ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधानों को समाप्त किया जाना ड़ मुखर्जी के सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वहीं रंगलाल दास ने कहा कि पश्चिम बंगाल को भारत में बनाए रखने में ड़ मुखर्जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। कार्यक्रम में बंगाली समाज के प्रतिनिधियों रंगलाल दास, हिरेंद्र चंद्र दास, नारायण चंद्र दास एवं रमेश चंद्र दास ने विभाजन और पूर्वी बंगाल (वर्तमान बांग्लादेश) से विस्थापन के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने उस दौर की कठिन परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए अपने संघर्षो की कहानी सुनाई।सभा के अंत में उपस्थित लोगों ने ड़ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शो पर चलने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रूलही हाई स्कूल में निर्मित स्मार्ट क्लास का उद्घाटन विधायक प्रमोद कुमार एवं जिलाध्यक्ष पवन राज द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद शंकर सिंह, पूर्व प्राचार्य अमित सेन, जिला महामंत्री संजय चौधरी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीता शर्मा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय ठाकुर, विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष, स्थानीय गणमान्य नागरिक, बंगाली समाज के प्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# राष्ट्रवाद और अखंड भारत के प्रणेता थे डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी : राधामोहन सिंह

**मोतिहारी(एनएसबी)।** प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, शिक्षाविद् एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक ड़ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह शामिल हुए और ड़ मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं तित्व पर प्रकाश डाला।अपने संबोधन में श्री सिंह ने कहा कि ड़ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 21 अक्टूबर 1951 को दिल्ली में भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी और इसके प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे। उन्होंने कहा कि 1952 के पहले आम चुनाव में जनसंघ ने संसद में तीन सीटें जीतकर राष्ट्रीय राजनीति में



डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम।

अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई थी, जिसमें ड़ मुखर्जी स्वयं भी निर्वाचित हुए थे।सांसद ने कहा कि ड़ मुखर्जी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ विचार-विमर्श कर ऐसे राजनीतिक दल की नींव रखी, जो भारतीय संस्ति, राष्ट्रवाद और अखंड भारत की भावना पर आधारित था। उन्होंने देश की एकता और अखंडता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी तथा जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाने के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया।श्री सिंह ने कहा कि ड़ मुखर्जी ने धारा 370 का पुरजोर विरोध करते हुए एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का नारा दिया था, जो राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक बन गया। उन्होंने कहा कि ड़ मुखर्जी का जीवन राष्ट्रसेवा, त्याग और समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है तथा उनके विचार आज भी देशवासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक हैं।कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने ड़ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शो पर चलने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया।

# मुहर्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट, ढाका थाना में डीएम-एसपी ने की समीक्षा बैठक

**मोतिहारी(एनएसबी)।** मुहर्रम पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने सोमवार को सिकरहना अनुमंडल अंतर्गत ढाका थाना परिसर में सभी अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों तथा थाना अध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी थाना अध्यक्ष जुलूस आयोजन समितियों द्वारा लाइसेंस के लिए दिए गए आवेदनों में अंकित मार्गो का शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भी संवेदनशील क्षेत्रों के रूट का भौतिक सत्यापन करने के बाद ही नियमानुसार लाइसेंस निर्गत करें। डीएम ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचलाधिकारियों को थाना अध्यक्षों के साथ अपने-अपने क्षेत्रों के संवेदनशील स्थलों का भ्रमण कर विधि व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेने तथा



समीक्षा बैठक में उपस्थित लोग।

आवश्यकता पड़ने पर स्पट मीटिंग आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान सभी थाना क्षेत्रों में गश्ती दल सक्रिय रहेंगे तथा आसूचना संग्रह कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उपद्रवी एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध अधिक से अधिक निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने कहा कि मुहर्रम के दौरान डीजे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। सभी थाना अध्यक्षों को डीजे संचालकों के विरुद्ध छापेमारी कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि ताजिया जुलूस निर्धारित मार्ग एवं निर्धारित समय के अनुसार ही निकाला जाएगा तथा जुलूस में किसी भी प्रकार के धारदार हथियारों के प्रदर्शन की अनुमति नहीं होगी।बैठक में संवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखने तथा मुहर्रम के दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की सतत उपस्थिति सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। साथ ही प्रखंड एवं अनुमंडल स्तर पर स्थापित नियंत्रण कक्षों को 24 घंटे सक्रिय रखने का निर्देश दिया गया।

# 26 जून तक पूरा करें डिग्री कॉलेजों का सिविल कार्य, 1 जुलाई से शुरू होगी पढ़ाई : डीएम

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पूर्वी चंपारण जिले के 15 प्रखंडों में स्थापित किए जा रहे 15 नए डिग्री महाविद्यालयों के निर्माण एवं तैयारी कार्यो की समीक्षा जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित ड़ राधाष्णन सभागार में की।

बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीओ माध्यमिक शिक्षा, भवन निर्माण, पीएचईडी एवं विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंताओं के साथ सभी चिन्हित डिग्री महाविद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी प्राचार्यो से अब तक की प्रगति की जानकारी ली और भवन निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि 15ों डिग्री महाविद्यालयों से संबंधित सभी सिविल कार्य हर हाल में 26 जून तक पूर्ण करा लिए जाएं। उन्होंने कहा कि चिन्हित कमरों का रंग-रोगन, बिजली,



बैठक में उपस्थित अधिकारी।

शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था समय पर सुनिश्चित की जाए। साथ ही महाविद्यालय तक पहुंचने वाले मार्ग को भी मोटरेबल बनाया जाए। डीएम ने कहा कि 1 जुलाई 2026 से इन महाविद्यालयों में नियमित पठन-पाठन शुरू होना है, इसलिए सभी तैयारियां निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी की जाएं। बैठक में प्राचार्यो ने बताया कि नए डिग्री महाविद्यालयों में प्रारंभिक चरण में छह विषयोंहिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र एवं समाजशास्त्रकी पढ़ाई होगी। इसके लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम के अंतर्गत उन्नत शिक्षाउज्ज्वल भविष्य योजना के तहत पूर्वी चंपारण जिले के 15 प्रखंडों में डिग्री महाविद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। इन संस्थानों में समय पर शैक्षणिक गतिविधियां शुरू कराने के लिए जिला प्रशासन लगातार निगरानी और समीक्षा कर रहा है।

जिले के संग्रामपुर, मेहसी, बंजरिया, पिपराकोठी, सुगौली, तुरकौलिया, तेतरिया, पताही, फेनहारा, रामगढ़वा, आदापुर, छौड़ादानो, बनकटवा, पकड़ीदयाल एवं चिरैया प्रखंडों में नए राजकीय डिग्री महाविद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं, जहां 1 जुलाई से शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने की तैयारी अंतिम चरण में है।

## संक्षिप्त खबरें

### मोहर्रम को लेकर रक्सौल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील

**रक्सौल(एनएसबी)।** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर थाना परिसर में अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष आनंद की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में मोहर्रम कमेटी के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुएस बैठक के दौरान विभिन्न मोहर्रम कमेटियों के प्रतिनिधियों ने पर्व से संबंधित सुझाव प्रशासन के समक्ष रखे। एसडीपीओ मनीष आनंद ने कहा कि मोहर्रम के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्तपुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने लोगों से अफवाहों से बचने और किसी भी तरह के उपद्रव से दूर रहने की अपील कीस उन्होंने स्पष्ट किया कि शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा और सभी कमेटियों को निर्धारित मार्ग का ही पालन करना होगास वहीं एसडीएम मनीष कुमार ने कहा कि संवेदनशील जगहों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। सभी प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे के माध्यम से नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि रक्सौल की पहचान आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की रही है। यहां सभी समुदाय के लोग मिल-जुलकर पर्व मनाते हैं और इस बार भी इसी परंपरा को कायम रखना हैस बैठक में मो एहतेशाम, अनिल कुमार पाण्डेय, ब्रजभूषण पाण्डेय, नायाब आलम, सच्चिदानंद सिंह, मुस्तजाब आलम, आलम, अत्तुल्लाह आलम, चंचल राय, कन्हैया सर्राफ, वकील अहमद, मो इकबाल हुसैन, असुरुद्दीन आलम, नौशाद आलम, रवि गुप्ता, शमसुद्दीन आलम, फखरुद्दीन आलम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### पंचायत सूत्र फेनहारा में बाढ़ प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित, आपदा से निपटने की रणनीति पर हुई चर्चा

**फेनहारा(एनएसबी)।** प्रखंड स्थित आईबी भवन में बाढ़ प्रबंधन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख राधेश्याम सिंह ने की, जबकि संचालन अंचलाधिकारी पूनम दीक्षित द्वारा किया गया।बैठक के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक एवं बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के सचेतक राणा रणधीर सिंह थे। इस अवसर पर विभिन्न जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा ग्रामीण क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।बैठक में विशेष रूप से बाढ़ जैसी प्रातिक आपदा से बचाव, राहत एवं बचाव कार्यो की तैयारी तथा बाढ़ के दौरान ग्रामीणों को होने वाली विभिन्न समस्याओं के समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने आपदा प्रबंधन को लेकर अपने-अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि विधायक राणा रणधीर सिंह ने जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीणों को हो रही समस्याओं का शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

### केंद्रीय कारा मोतिहारी का निरीक्षण, बंदियों को अधिकारों की दी जानकारी

**मोतिहारी(एन एस बी)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), पूर्वी चंपारण अभिषेक कुमार दास ने केंद्रीय कारा मोतिहारी का निरीक्षण किया। इस अवसर पर डीएलएसए के सचिव नितिन त्रिपाठी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश ने कारा में उपलब्ध भोजन की गुणवत्ता, कारा अस्पताल की व्यवस्था, विधिक सहायता सुविधाओं, ई-मुलाकाती हेल्पडेस्क एवं महिला वार्ड का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।सुबह करीब नौ बजे न्यायाधीश ने कारा के सामुदायिक रेडियो रेडियो दोस्ती के माध्यम से बंदियों को संबोधित किया। उन्होंने बंदियों को उनके अधिकारों एवं उपलब्ध विधिक सहायता सेवाओं की जानकारी देते हुए उन्हें सुधारात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।उन्होंने कहा कि सभी बंदियों को समय पर गुणवत्तापूर्ण विधिक सहायता उपलब्ध कराना तथा कारा में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य मानकों का पालन सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। निरीक्षण के अंत में डीएलएसए सचिव नितिन त्रिपाठी ने कारा प्रशासन को आवश्यक सहयोग एवं समन्वय बनाए रखने का आश्वासन दिया, ताकि बंदियों के अधिकारों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### मोहर्रम को लेकर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक

**मोतिहारी(एनएसबी)।** आगमी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को सदर अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी सदर, मोतिहारी, निशांत सिहारा ने की। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने, निर्धारित मार्गो पर ही जुलूस निकालने, बिना लाइसेंस के जुलूस नहीं निकालने, स्वयंसेवकों (वलेंटियर्स) की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने तथा अफवाहों से



बैठक में उपस्थित लोग।

बचने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही किसी भी प्रकार की विधि-व्यवस्था संबंधी सूचना मिलने पर प्रशासन को तत्काल अवगत कराने का आग्रह किया गया।शांति समिति के सदस्यों ने एक स्वर में मोहर्रम पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। सदस्यों ने कहा कि पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी अनुमंडल क्षेत्र में पर्व को पूरी शांति के साथ मनाया जाएगा तथा शांति समिति की टीम हर समय जिला प्रशासन के सहयोग के लिए तत्पर रहेगी। बैठक को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा ने सभी लोगों से मोहर्रम पर्व को अमन, भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जाएगी। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अनुमंडल अंतर्गत सभी थाना प्रभारी, अंचल अधिकारी समेत अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला कांग्रेस कार्यालय में नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्षजनों को पाग और चादर से किया सम्मानित



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिला कांग्रेस नें अपने संगठन को मजबूत व सुदृढीकरण हेतु योग्य कर्मठ व जुझारू लोगों को दायित्व देकर नई रणनीति तैयार की है।इस क्रम में मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्षजनों को पाग और चादर देकर सम्मानित करते हुये प्रखंडो की कमान का पत्र दिया गया। जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार झा ने सम्मानित करते हुये इस आशय का मनोनयन पत्र दिया और बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए कहा कि सात दिनों के अंदर प्रखंड कमिटी का गठन करने का आग्रह कर बताया कि प्रखंड अध्यक्ष जिला का रीढ़ होता है और प्रखंड मजबूत होगा तो जिला समेत प्रदेश कांग्रेस भी मजबूत होगी। इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के, जन नायक राहुल गाँधी और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम को प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत करने के लिए धन्यवाद दिया।इस अवसर पर नव मनोनीत प्रखंड अध्यक्ष के अंतर्गत कहरा प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह,बनमा ईटहरी राम कुमार पासवान,सौर बाजार रामशरण कुमार,सोनबरसा संजय कुमार सिंह ,सत्तर कटैया महेश यादव,सिमरी बख्तियारपुर पुष्कर कुमार सिंह श्गमन,नवहट्टा अशोक यादव,पतरघट नवीन शंकर झा,महिषी नागेंद्र पासवान,सलखुआ मो असजद को प्रखंड अध्यक्ष का दायित्व सौप सम्मानित किया गया।आज के कार्यक्रम में सभी नव निर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष के साथ साथ प्रदेश प्रतिनिधि मो नईम उद्दीन,वरीय उपाध्यक्ष-कुमार हीरा प्रभाकर, इंटक अध्यक्ष सत्य नारायण चैपाल, शोभा कांत झा, डॉ अबूल फराह सालजी, मृतुन्जय कुमार सिंह, प्रतिभा सिंह डोली, जवाहर झा,अविनाश कुमार यादव,दीपक कुमार ठाकुर, बैधनाथ झा, कौशल किशोर सिंह मंगल झा, शिव कुमार, अमन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ मौनी बाबा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, श्रद्धा और भक्ति में डूबा कहरा।



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिलें के पतरघट प्रखंड क्षेत्र के कहरा स्थित मौनी बाबा कुटी में मंगलवार को भव्य कलश यात्रा एवं नगर भ्रमण के साथ चार दिवसीय मौनी बाबा प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा एवं गायत्री महायज्ञ महोत्सव का शुभारंभ हुआ। सुबह पूजा-अर्चना के उपरांत निकाली गई कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं एवं युवतियां शामिल हुईं। पीले, भगवा और लाल वस्त्रों में सुसज्जित श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं जयघोष के साथ नगर भ्रमण कर पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान कर दिया।आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। गांव में घर-घर पूजा-पाठ, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक माहौल बना हुआ है। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में भाग लेने पहुंच रहे हैं।आयोजन समिति के संयोजक सरोज मिश्र ने बताया कि 24 जून को प्रातः 6 बजे से 11 बजे तक मौनी बाबा की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न होगा। इसके बाद दोपहर 12रू30 बजे से श्रद्धालुओं के लिए दर्शन एवं अन्न प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के शामिल होने की संभावना है।उन्होंने बताया कि 23 से 26 जून तक प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक गायत्री महायज्ञ अनुष्ठान आयोजित होगा तथा 26 जून को शाम 4 बजे यज्ञ की पूणार्हुति के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत रुद्राक्ष, बेल, अंबाला एवं शमी सहित विभिन्न धार्मिक एवं पर्यावरणीय महत्व के पौधों का वृक्षारोपण भी किया जाएगा।कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सदर एसडीओ, सदर एसडीपीओ, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी,मंत्री, विधायक,पूर्व विधायक,महापौर सहित कई गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में सहभागिता कर इसे सफल बनाने की अपील की है।

### नशा मुक्त सप्ताह के तहत जीविका कार्यालय में आयोजित हुआ नशा मुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम।



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** नशा मुक्त सप्ताह आयोजन के क्रम में मंगलवार को जीविका जिला कार्यालय में जिला परियोजना प्रबंधक डीपीएम श्लोक कुमार की अध्यक्षता में नशा मुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नशामुक्त समाज के निर्माण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा युवाओं एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति संवेदनशील बनाना था। इस अवसर पर जिला कार्यालय के सभी कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा सत्यनिष्ठा के साथ नशा मुक्ति की शपथ ग्रहण की। सभी प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं आजीवन किसी भी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करेंगे तथा अपने परिवार, समाज एवं आसपास के लोगों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक श्लोक कुमार ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के विकास में बाधक है। नशे की लत न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं को भी जन्म देती है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ, समृद्ध एवं जागरूक समाज के निर्माण के लिए नशामुक्ति अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी कर्मियों से अपील की कि वे नशा मुक्ति अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं तथा समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करें। कार्यक्रम के दौरान नशे के दुष्प्रभावों एवं इसके सामाजिक प्रभावों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम का समापन सभी कर्मियों द्वारा नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु सामूहिक प्रतिबद्धता व्यक्त करने के साथ हुआ। जीविका परिवार ने इस अवसर पर नशा मुक्ति के संदेश को व्यापक स्तर पर प्रसारित करने का संकल्प लिया।

### विश्व ओलंपिक दिवस का महत्व खेलों के प्रति लोगों को जागरूक करना हैः प्रधानाचार्य डॉ अनंत कुमार सिंह



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** विश्व ओलंपिक दिवस के अवसर पर सर्व नारायण सिंह राम कुमार सिंह महाविद्यालय सहरसा के खेलकूद के मैदान में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अनंत कुमार सिंह, बॉटनी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अनिरुद्ध कुमार सिंह, अर्थशास्त्र विभाग के डॉ अशोक कुमार सिंह, महाविद्यालय शिक्षक संघ के सचिव डॉ रंजय कुमार सिंह परीक्षा नियंत्रक डॉ प्रमोद कुमार सिंह, बीसीए समन्वयक डॉ नृपेंद्र कुमार सिन्हा तथा बरसर, डॉ कपिल देव कुमार पासवान, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ आर्य सिंधु की उपस्थिति में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न कर अन्तर्राष्ट्रीय विश्व ओलंपिक दिवस मनाया गया। ओलंपिक दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अनंत कुमार सिंह ने कहा कि विश्व ओलंपिक दिवस का महत्व खेलों के प्रति लोगों को जागरूक करना, साथ ही स्वास्थ्य और जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय के पीटीआई मो.खुर्शीद अंसारी ने अन्तर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ की स्थापना के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि खेल स्वास्थ्य, मित्रता, सम्मान और एकता की भावना को बढ़ावा देता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के हॉकी खिलाड़ी मो.मुस्तकीम, अंशु, सोनू, सोनू कुमार, आदित्य, शिवम, तनीषा, सोनम कुमारी, सीमा, चांदनी, सुकराना, गुंजन सहित अन्य अभ्यासरत खिलाड़ी मौजूद रहे।

# सहरसा में विकास योजनाओं और लंबित समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत : आईपी गुप्ता



विधायक ई. आईपी गुप्ता।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** इंडियन इंक्लूसिव पार्टी आईआईपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सहरसा सदर विधायक ई. आईपी गुप्ता ने सोमवार को पटना में बिहार विधानसभा के याचिका समिति की बैठक में भाग लिया। वही मंगलवार को प्रेस रिलीज जारी कर विधायक ने बताया कि कुल पांच विभाग परिवहन, कृषि, शिक्षा, खेल और नगर विकास एवं आवास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में सहरसा से जुड़े विकास कार्यों की कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाएं। विधायक ई. आईपी गुप्ता ने परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान सहरसा को पूर्णिया के स्थान पर अलग परिवहन प्रमंडल बनाने, शहर में वर्तमान बस अड्डा के स्थानांतरण और आधुनिक बस टर्मिनल निर्माण करवाने, राष्ट्रीय और राज्य के राजमार्गों पर इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम लगाने की मांग की।वही शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में सहरसा बस्ती स्थित उर्दू मध्य विद्यालय को पीएम श्री योजना के तहत अपग्रेड करने और जेईई मेन्स जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की परीक्षा केंद्र पूर्णिया के जगह सहरसा में स्थापित करने का भी मुद्दा उठाएं।कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान विधायक ने सहरसा को बाजार समिति निर्माण योजना में शामिल करने और मंडन भारती कृषि महाविद्यालय को विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाने के लिए केंद्र को प्रस्ताव भेजने और जिले में ग्रामीण हाट को विकसित करने की मांग की।नगर एवं आवास विभाग की समीक्षा करते हुए विधायक ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सहरसा के लिए राशि की आवंटन 5दिन के अंदर उपलब्ध कराने, दो माह से अंदर बुडको एवं नगर निगम में सहायक अभियंता की तैनाती एवं वेंडिंग जोन के लिए राशि आवंटन करने को कहा।वही खेल विभाग की समीक्षा के दौरान हर पंचायत में खेल-कूद को विकसित करने के लिए खेल मैदान बनाने की मांग को भी उठाएं।विधायक ने बताया कि 137करोड़ रुपये की लागत से शहर में बनने वाली स्टॉर्म ड्रेनेज परियोजना से जुड़े मामलों में कोर्ट से दो माह के अंदर टेंडर निरस्तीकरण संबंधित आदेश प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा और विधायक ने बताया कि सैटलाइट टाउनशिप के मास्टर प्लान से प्रभावित किसान अपनी जमीन को बिहार राज्य आवास बोर्ड को ही सरकार के स्तर से बेचने की सहमति बनी. दो दिनों में जिला पदाधिकारी को सरकारी आदेश मिलते ही किसान अपनी जमीन बेच सकते है।विधायक ने कहा कि बैठक में उठाए गए मुद्दों पर विभागीय स्तर से सकारात्मक पहल का आश्वासन मिला।उन्होंने कहा कि सहरसा में विकास योजनाओं और लंबित समस्याओं का समाधान के लिए लगातार प्रयासरत है और आगे की रहने की बात कही।

## मेहमानजी गेस्ट हाउस में पुलिस ने सेक्स रैकेट का किया भंडाफोड़

**उक्त मामले में एक महिला व 6 पुरुष को हिरासत में लिया, पुलिस सभी पहलुओं पर कर रही जांच**



छापेमारी की कार्रवाई को अंजाम देती पुलिस।

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** शहर के रिफ्यूजी कॉलोनी चैक स्थित मेहमानजी गेस्ट हाउस में पुलिस ने एक कथित सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में एक महिला सहित कुल 6 लोगों को हिरासत में लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक साइंस लैब की टीम भी मौके पर पहुंचकर सबूत जुटा रही है। पुलिस को गेस्ट हाउस में अनैतिक गतिविधियों के संचालन की गोपनीय जानकारी मिली थी। जानकारी के वेरिफिकेशन के बाद सहरसा सदर थाना पुलिस ने एक विशेष टीम गठित कर छापेमारी की कार्रवाई को अंजाम दिया। छापेमारी के दौरान गेस्ट हाउस से लगभग 40 साल की एक महिला और 5 युवकों को हिरासत में लिया गया। पुलिस सभी हिरासत में लिए गए लोगों से अलग-अलग पूछताछ कर रही है, ताकि इस नेटवर्क और इसमें शामिल अन्य व्यक्तियों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके। इस कार्रवाई में सहरसा सदर थानाध्यक्ष अजय कुमार पासवान और महिला थानाध्यक्ष ज्योति कुमारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस ने गेस्ट हाउस के विभिन्न कमरों की तलाशी ली। वहीं, एफएसएल टीम द्वारा घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं, जिनकी वैज्ञानिक जांच की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में कुछ संदिग्ध गतिविधियों के संकेत मिले हैं। मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच जारी है। हिरासत में ली गई महिला से पूछताछ के आधार पर यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि यह गतिविधि कब से संचालित हो रही थी और इसमें कौन-कौन लोग संलिप्त हैं। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की तह तक पहुंचने में जुटी है। जांच पूरी होने के बाद ही इस संबंध में विस्तृत जानकारी और कानूनी कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। सहरसा सदर एसडीपीओ आलोक कुमार ने बताया, ह्य6 पुरुष समेत एक महिला को हिरासत में लिया गया है। सभी से पूछताछ की जा रही है। सेक्स रैकेट का गोरख धंधा चल रहा था गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। फिलहाल गेस्ट हाउस को सील कर दिया गया है।

## आयुक्त की अध्यक्षता में राजस्व एवं विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति संबंधित समीक्षात्मक बैठक संपन्न



अधिकारियों के साथ समीक्षा करते आयुक्त।

**ऑनलाइन सेवाओं के गुणवतापूर्ण क्रियान्वयन एवं लंबित मामलों के यथाशीघ्र निष्पादन की आवश्यकता पर दिया बल**

**सहरसा (एनएसबी)।** कोशी प्रमंडलीय आयुक्त दिनेश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को स्थानीय विकास भवन में प्रमंडल अंतर्गत जिलों सहरसा, मधेपुरा एवं सुपौल में क्रियान्वित राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ऑनलाइन म्यूटेशन, एलपीसी, परिमार्जन प्लस, अभियान बसेरा-2, भू-लगान संग्रहण तथा अन्य राजस्व संबंधी कार्यों की वर्तमान स्थिति की गहन समीक्षा की गई।समीक्षा के क्रम में प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा ऑनलाइन सेवाओं के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने तथा लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही ई-मापी से संबंधित लंबित मामलों को सर्वोच्च्य प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने को कहा गया।बैठक में सार्वजनिक भूमि अतिक्रमण से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। समाहर्ता, अपर समाहर्ता एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता न्यायालयों में लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निष्पादन की आवश्यकता पर बल दिया गया। निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप भू-लगान संग्रहण में अपेक्षित उपलब्धि सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी एवं ठोस कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया। प्रमंडलीय आयुक्त ने अपर समाहर्ता एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता को राजस्व कार्यों की नियमित समीक्षा कर प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी सहरसा दीपेश कुमार, जिलाधिकारी मधेपुरा अभिषेक रंजन, जिलाधिकारी सुपौल सावन कुमार, उप विकास आयुक्त मधेपुरा अनिल बसाक, उप विकास आयुक्त सुपौल सुश्री सारा अशरफ, आयुक्त के सचिव अमित कुमार, उप निदेशक जनसंपर्क, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश लाल दास तथा संबंधित जिलों के अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रोबेशनरी आईएएस ने किया जीविका सिलाई सह-उत्पादन केंद्र का भ्रमण

**महिलाओं के कौशल एवं उद्यमिता की सराहना**




गतिविधियों का अवलोकन करते आईएएस ।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रोबेशनरी आईएएस केतन शुक्ला ने मंगलवार को जीविका द्वारा संचालित सिलाई सह-उत्पादन केंद्र, शाहपुर का भ्रमण कर केंद्र में संचालित विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया। उनके आगमन पर सद्भावना जीविका संकुल स्तरीय संघ सीएसएफ की अध्यक्ष पुनीता देवी ने पारंपरिक पाग एवं शॉल भेंट कर उनका स्वागत किया। भ्रमण के दौरान जिला परियोजना प्रबंधक श्लोक कुमार, लाइवलीहुड मैनेजर आशीष कुमार एवं बीपीएम श्वेता ने केंद्र में संचालित सिलाई प्रशिक्षण, उत्पादन कार्य, रोजगार सृजन तथा महिला उद्यमिता से जुड़ी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह केंद्र ग्रामीण महिलाओं को कौशल विकास के साथ-साथ स्थायी आजीविका के अवसर उपलब्ध करा रहा है। श्री शुक्ला ने केंद्र में स्थापित आधुनिक सिलाई मशीनों, प्रशिक्षण व्यवस्था तथा जीविका दीदियों द्वारा तैयार किए जा रहे विभिन्न उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं से संवाद स्थापित किया और उनके अनुभवों को जाना। इस दौरान उन्होंने महिलाओं के आत्मविश्वास, कार्यकुशलता एवं आत्मनिर्भर बनने की उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे केंद्र ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कौशल आधारित प्रशिक्षण और उत्पादन गतिविधियां महिलाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्रदान कर रही हैं। भ्रमण के दौरान यह स्पष्ट रूप से देखने को मिला कि जीविका का यह केंद्र केवल प्रशिक्षण प्रदान करने का स्थान नहीं है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के सपनों को नई उड़ान देने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और उनके आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम बन चुका है।

### महात्मा गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय, खजौली में राजकीय डिग्री महाविद्यालय के शुभारंभ

**खजौली (एनएसबी)।** महात्मा गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय, खजौली में राजकीय डिग्री महाविद्यालय के शुभारंभ को लेकर जारी विभिन्न कार्य का एसडीएम सदर चन्दन कुमार झा ने मंगलवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने कॉलेज को आवंटित विभिन्न कमरों में की जा रही रंग-रोगन, बिजली आपूर्ति, पानी सप्लाई, शौचालय निर्माण, परिसर की सफाई आदि कार्यो का क्रमशः गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण बाद कार्ययोजना से जुड़े विभिन्न विभाग के अभियंताओं एवं स्थानीय पदाधिकारियों के साथ उन्होने बैठक कर कार्यों की समीक्षा की। उन्होने कहा कि डिग्री कॉलेज के लिए चयनित भवन में रंग-रोगन, बिजली व्यवस्था, शौचालय निर्माण तथा परिसर की साफ-सफाई का कार्य जल्द से जल्द पूरा करें, ताकि कॉलेज संचालन में छात्रों एवं शिक्षकों को कोई परेशानी न हो। इस दौरान प्लस टू महात्मा गांधी स्मारक उच्च विद्यालय में संचालित लाइब्रेरी का भी उन्होने जायजा लिया। लाइब्रेरी कक्ष में फैली गंदगी को देख उन्होने नाराजगी जताई। उन्होने लाइब्रेरियन को फटकार लगाते हुए लाइब्रेरी की साफ-सफाई का ख्याल रखने का निर्देश दिया। कहा कि शिक्षण संस्थानों में साफ-सफाई की व्यवस्था का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। इस मौके पर बीडीओ लवली कुमारी, कनिय अभियंता अखिलेश कुमार, पीएचईडी के धर्मेंद्र कुमार, विद्युत के शाहिद इकबाल, एसआई लोकेश कुमार, रामपति पासवान, प्रभारी प्रधानाध्यापक मंजू कुमारी, लाइब्रेरियन रामाश्रय प्रसाद, कमलेश कुमार आदि मौजूद थे।

## कोसी युवा संगठन के संस्थापक ने दी चेतावनी, न्याय मिलने तक जारी रहेगा आंदोलन




प्रदर्शन करते कोसी युवा संगठन के कार्यकत्र्ता।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** कोसी युवा संगठन के संस्थापक और जुझारू युवा नेता के नेतृत्व में स्थानीय सुभाष चैक से शहीद चैक तक एक विशाल न्याय यात्रा निकाली गई। इस न्याय मार्च में संघर्षशील महिला नेत्री नीलू देवी, अजय शाह, जावेद अनवर चाँद, सोनू कुमार, सागर पंडित, युवा नेता निशांत यादव, रोनित राजा, मिथिलेश झा, रंजय यादव सहित जिले भर से आए सैकड़ों युवाओं ने हिस्सा लिया और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए आवाज बुलंद की। सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ तीखा आक्रोश जताया। न्याय यात्रा सुभाष चैक से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए शहीद चैक पर संपन्न हुई। इस दौरान प्रदर्शनकारी युवाओं के हाथों में तख्तियां थीं और वे सरकार की तानाशाही व पुलिसिया दमन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे थे। सोहन झा ने इस एनकाउंटर को पूरी तरह फर्जी बताते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर कड़े सवाल खड़े किए। क्रांतिकारी नेता श्री झा शहीद चैक पर युवाओं को संबोधित करते हुए कहा की भरत तिवारी की हत्या कानून की धज्जियां उड़ाकर की गई है। यह एनकाउंटर नहीं, बल्कि कानून की आड़ में की गई सोची-समझी हत्या है। बिहार में न्याय व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और पुलिस निरंकुश हो गई है। कोसी का युवा इस अन्याय को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने आगे मांग करते हुए कहा कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच सीबीआई या न्यायिक जांच कराई जाए, दोषी पुलिसकर्मियों को तुरंत सस्पेंड कर उन पर हत्या का मुकदमा दर्ज हो और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा व सुरक्षा दी जाए। उन्होंने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही इस पर सख्त कदम नहीं उठाए, तो कोसी युवा संगठन पूरे कोसी प्रमंडल में उग्र आंदोलन शुरू करेगा। न्याय यात्रा में सनी झा, रंजय यादव, विजय यादव, आनंद झा, नीरज राय, प्रशांत मिश्रा, पारस पासवान, अंशु मिश्रा, रिंकू शाह, सोनू मिश्रा, रवि तिवारी, राहुल झा, प्रमोद कुमार, मिंटू राय, आशुतोष, सागर पंडित, टिंकू मैथिल सहित सैकड़ों युवाओं नेएक सुर में भरत तिवारी के लिए इंसाफ की मांग की।

### शारदीय खरीफ महाअभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**फुलपरास (एनएसबी)।** प्रखंड कार्यालय के किसान भवन में मंगलवार को कृषि विभाग द्वारा शारदीय खरीफ महाअभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रमुख राम पुकार यादव, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी कृत्यानंद,प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुमन कुमार व कृषि वैज्ञानिक के संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस खरीफ महाअभियान में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, वैज्ञानिक खेती एवं कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई, जिसमें अनुदानित बीजों की वितरण तथा कृषि यंत्रों पर मिलने वाली सब्सिडी की जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी ने कहा कि किसानों को नई तकनीकों और कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाकर खेती को अधिक लाभकारी बनाना चाहिए। प्रखंड कृषि पदाधिकारी श्री कुमार ने कहा कि इस खरीफ मौसम में किसानों के लिए उपलब्ध कराए गए अनुदानित बीजों की जानकारी देते हुए किसानों से कहा कि विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने की अपील किया गया।

# बाल विवाह सामाजिक बुराई है, इसे हम सबको मिलकर मिटाना होगा

**खगड़िया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा बाल विवाह उन्मूलन, नशा उन्मूलन एवं दहेज प्रथा उन्मूलन के विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन सामुदायिक बैठका लदौरा मुसहरी में किया गया। यह जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव चंदन कुमार ने बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेश कुमार बच्चन के निर्देशानुसार नालसा के विभिन्न स्कीमों के तहत बाल विवाह उन्मूलन, नशा उन्मूलन एवं दहेज प्रथा उन्मूलन विषय पर खगड़िया जिले में विशेष अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में सामुदायिक बैठका, लदौरा मुसहरी में उक्त विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजन के लिए पैनल अधिवक्ता, विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता की प्रतिनियुक्ति की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि बाल विवाह सामाजिक बुराई है, इसे हम सबको मिलकर मिटाना होगा। बाल विवाह को रोकने हेतु बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम बनाया गया है जिसके तहत लड़की की शादी के लिए उम्र 18 वर्ष से अधिक एवं लड़के की उम्र 21 वर्ष से अधिक निर्धारित की गयी है। अगर कोई अभिभावक अपने बच्चों का विवाह कानून द्वारा निर्धारित उम्र से पहले करते हैं तो वे दंड के भागी होंगे। ऐसे विवाह में सम्मिलित होने वाले परिजन, विवाह को प्रोत्साहन देने वाले व्यक्ति, विवाह कराने वाले ब्राह्मण तथा हर वह व्यक्ति जो इस विवाह में सम्मिलित



कार्यक्रम को संबोधित करते अधिवक्ता।

हुआ है दंड का भागी होगा। बाल विवाह के मामले में दोषियों को 2 वर्ष का कारावास तथा 100000 जुर्माना अथवा दोनों हो सकता है। उन्होने कहा कि बच्चों का विवाह कम उम्र में हो जाने के कारण कई सारी कठिनाइयों का सामना उन्हें करना पड़ता है। बच्चों का भविष्य

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने लदौरा मुसहरी में आयोजित किया बाल विवाह, नशा और दहेज प्रथा उन्मूलन जैसे विषयों पर जागरूकता शिविर**

अंधकार में हो जाता है। वे अपने जीवन में आगे नहीं बढ़ पाते, उनकी पढ़ाई रुक जाती है। कम उम्र में शादी होने के कारण बच्चियां कम उम्र में ही मां बन जाती हैं और वह खुद तथा उसके होने वाले बच्चे कुपोषण का शिकार हो जाते हैं। उपस्थित लोगों को बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का संकल्प दिलाया गया कि अगर आपके आसपास किसी बच्चे का बाल विवाह कराया जा रहा है तो इसका विरोध करें एवं इसकी सूचना नजदीकी थाना, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकार खगड़िया को टोल फ्री नंबर 15100 के माध्यम दें।

इसी तरह बच्चों को बारी-बारी से वक्ताओं ने सूखा नशा जो बच्चों के बीच तेजी से फैल रहा है एवं दहेज प्रथा के विषय पर कानूनी बिंदुओं से अवगत कराया गया तथा बच्चे अपने आसपास हो रहे ऐसे सामाजिक बुराई से दूर रहे एवं ऐसे सूखा नशा करने वाले व्यक्ति, बेचने वाले व्यक्ति एवं सूखा नशा लेने हेतु प्रेरित करने वाले व्यक्तियों का विरोध करें एवं इसकी शिकायत नजदीकी थाना में अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकार खगड़िया में दर्ज कराये। साथ ही साथ वक्ताओं ने यह भी बताया कि हमारे समाज में दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराई भी है। दहेज लेना एवं दहेज देना दोनों अपराध की श्रेणी में आता है। दहेज लेने वाले तथा देने वाले को कानून में सजा का प्रावधान किया गया है। इसलिए हम सबको आगे आकर दहेज जैसी कुरीति का विरोध करना होगा एवं इसकी शुरुआत खुद से एवं अपने घर से करना होगा। साथ ही साथ समाज में भी हो रहे दहेज के लेनदेन को रोकने हेतु विरोध दर्ज करना होगा। ताकि समाज से बाल विवाह, सूखा नशा तथा दहेज प्रथा का उन्मूलन सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता सनोज कुमार सिंह, पैनल अधिवक्ता अमरजीत कुमार सिंह, खैरी खुटहा पंचायत के मुखिया, तटवासी समाज न्यास केशव राम कुमार ने भी संबोधित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### जीपीडीपी को लेकर कार्यशाला आयोजित

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड मुख्यालय आईटी भवन के सभा हल में जीपीडीपी को लेकर एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रखंड के 13 पंचायतों के मुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत सचिव, शिक्षक एवं अन्य कर्मी में भाग लिया। कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षक के द्वारा परियोजना निदेशक बिहार राज्य पंचायत संसाधन पंचायती राज विभाग पटना के द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए किए गए मार्गदर्शिका के अनुसार । तथा इस मार्गदर्शन को लेकर जनप्रतिनिधियों के बीच नए मार्गदर्शन के तहत कार्य करने एवं पंचायत विकास के लिए अनुकूल खर्च जिम्मेदारी जवाब देही पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। जीपीडीपी से वर्ष 2026-27 के पंचायत विकास आय व्यय की जानकारी दी गई। इस कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में सलिल कुमार एवं कार्यालय कार्यपालक सहायक विजय कुमार विष्णु,जबकि इस कार्यशाला में सभी पंचायत सचिव एवं मुखिया प्रतिनिधि शशि कुमार, विश्वेश्वर रजक एवं मुख्य प्रतिनिधि विकास कुमार एवं अन्य क्षेत्र से आए जनप्रतिनिधि कर्मी मौके पर उपस्थित रहे।

### कानू संघ के जिला स्तरीय चुनाव पांच जुलाई को

**महेशखूंट (दैनिक नवसंदेश)।** कानू विकास संघ के जिला स्तरीय चुनाव शारदा फार्म हाउस में आगमी पांच जुलाई को जिलाध्यक्ष,जिला सचिव तथा जिला कोषाध्यक्ष पद पर चुनाव वोटर लिस्ट के अनुसार मतदान करके होगा। प्रत्येक प्रखंड के करीब 21 स्वजाति सदस्य का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ा जाएगा। जो की तीनों पद के उम्मीदवार को अपना मतदान कर सकते हैं। वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने की जिम्मेवारी सभी प्रखंड अध्यक्ष को दिया गया है। यह बातें कानू विकास संघ के चुनाव प्रभारी अर्जुन कुमार साह ने कहीं। उन्होंने ने कहा कि तीन पद के अलावा बचे सभी पदों का चुनाव तीथि निर्धारित करने के बाद होगा। तीन पद के बाद जिला युवा संयोजक,जिला मीडिया प्रभारी सहित अन्य सभी पदाधिकारी अगले चुनाव तक यथावत अपने पद पर बने रहेंगे। वही संघ के जिला अध्यक्ष मक्खन साह ने बताया की चुनाव को लेकर जिले के सभी गांवों में स्वजाति से सम्पर्क किया जा रहा है। उन्होंने स्वजाति से अधिक से अधिक संख्या में चुनाव में भाग लेने की अपील किया।

### बच्चों का विद्यालय में हुआ स्वागत, प्रदर्शित किए प्रोजेक्ट

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड क्षेत्र के काशी मध्य विद्यालय, पिपरा में ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने के बाद विद्यालय खुलते ही छात्र-छात्राओं का उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। लंबे अवकाश के बाद विद्यालय पहुंचने पर बच्चों में काफी खुशी और उत्साह देखने को मिला। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं को चंदन, टीका और पुष्प माला देकर सम्मानित किया गया तथा विद्यालय परिसर में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर एक सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण का निर्माण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा अवकाश के दौरान तैयार किए गए विभिन्न शैक्षणिक प्रोजेक्ट कार्यों का प्रदर्शन किया गया। बच्चों ने विज्ञान, पर्यावरण, कला एवं सामाजिक विषयों से संबंधित आकर्षक मडल और चार्ट प्रस्तुत किए, जिसकी शिक्षकों ने सराहना की। प्रोजेक्ट प्रदर्शन के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और सीखने की क्षमता का परिचय दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रवीश कुमार प्रसाद यादव ने बच्चों का स्वागत करते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अनुशासन का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अवकाश के दौरान तैयार किए गए प्रोजेक्ट बच्चों की प्रतिभा और मेहनत को दर्शाते हैं तथा इस प्रकार की गतिविधियां उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। मौके पर विद्यालय के सहायक शिक्षक राजेश कुमार पासवान, सुमन कुमार, रेणु कुमारी, पार्वती कुमारी, धर्मेंद्र कुमार सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नए सत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय खुलने के पहले दिन बच्चों की अच्छी उपस्थिति रही। छात्र-छात्राओं ने अपने साथियों और शिक्षकों से मिलकर खुशी व्यक्त की तथा पूरे उत्साह के साथ शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लिया।

### पुत्र के साथ मारपीट करने की पुलिस से की शिकायत

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** हनुमान नगर गांव निवासी वकील राम के 36 वर्षीय पुत्र सुनील राम ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर शिकायत किया। आवेदन में वर्णित है कि मेरा पुत्र प्रिंस कुमार साइकिल पर सवार होकर कमाथाना से घर वापस लौट कर आ रहा था। इस दौरान ई रिक्शा चालक से ठोकर लग जाने के कारण मेरा पुत्र साइकिल को लेकर नंदन साह में ठोकर लग गया। ठोकर लगते ही मेरे पुत्र को 30 वर्षीय पप्पू कुमार, 38 वर्षीय रविंद्र साह बेरहमी से मारपीट कर जख्मी कर दिया। जख्मी हालत में मेरे पुत्र को करीब दो घंटे तक गायब कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष के नंदन साह के पुत्र पप्पू कुमार ने बताया कि मेरा पिताजी अपने घर के समीप बास का खुट्टा गार रहे थे। उसी दौरान उक्त बालक का साईकिल का संतुलन बिगड़ जाने के कारण ठोकर लग गया। इस दौरान बालक से पुछताछ किया तो बालक ने बताया कि मेरे साईकिल में ई रिक्शा से ठोकर लग गया, जिस कारण ठोकर लगी। जिस कारण चोट लग गया तब ई रिक्शा चालक को खोजने लगे। जिस कारण मेरे उपर गलत आरोप लगाया जा रहा है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है।

### थानाध्यक्ष से शिकायत कर की कार्रवाई की मांग

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** सकरोहर गांव निवासी विजय यादव ने थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर शिकायत किया है। मालूम हो कि सकरोहर मौजा अंतर्गत 2022 में जमींदार स्वर्गीय अखिलेश प्रसाद गुप्ता के 43 वर्षीय शिक्षक पुत्र राजेश कुमार ने दो कट्ठा पांच धूर जोत जमीन दो लाख 17 हजार रुपया देकर खरीदारी की। वही व्यक्ति मेरे भाई अखिलेश यादव से एक कट्ठा 10 दूर जोत जमीन राजेश कुमार ने एक लाख 45 हजार रुपया देकर खरीदा, फिर उसी जमीन को शिक्षक राजेश कुमार ने अपने घर के सदस्यों के नाम पर दान पत्र कर दिया। जब मोटेशन के लिए कहते थे तो पहले 5 लाख रुपया दो तब मोटेशन करने देंगे। थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि मामले को छानबीन कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# मिट्टी लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत

दैनिक नवसंदेश

**महेशखूंट।** पकरैल पंचायत के विद्यार्थी टोल के पास मिट्टी लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत मंगलवार को हो गई। मृतक पकरैल गांधी नगर वार्ड संख्या पांच निवासी मुकेश साह का 23 वर्षीय पुत्र अमित कुमार था। हादसे के बाद ग्रामीणों ने ट्रैक्टर तथा चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

**हादसे में मौके पर ही हो गयी युवक की मौत**

बताा जाता है कि अमित कुमार पकरैल से महेशखूंट की ओर जा रहा था तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार आ रहे से मिट्टी लदे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जानकारी मिलने पर परिजन आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुंचे। देखते ही देखते सड़क कर काफी भीड़ जमा हो गयी। महेशखूंट थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर मुखिया अरुण कुमार साह ने बताया कि पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## ट्रैक्टर का डाला टूटने से आधा दर्जन लोग जख्मी


अस्पताल में भर्ती घायल महिला।

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** मानसी थाना क्षेत्र स्थित अमनी मोड़ के समीप मंगलवार की दोपहर ट्रैक्टर के डाला के टूट जाने से उस पर सवार 10 लोगों में से तीन गंभीर रूप से जख्मी हो गये,जबकि चार अन्य लोगों को मामूली चोटें आई है। घायलों की पहचान समस्तीपुर जिले के मालीपुर निवासी अर्जुन सदा की पत्नी सीता देवी(30), अलौली थाना ईचरूवा के परास मुसहरी निवासी राजो सदा (45) एवं उक्त थाना क्षेत्र के ही निवासी उमेश सदा (55) के रूप मे हुई है। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल मे कराया जा रहा है। इधर घटना के संबंध मे घायलों ने बताया कि वो सभी मजदूरी करते हैं। मंगलवार की दोपहर बदला घाट से ट्रैक्टर पर मकई लेकर ईचरूवा जा रहे थे। इसी क्रम में अमनी मोड़ के समीप अचानक ट्रैक्टर व डाला के जोड़ पर से टूट जाने के कारण उक्त घटना घटी।

# जेठ जतरा में गांव के लोगों ने मांगी सुख-शांति की मन्नतें



**पसराहा (दैनिक नवसंदेश)।** थाना अंतर्गत सोनडीहा के वार्ड संख्या 14 स्थित काली स्थान में पिछले नौ दिनों से चल रहा बहर जतरा (जेठ जतरा) का अनुष्ठान श्रद्धा और भक्तिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। इस नौ दिवसीय अनुष्ठान के अंतिम दिन काली मैया की भव्य पूजा-अर्चना के बाद कलश विसर्जन की प्रक्रिया पूरी की गई।

आयोजन के अंतिम चरण में 24 पहर के अखंड भगैत कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसकी गूंज से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। पूजा के दौरान पंकज बाबा ने बहर जतरा का महत्व बताते हुए कहा कि यह अनुष्ठान गांव की आध्यात्मिक सुरक्षा का कवच है। उन्होंने कहा कि बहर जतरा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह हमारी प्राचीन संसति का वह हिस्सा है जो गांव को महामारी, प्रातिक आपदाओं और दुखों से मुक्त रखने के लिए किया जाता है। माता की पा से ही खेत-खलिहान और पशु-धन सुरक्षित रहते हैं। अनुष्ठान के समापन अवसर पर बड़ी संख्या में गांव के महिला, पुरुष और गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। पूजा की परंपराओं का निर्वहन करते हुए कुमारी कन्याओं को भोजन कराया गया और उन्हें श्रद्धापूर्वक दान-दक्षिणा दी गई। इसके पश्चात विधि-विधान के साथ कलश को पूरे गांव का भ्रमण कराया गया, ताकि गांव का हर कोना दैवीय आशीर्वाद से अभिसिंचित हो सके। गांव भ्रमण के बाद प्रसाद का वितरण किया गया, जिसे ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। ग्रामीणों ने आपसी भाईचारे और शांति के साथ इस अनुष्ठान को सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान दिया। इस कार्यक्रम ने एक बार फिर साबित किया कि ग्रामीण अंचलों में आज भी सामूहिक आस्था और परंपराएं कितनी जीवंत हैं।

# डूबने से बचाने के लिए आपदा मित्रों को किया गया प्रशिक्षित

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आईटी भवन सभा कक्ष में एसडीआरएफ टीम ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रशिक्षण के तहत मुख्य रूप से क्षेत्र में डूबने की घटना को कम करने को कम करने के लिए आपदा मित्रों को प्रशिक्षित किया गया। प्रैक्टिकल के तौर पर जुगाड़ के माध्यम से डूब रहे व्यक्तियों को बचाने के तौर तरीके बताया गया। जिसमें मुख्य रूप से बोतल, गैलन, नारियल, बांस-बल्ला आदि से जुगाड़ तैयार कर डूब रहे व्यक्तियों को बचाने की कला प्रत्यक्ष रूप से बताया गया। जबकि डूबने से मृत्यु के दौरान हुई मौत के बाद फोरन डूबे हुए व्यक्ति को सीपीआर देने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार पूर्वक एसडीआरएफ के टीम के द्वारा बताया गया। वहीं प्रशिक्षक के तौर पर इस एसडीआरएफ की टीम में जिला से एस आई रविंद्र कुमार, एसडीआरएफ सुबोध कांत, उमेश कुमार, अजीत कुमार राय के द्वारा उपस्थित लोगों के बीच प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर अंचलाधिकारी रविराज भी मौजूद रहे। जबकि इस प्रशिक्षण में अंचल के कर्मचारी रणवीर सिंह, दिनेश दास, रणधीर सिंह, नरेंद्र कुमार, अभिराज कुमार, रंजन कुमार दास, अमित कुमार के अलावे क्षेत्र के सभी आपदा मित्र, जीविका दीदी आदि इस प्रशिक्षण में भाग लिया।

# IIP की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाना होगा : मनीष

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** नगर परिषद क्षेत्र के सन्हौली स्थित जिला कार्यालय में मंगलवार को इंडियन इन्क्लूसिव पार्टी (आईआईपी) के जिलाध्यक्ष मनोज तांती की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें पार्टी के जिला

**पार्टी के जिला और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी के अलावा आमंत्रित सदस्यों ने लिया हिस्सा**




स्तरीय और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी के अलावा आमंत्रित सदस्य के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव मनीष कुमार सिंह, प्रदेश प्रधान महासचिव डॉ. संजय तांती शामिल हुए। मनीष कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हम सभी को टोला, मुहल्ला, गांव-गांव तक जाना होगा। शोषित, वंचित, गरीबों, छात्रों की लड़ाई लड़नी होगी। बैठक में पार्टी के विस्तार, कबीर जयंती मनाने और पार्टी के विस्तार को लेकर चर्चा हुई। वहीं नीट पेपर लीक मामले में पुतला दहन करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में जिला प्रधान महासचिव घनश्याम कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष साकेन अहमद, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मोहन चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी प्रवेश साह, अरुण तांती, पिन्टू तांती, शिवम कुमार, प्रदीप कुमार दास सर्वोत्तम कुमार, डॉ. अर्थच कुमार, राकेश कुमार आदि मौजूद थे।

# बेलदौर में अवैध रूप से मिट्टी की कटाई धड़ल्ले से जारी

**बेलदौर(दैनिक नवसंदेश)।** क्षेत्र में अवैध रूप से मिट्टी की कटाई धड़ल्ले से जारी है। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से मिट्टी लदे ट्रैक्टर बेखौफ होकर गुजर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, मिट्टी लेकर निकलने वाले ट्रैक्टर चालक घनी आबादी और गांवों के बीच से तेज रफ्तार से वाहन दौड़ाते हैं। इस पर यदि स्थानीय प्रशासन ने जल्द रोक नहीं लगाई, तो कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। इसी बीच एक नया मामला बेलदौर थाना क्षेत्र के मेहंदीपुर गांव से सामने आया है। यहां के निवासी विद्यानंद सिंह के पुत्र नीतीश कुमार की निजी जमीन पर दबंगों द्वारा जबरन मिट्टी भराई का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित नीतीश ने बताया कि जमीन हड़पने की नीयत से उनके पड़ोसी दबंगई पर उतारू हैं। इस संबंध में पीड़ित ने शनिवार की देर रात गोगरी एसडीओ, बेलदौर अंचलाधिकारी अमित कुमार और थाना अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई थी। इसके बावजूद प्रशासन अब तक मिट्टी भराई का कार्य रोकने में नाकाम है। पीड़ित नीतीश का कहना है कि प्रशासन की शिथिलता के कारण ही विपक्षियों के हौसले बुलंद हैं।

# प्रखंड प्रमुख ने आदित्य कुमार को किया सम्मानित

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड के श्रीषिरनियां निवासी आदित्य कुमार के लेफ्टिनेंट पद पर चयनित होने पर प्रखंड प्रमुख अशोक पंत उनके घर जाकर चयनित युवक को बधाई एवं शुभकामना दिया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट आदित्य कुमार को गोगरी प्रखंड प्रमुख ने फूल माला पहनाकर अंगवस्त्र एवं बुके से सम्मानित किया। प्रमुख अशोक पंत ने कहा की उक्त युवक द्वारा गांव का नाम रौशन किया है। उनके इस सफलता के लिए उन्हें बधाई देता हूं।

# हनुमान नगर में सड़क पर हादसों में हो रही है वृद्धि

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड क्षेत्र के माली हनुमान नगर पथ के पप्पू साह के घर के समीप तिरछी मोर है। तिरछी मोर रहने के कारण उक्त स्थल पर कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। हलांकि इसको लेकर प्रषासन के द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई की जायेगी। वही कुम्हरैली गांव से आगे प्राथमिक विद्यालय कुम्हरेली के बीच में कई महादलित परिवार सड़क के किनारे घर बनाकर जीवन गुजर बसर कर रहे हैं। उक्त स्थल पर काफी तिरछी मोड़ रहने के कारण दर्जनों दुर्घटनाएं हो गई है। जिसमें कई व्यक्ति जख्मी हो गए, फिर भी कोई भी पदाधिकारी का ध्यान आष्ट नहीं हो रहा है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि जब हम लोग मोटरसाइकिल लेकर गुजरते हैं तो आने वाला व्यक्ति का चेहरा तक नहीं दिखाई पड़ता है। जिस कारण मोटरसाइकिल चालक का संतुलन बिगड़ जाता है। जब संतुलन बिगड़ जाती है तो दुर्घटना हो जाती है, फिर भी प्रशासन का ध्यान आष्ट नहीं हो पाया। इसलिए ग्रामीणों का कहना है कि सड़क किनारे जितने भी घर बने हुए हैं उन्हें अतिक्रमण वाद चलाकर अतिक्रमण मुक्त कर दी जाए जिससे घटनाएं नहीं हो सके।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी गयी श्रद्धांजलि



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** भाजपा ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान, उनके त्याग, संघर्ष एवं राष्ट्रवादी विचारों को स्मरण करते हुए उन्हें शत-शत नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मंच संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में दिल्ली पूर्वांचल मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं भाजपा नेता सीए अनुज कुमार सिंह, राष्ट्रीय परिषद सदस्य रामानुज चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष अर्जुन कुमार शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अश्विनी सिंह, जिला महामंत्री डॉ. इंदु भूषण कुशवाहा, जिला महामंत्री नंदू शाह तथा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वंदना सिंह पटेल, खगड़िया नगर उत्तरी मंडल अध्यक्ष शुभंकर शुभम उर्फ अनुपम सिंह मंचासीन रहे। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सांस्कृतिक गौरव की रक्षा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का ऐतिहासिक उद्घोष किया, जो आज भी करोड़ों देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# सिपाही भर्ती के पहले चरण की लिखित परीक्षा आज

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) की परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन के लिए जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली है। जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार परीक्षा संचालन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करते हुए सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त प्रशासनिक एवं पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

परीक्षा का आयोजन 24 जून को दो पालियों में तथा 28 जून को एकल पाली में किया जाएगा। अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से दो घंटे पूर्व रिपोर्टिंग करने तथा समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने का निर्देश दिया गया है। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने हेतु प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक दंडाधिकारी-सह-प्रेक्षक, जोनल दंडाधिकारी, उड़नदस्ता दल, पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, वीडियोग्राफी, बायोमेट्रिक सत्यापन, फ्रिस्किंग, मोबाइल जैमर तथा लाइव मॉनिटरिंग की समुचित व्यवस्था की गई है।

प्रश्न-पुस्तिका एवं ओएमआर शीट के सुरक्षित वितरण,

**कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन के लिए अधिकारियों की तैनाती, 28 जून को होगी दूसरे चरण की परीक्षा**

सीलबंद बक्स खोलने एवं परीक्षा समाप्ति के उपरांत गोपनीय सामग्री के सुरक्षित संधारण हेतु केंद्रीय चयन पर्षद के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। सभी प्रक्रियाओं की वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से कराई जाएगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस अथवा किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी। निर्धारित समय के बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा अवधि के दौरान जिला नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटे सक्रिय रहेगा। साथ ही चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन सेवा, विद्युत आपूर्ति, यातायात प्रबंधन तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

जिला प्रशासन ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को केंद्रीय चयन पर्षद द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करते हुए परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने का निर्देश दिया है। साथ ही अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचें तथा सभी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षा में सम्मिलित हों।

# पल्स पोलियो अभियान की सफलता को लेकर पदाधिकारी ने किया बैठक

## 28 जून से 2 जुलाई तक चलेगा पल्स पोलियो अभियान

**जमालपुर(मुंगेर) (एनएसबी)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी ड प्रभात रंजन निर्देश पर आगामी 28 जून से पल्स पोलियो अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने हेतु एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बैठक आयोजित की गई।बैठक में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी पिंकी कुमारी, डब्ल्यूएचओ के ड. जुनैद, ड़ पंकज कुमार, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड़ अशोक पासवान सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी के उपस्थिति में पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया।

पोलियो नोडल कार्यक्रम पदाधिकारी सह प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक आशुतोष कुमार ने पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन हेतु विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की। उन्होंने अभियान के प्रत्येक चरण, जिम्मेदारियों एवं समन्वय व्यवस्था की जानकारी साझा करते हुए सभी संबंधित विभागों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।बैठक में अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय, जनजागरूकता एवं प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुँचाने पर विशेष बल दिया गया। उपस्थित सभी अधिकारियों ने अभियान को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।


पल्स पोलियो को लेकर बैठक करते स्वास्थ्य विभाग।

## जमालपुर पूर्वी मंडल में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया

**जमालपुर(मुंगेर)।** भारतीय जनता पार्टी के जमालपुर पूर्वी मंडल में मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भुट्टो की अध्यक्षता में ड़ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष ड़ अरुण कुमार पोद्दार एवं विधान परिषद सदस्य लालमोहन गुप्ता उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा प्रभारी प्राण रंजन तथा जमालपुर प्रखंड अध्यक्ष मनीष दयाल गोस्वामी शामिल हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्रगीत के गायन के साथ हुआ। इसके बाद ड़ अरुण कुमार पोद्दार ने ड़ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, राष्ट्रसेवा एवं बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में धारा 370 हटाकर ड़ मुखर्जी के सपनों को साकार किया गया।विधानसभा प्रभारी प्राण रंजन ने कहा कि ड़ मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब प्रत्येक कार्यकर्ता उनके आदर्शों पर चलते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प ले।कार्यक्रम का संचालन मंडल उपाध्यक्ष राजीव सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन रवि मोदी ने किया।इस अवसर पर इंद्रजीत सिंह, मिलन तांती, टिमटिम यादव, राहुल खेतान, रवि पासवान, मदन प्रसाद, नीलम भगत, सुषमा सिंह, शंकर रजक, सुरेश मंडल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बलिदान दिवस मनाते भाजपा नेता।

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत परिजनों ने पोस्टमार्टम से किया इंकार

**जमालपुर(मुंगेर)।** रतनपुर एवं जमालपुर रेलवे स्टेशनों के बीच मंगलवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल एवं स्थानीय पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची।जानकारी के अनुसार, ट्रेन संख्या 13401 अप से रतनपुरजमालपुर रेलखंड के किलोमीटर संख्या 356ध्3-2 के पास एक व्यक्ति के कट जाने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची टीम ने लगभग 75 वर्षीय एक वृद्ध का शव रेलवे ट्रैक पर बरामद किया।स्थानीय पूछताछ के दौरान मृतक की पहचान ललित यादव (75 वर्ष), पिता स्वर्गीय धनी लाल यादव, निवासी नया रामनगर, जिला मुंगेर के रूप में हुई। इसके बाद ईस्ट कलोनी थाना पुलिस ने शव को ट्रैक से हटाकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की।बाद में मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और लिखित आवेदन देकर पोस्टमार्टम नहीं कराने की इच्छा जताई। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।इस मामले में ईस्ट कलोनी थाना रेल थाना जमालपुर कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार,वृद्ध की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है।


रेलवे ट्रैक पर उमड़ी भीड़।

## प्रेम प्रसंग के बाद फरार प्रेमी युगल गिरफ्तार, पुलिस ने जमालपुर से पकड़ा

**जमालपुर(मुंगेर)।** कासिम बाजार थाना के एक मामले में फरार चल रहे प्रेमी युगल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कासिम बाजार थाना पुलिस ने जमालपुर थाना पुलिस के सहयोग से कार्रवाई करते हुए दोनों को जमालपुर क्षेत्र से हिरासत में लिया।मामले की जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर रूबी कांत कच्छप ने बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान जमालपुर के बिंदवाड़ा शर्मा टोला निवासी इंद्रदेव पासवान के पुत्र प्रदुम कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार युवक और युवती के बीच पिछले लगभग चार वर्षों से प्रेम संबंध था।जांच में यह भी सामने आया कि दोनों घर से फरार होने के बाद रांची स्थित एक मंदिर में विवाह कर चुके थे। घटना के बाद से पुलिस दोनों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही थी। मामले को लेकर कासिम बाजार थाना में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी। इंस्पेक्टर ने बताया कि पुलिस के बढ़ते दबाव और लगातार चलाए जा रहे अभियान के कारण अंततः प्रेमी युगल को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। दोनों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए बीडीओ ने कसी कमर

**जमालपुर (मुंगेर)।** प्रखंड कार्यालय जमालपुर में सोमवार को श्सबकी योजना, सबका विकासश अभियान के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) ड़ प्रभात रंजन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए।बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्राम पंचायत डेवलपमेंट प्लान (जीपीडीपी) के माध्यम से प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक पात्र लाभुक तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए तथा सभी संबंधित अधिकारी और जनप्रतिनिधि समन्वय बनाकर कार्य करें।बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा की गई और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं की तैयारी, पारदर्शिता और समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया।बैठक में प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मितेश कुमार, मुखिया सुरेंद्र पासवान, मुखिया कल्पना देवी, पंचायत सचिव, डाटा अपरेटर सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।


प्रखंड में बैठक करते बीडीओ।

## अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में जमालपुर बना चैंपियन, साहिबगंज में लहराया परचम

**जमालपुर(मुंगेर) (एनएसबी)।** साहिबगंज में आयोजित परचम अंडर-19 मिक्स्ड क्रिकेट प्रतियोगिता में जमालपुर स्पोर्ट्स एसोसिएशन (जेएसए) की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। टीम की इस उपलब्धि से जमालपुर के खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है।35 ओवर के फाइनल मुकाबले में जेएसए जमालपुर की ओर से गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन किया। अभिनव और शिवम ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए तीन-तीन विकेट झटके और विपक्षी टीम को बड़ा स्कोर बनाने से रोका।लक्ष्य का पीछा करने उतरी जेएसए जमालपुर की टीम ने आक्रामक और संतुलित बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। टीम के कप्तान शिवम ने शानदार शतक जड़ते हुए 84 गेंदों पर 101 रन बनाए। उनके अलावा शेष खिलाड़ियों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसके दम पर जमालपुर की टीम ने लक्ष्य हासिल कर शानदार जीत दर्ज की और प्रतियोगिता की ट्रॉफी अपने नाम कर ली।विजेता टीम में कप्तान शिवम के अलावा सौरभ, सत्यम, अमित, आर्यन, प्रियांश, आलोक, श्लोक, बंसल, प्रतीक, नमन और आदर्श सहित अन्य खिलाड़ियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खिलाड़ियों के उत्ष्ट प्रदर्शन के पीछे टीम के प्रशिक्षक एवं जेएसए क्रिकेट सचिव मनीष कुमार की मेहनत और समर्पण को भी सराहा जा रहा है। खिलाड़ियों ने बताया कि मनीष कुमार ने दिन-रात मेहनत कर टीम को बेहतर प्रशिक्षण दिया, जिसका परिणाम प्रतियोगिता में जीत के रूप में सामने आया।टीम की इस शानदार सफलता पर रेलवे के खेल पदाधिकारी प्रीतम कुमार तथा सहायक खेल पदाधिकारी संतोष कुमार ने खिलाड़ियों और कोच मनीष कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


ट्रॉफी के साथ जमालपुर पहुंचे क्रिकेट टीम।

## संक्षिप्त खबरें

### 18 लीटर देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**जमालपुर(मुंगेर)।** जमालपुर पुलिस में रिफ्यूजी कलोनी जुबली बेल पंचमुखी बजरंगबली के पीछे से एक शराब को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान मुंगेर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नंदलालपुर निवासी विकास कुमार के रूप में हुआ है। विकास के पास से 18 लीटर देसी शराब बरामद किया गया।गिरफ्तारी एसआई महादेव प्रसाद गस्ती के दौरान किया।जानकारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने दिए।

### फरार आरोपी गिरफ्तार

**जमालपुर(मुंगेर)।** जमालपुर पुलिस में लड़की को भगाकर ले जाने के के मामले में फरार चल रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक केशवपुर निवासी गुड्डू पासवान उर्फ अरविंद कुमार पिता राम भजन पासवान का पुत्र है जो जमुई जिले के लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। युवक के गिरफ्तारी के मामले में थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान कार्रवाई करने की बात कही है।

### देसी शराब बरामद धंधेबाज फरार

**फतुहा (दैनिक नवसंदेश)।** नदी थाने की पुलिस ने मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर फतेहजामपुर रेलवे लाइन के पास छापेमारी कर करीब 300 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की है, हालांकि पुलिस को देखते ही धंधेबाज भागने में सफल रहे। थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि धंधेबाज की पहचान कर ली गई है, प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### पिकअप वैन ने ट्रक में मारी टक्कर, पिकअप जब्त

**फतुहा (दैनिक नवसंदेश)।** नदी थाने के मौजीपुर में सोमवार की शाम एक पिकअप वैन चालक ने खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिकअप वैन को जब्त कर चालक को फतुहा अस्पताल में भर्ती कराया है। थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि वैन चालक मेरठ रेठानी निवासी बलवीर सिंह का पुत्र देवेंद्र सिंह शायद सूखा नशा कर वैन चला रहा था इसी दौरान यह घटना घटी है। उसका फतुहा अस्पताल में इलाज चल रहा है, आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### अफवाह से मची भगदड़

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** मंगलवार को बाढ़-कोंदी रोड क्षेत्र में अचानक भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। हालांकि, भगदड़ के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। उल्लेखनीय है कि 21 जून को इसी क्षेत्र के बस स्टैंड में हुई गोलीबारी की घटना में दो लोग घायल हुए थे। उस मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। स्थानीय स्तर पर विभिन्न तरह की चर्चाएं जरूर हैं, लेकिन पुलिस ने किसी भी अफवाह या दावे की पुष्टि नहीं की है।पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने तथा अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। मामले की जांच जारी है।

### जुआ अड्डों पर पुलिस की छापेमारी, चार गिरफ्तार

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को सदर बाजार स्थित विभिन्न जुआ अड्डों पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान जुआ खेल रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### कोंदी बस स्टैंड में कई वाहनों में तोड़फोड़, जांच में जुटी पुलिस

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ के कोंदी बस स्टैंड क्षेत्र में मंगलवार को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा कई दुपहिया एवं चारपहिया वाहनों के शीशे तोड़ दिए गए। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि घटना के कारणों एवं इसमें शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। फिलहाल स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

### कोंदी स्टैंड फायरिंग मामले में दोनों पक्षों ने दिया आवेदन

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ थाना क्षेत्र के कोंदी बस स्टैंड में 21 जून को हुई गोलीबारी की घटना को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए हैं। राकेश कुमार एवं पूर्वी बेढ़ना के मुखिया राज कुमार यादव की ओर से एक-दूसरे के विरुद्ध बाढ़ थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। पुलिस दोनों पक्षों के आरोपों की जांच कर रही है तथा मामले में प्राप्त साक्ष्यों एवं बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा का संस्थापक श्री मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया

**सोनपुर (एनएसबी)** दिनांक 23--06--2026 दिन मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल सोनपुर के कार्यकर्ताओं ने विधायक कार्यालय सोनपुर मे जनसंघ के संस्थापक ड़ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मण्डल अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु एवं संचालन मण्डल उपाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह जी ने किया। नगर मण्डल के सभी तीनो शक्ति केंद्र पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं तित्व पर चर्चा कि। वरीय नेता नरेश सिंह ने कहा की एक देश दो विधान दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का नारा देकर अखंड भारत के लिए अपना सर्वस्व न्योक्षावर करने वाले भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं महान राष्ट्र चिंतक श्रद्धेय डक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि करता हूं।ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने मां भारती की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। देशहित में अनेक कार्य किए, जिन्हें भुलाना संभव नहीं है। हम सभी को उनके जीवन तथा उनके कार्यो से प्रेरणा लेनी चाहिए और यह संकल्प लेना चाहिए कि स्वहित से बड़ा देशहित होता है। नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु ने कहा कि ड़ मुखर्जी ने सन 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना की और दो निशान, दो विधान और दो संविधान का खुला विरोध किया। कश्मीर समस्या को लेकर बड़े संघर्ष की शुरूआत की। तत्कालिक कांग्रेस सरकार के कुचक्र के कारण ड़ मुखर्जी जेल गए और जेल में ही संदिग्ध हालत में मां भारती की सेवा में अपना जीवन बलिदान किया। ड़ मुखर्जी देश के सच्चे सपूत थे।


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।


### ई-नीलामी के माध्यम से सोनपुर मंडल में एनएफआर के तहत विभिन्न वाणिज्यिक इकाइयों का सफल आवंटन

**सोनपुर (एन एसबी)** रेलवे की गैर-कि किराया में वृद्धि तथा यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिनांक 23 जून 2026 को आयोजित ई-नीलामी) के माध्यम से सोनपुर मंडल द्वारा एऩ एफ़आर के तहत विभिन्न वाणिज्यिक इकाइयों का सफलतापूर्वक आवंटन किया गया। इस क्रम में 'बरौनी' स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में मेडिकल शप का लाइसेंस '5 वर्षों' की अवधि के लिए सफलतापूर्वक आवंटित किया गया। इसके अतिरिक्त 'बरौनी, नवगछिया' एवं 'दलसिंहसराय' स्टेशनों के बाहर एनएफआर स्टलों का आवंटन '3 वर्षों' की अवधि के लिए ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से किया गया। उक्त वाणिज्यिक इकाइयों के आवंटन से रेलवे को प्रतिवर्ष 'घ36,82,960' ध- (छत्तीस लाख बयासी हजार नौ सौ साठ रुपये) का अतिरिक्तराजस्व प्राप्त होगा। यह आवंटन पूर्णतः पारदर्शी एवं प्रतिस्पर्धी ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से संपन्न किया गया है। सोनपुर मंडल द्वारा गैर-किराया राजस्व के विभिन्न स्रोतों के विकास हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस पहल से जहां रेलवे की आय में वृद्धि होगी, वहीं यात्रियों को आवश्यक सुविधाओं की बेहतर उपलब्धता भी सुनिश्चित हो सकेगी।

### राजद नेता लल्लू मुखिया के बेहतर इलाज का रास्ता साफ, दिल्ली एम्स में होगा उपचार

#### पटना हाईकोर्ट के निर्देश के बाद दिल्ली ले जाने की तैयारी, समर्थकों में राहत की लहर

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** विभिन्न मामलों में भागलपुर जेल में बंद राजद के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं चर्चित नेता कर्मवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया के बेहतर इलाज का मार्ग प्रशस्त हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को देखते हुए उनके इलाज के लिए दिल्ली स्थित एम्स में भेजे जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बताया जाता है कि लल्लू मुखिया की स्वास्थ्य स्थिति को लेकर उनके परिजनों एवं समर्थकों द्वारा लगातार बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की जा रही थी। इसी क्रम में मामले को लेकर न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया गया था। सूत्रों के अनुसार, पटना हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान चिकित्सा सुविधा एवं स्वास्थ्य स्थिति से जुड़े पक्षों पर विचार किया गया, जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भेजने का रास्ता साफ हुआ है। अब आवश्यक प्रशासनिक एवं चिकित्सकीय प्रक्रियाएं पूरी किए जाने के बाद उन्हें दिल्ली ले जाने की तैयारी की जा रही है। लल्लू मुखिया वर्तमान में विभिन्न मामलों में भागलपुर जेल में बंद हैं। उनके स्वास्थ्य को लेकर राजनीतिक एवं सामाजिक स्तर पर भी चर्चा बनी हुई है। समर्थकों का कहना है कि उन्हें उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना आवश्यक है। इधर, इस खबर के सामने आने के बाद उनके समर्थकों और राजद कार्यकर्ताओं में राहत की भावना देखी जा रही है। कई समर्थकों ने उम्मीद जताई है कि दिल्ली एम्स में बेहतर इलाज मिलने से उनके स्वास्थ्य में सुधार होगा। हालांकि, प्रशासनिक स्तर पर अभी आधिकारिक रूप से विस्तृत कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है। संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूरी किए जाने के बाद उन्हें दिल्ली भेजे जाने की संभावना है।


कर्मवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया।

### पूर्व करणी सेना जिलाध्यक्ष साकेत सिंह को पितृ शोक

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पूर्व करणी सेना जिलाध्यक्ष साकेत सिंह के पिता कपिलदेव सिंह का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनके निधन से परिवार एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर है। बाढ़ विधायक ड़ सियाराम सिंह ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। क्षेत्र के कई सामाजिक एवं राजनीतिक लोगों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### विद्यालय में चोरी, पंखे और बिजली तार ले उड़े चोर

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ अनुमंडल क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय धनावां में अज्ञात चोरों ने वर्ग कक्ष की खिड़की तोड़कर दो स्लिंग फैन, बिजली के तार एवं अन्य सामान चोरी कर लिया। साथ ही विद्युत बोर्ड को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। प्रधान शिक्षिका रेखा कुमारी ने बताया कि ग्रीष्मावकाश के दौरान विद्यालय बंद था। विद्यालय खुलने पर घटना की जानकारी मिली। मामले की सूचना संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने विद्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

### शराब के नशे में वार्ड पार्षद गिरफ्तार


**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** मोकामा नगर क्षेत्र के एक वार्ड पार्षद को कथित रूप से शराब के नशे की हालत में पुलिस ने हिरासत में लिया। चिकित्सीय जांच के बाद बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। पुलिस के अनुसार, सूचना मिलने पर संबंधित वार्ड पार्षद को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था। मेडिकल जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक डीजे पर पूर्ण रोक

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बाढ़ थाना परिसर में एसडीपीओ रामष्णा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया। एसडीपीओ ने आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील करते हुए डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान अफवाह फैलाने एवं नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भरत तिवारी एनकाउंटर की सीबीआई जांच की उठी मांग

दैनिक नवसंदेश


भरत भूषण तिवारी का फाइल फोटो।


कोइलवर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल लोग।

**कोईलवर।** बेलौटी निवासी भरत तिवारी की कथित पुलिस मुठभेड़ में हुई मौत के मामले को लेकर मंगलवार को कोईलवर के शहीद कपिलदेव चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय नगरवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर भरत तिवारी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने भरत तिवारी की मौत को लेकर गंभीर सवाल उठाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। उपस्थित लोगों का कहना था कि भरत तिवारी ने आत्मसमर्पण कर दिया था, इसके बावजूद उन्हें गोली मार दी गई। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि यह मामला कथित पुलिस मुठभेड़ का नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या का प्रतीत होता है। उन्होंने पूरे मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने तथा दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की।

सभा के दौरान वक्ताओं ने भरत तिवारी के परिजनों को न्याय दिलाने और घटना की सच्चाई सामने लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि कानून के शासन में किसी भी व्यक्ति को निष्पक्ष न्याय मिलना चाहिए और मामले की पारदर्शी जांच ही सच्चाई को सामने ला सकती है।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, उपेंद्र बाबा, बजरंग दल के जिला सह संयोजक रितिक ओझा, ऋतुराज, अमित सिंह भूटाली, विरमन्यु, बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति कोईलवर के अध्यक्ष संजीत रजक सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत भरत भूषण तिवारी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

## भरत के परिजनों से मिले एमएलए राधा चरण साह और एमएलसी मदन मोहन झा


भरत भूषण तिवारी के परिजनों से बात करते कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा।

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस द्वारा कथित एनकाउंटर में मारे गए बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी के परिजनों से संदेश विधायक राधाचरण साह ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। विधायक राधाचरण साह ने कहा कि पीड़ित परिवार को हरहाल में न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि घटना को लेकर सरकार गंभीर है और मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए न्यायिक जांच आयोग का गठन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कथित एनकाउंटर की जांच एवं पर्यवेक्षण के लिए शाहाबाद प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सत्य प्रकाश को जांच अधिकारी (आईओ) नियुक्त किया गया है। विधायक ने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद पूरे मामले की सच्चाई सामने आएगी और दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उपस्थित लोगों ने भी घटना की निष्पक्ष जांच कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

### बिलौटी पहुंचे मदन मोहन झा, बोले- यह एनकाउंटर नहीं, हत्या का मामला

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस के कथित एनकाउंटर में मारे गए बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी के परिजनों से मिलने कांग्रेस नेता सह विधान परिषद की पुस्तकालय समिति के अध्यक्ष मदन मोहन झा बिलौटी पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली तथा उन्हें ढांढस बंधाते हुए सांत्वना दी। इस दौरान मदन मोहन झा ने कहा कि इस घटना को एनकाउंटर कहना ही गलत है। प्रथम दृष्टया यह पूरी तरह हत्या का मामला प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि भरत भूषण तिवारी के साथ बहुत बड़ा अन्याय और जुल्म हुआ है। मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी सभी लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग इस घटना को सही ठहराने का प्रयास कर रहे हैं, उन्हें अपने कथन पर पुनर्विचार करना चाहिए। उपलब्ध तथ्यों के आधार पर यह एनकाउंटर का मामला नहीं बनता है। उन्होंने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि घटना के समय भरत भूषण तिवारी को गोली लगने के बावजूद उनके पिता को थाने में बैठाकर रखा गया, जो पुलिस की असंवेदनशीलता को दर्शाता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए उनकी पार्टी हर स्तर पर संघर्ष करेगी तथा मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर आवाज उठाती रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### हंगामेदार रही पीरो में पंचायत समिति की बैठक

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** पीरो पंचायत समिति की सामान्य बैठक में जन वितरण प्रणाली के दूकानदारों द्वारा उपभोकताओं को निर्धारित मात्रा से कम राशन देने, राशन कार्ड में नाम जुडा रहने के बावजूद नाम कट जाने की बात कहकर निरक्षर लोगों को राशन से वंचित करने, बिजली विभाग की मनमानी, धरातल पर नल-जल योजना की बदतर स्थित सहित कई अन्य मामलों को लेकर सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। पंचायत समिति प्रमुख रूनी खातून की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक के दौरान बरांव पंचायत के मुखिया सह समिति सदस्य श्रीराम सिंह ने जन वितरण प्रणाली में दूकानदारों द्वारा बरती जा रही अनियमितता का मामला उठाते हुए कहा कि अधिकांश डीलर उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट पांच किलोग्राम की जगह चार किलोग्राम अनाज की आपूर्ति कर रहे हैं। कुछ डीलर राशन कार्ड में नाम न होने की बात कहकर वास्तविक उपभोक्ता के हिस्से का अनाज डकार जा रहे हैं। उन्होंने बरांव पंचायत सरकार भवन तक बिजली पहुंचाने के लिए पोल की व्यवस्था नहीं होने पर बिजली विभाग के कनीय अभियंता को आडे हाथों लिया। वहीं जमुआंव के मुखिया आमोद राय ने रास्ते पर लगाए गए बिजली के पोल को स्थान्तरित करने के मामले में कनीय विद्युत अभियंता द्वारा संतोषजनक जबाब नहीं दिए जाने पर उनकी जमकर खिंचाई की। सदस्यों ने किसी भी पंचायत में नल-जल योजना धरातल पर नहीं दिखाई देने का आरोप लगाते हुए पीएचईडी के कनीय अभियंता से जबाब तलब किया। इस मामले में जबाब नहीं मिलने पर सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। नहरों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभुकों को समय पर पेंशन की राशि नहीं मिलने सहित कई अन्य मामलों को बैठक के दौरान प्रमुखता से उठाया गया।

### स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम की प्रगति की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में स्टर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु निर्माण कार्यो को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि स्टर्म वाटर ड्रेनेज के एलाइनमेंट में आने वाले सभी अतिक्रमणों को अविलंब हटाया जाए, ताकि नाला निर्माण कार्य समय पर पूर्ण किया जा सके। विद्युत विभाग को निर्माण कार्य में आवश्यक सहयोग तत्काल उपलब्ध कराने तथा नाला निर्माण के दौरान जहाँ रोड क्रसिंग होना है उस जगह आवश्यक अनापत्ति एवं सहयोग प्रदान करने हेतु कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया। बैठक में एलाइनमेंट-ए एवं सी के कार्यो को 15 जुलाई तक पूर्ण करने तथा एलाइनमेंट-ठ में नाले के गैप क्लोजिंग का कार्य भी 15 जुलाई तक पूरा करने का निर्देश दिया गया, ताकि वर्षा जल का सुचारू निकास सुनिश्चित हो सके और शहर में जलजमाव की समस्या उत्पन्न न हो। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी आरा सदर, कार्यपालक अभियंता (विद्युत), उप परियोजना निदेशक (बुडको), अपर नगर आयुक्त सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नए डिग्री कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र संचालन की तैयारियों की समीक्षा

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी भोजपुर सुल्तानिया की अध्यक्षता में नए डिग्री कॉलेजों से संबंधित कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 1 जुलाई 2026 से शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के मद्देनजर सभी आवश्यक तैयारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, एल़एई़ओ़, जगदीशपुर को निर्देश दिया कि सभी सिविल कार्य 27 जून तक हर हाल में पूर्ण करा लिए जाएं। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्तमानवबल की प्रतिनियुक्ति कर कार्यो में तेजी लाई जाए, ताकि सभी कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण हो सकें। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि महाविद्यालयों में शुद्ध पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, समुचित रंग-रोगन, साइनेज सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं ससमय उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने एल़एई़ओ. को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी महाविद्यालयों तक पहुंच पथ (एप्रोच रोड) सुगम एवं अच्छी तरह से जुड़ा हुआ हो। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी फर्नीचर एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता 26 जून तक सुनिश्चित की जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त भोजपुर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए, कार्यपालक अभियंता, एल़एई़ओ़, जगदीशपुर, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सात दिन बाद सकुशल ननिहाल से मिली लापता किशोरी

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** स्थानीय थाना पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए अपहरण के एक मामले में त्वरित कार्रवाई कर अपहृता को उसके ननिहाल बहोरनपुर थाना क्षेत्र के पहरपुर गांव से सकुशल बरामद कर लिया। किशोरी ने बताया कि वह बिना किसी को बताए अपने मामा के गांव चली गई थी। यह मामला कर्णामेपुर थाना कांड संख्या 55/26 से जुड़ा है, जो 15 जून 2026 को दर्ज किया गया था। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के लालू डेरा निवासी अमरजीत गोंड की 14 वर्षीय पुत्री खुशी कुमारी अचानक घर से लापता हो गई थी। परिजनों की शिकायत पर कर्णामेपुर थाना में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2) एवं 140(3) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस लगातार किशोरी की तलाश में जुटी हुई थी। थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर गठित पुलिस टीम ने छापेमारी अभियान चलाकर खुशी कुमारी को सुरक्षित बरामद कर लिया।

### माले के पूर्व राज्य सचिव नंद किशोर प्रसाद को श्रद्धांजलि

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भाकपा (माले) के पूर्व राज्य सचिव और लंबे समय तक पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य रहे नंदकिशोर प्रसाद उर्फ जमुना जी के श्राद्धकर्म के मौके पर मंगलवार को शहर के बंधन टोला में श्रद्धांजंलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ताओं ने उनके तैल चित्र पर पुष्प चढ़ाएं कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि नन्द किशोर प्रसाद उर्फ जमुना जी ने अपना पूरा जीवन मेहनतकश जनता, गरीबों, किसानों और मजदूरों के हक और अधिकारों की लड़ाई के लिए समर्पित कर दिया था। श्रद्धाजंलि अर्पित करने वाले में राज्य सचिव कुणाल, पोलित ब्यूरो सदस्य स्वदेश भट्टाचार्य, अमर जी, एमएलसी शशि यादव, सांसद सुदामा प्रसाद, विधायक अरुण सिंह, पूर्व विधायक ड़ अजीत कुशवाहा एवं शिव प्रकाश रंजन, जिला सचिव अभ्युदय, मीना तिवारी, जवाहर लाल सिंह, मनोहर, राजू यादव, मनोहर सिंह, उमेश सिंह, जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम, राज्य कमिटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी, सुधीर सिंह, दीना जी, ऐपवा नेत्री शोभा मंडल, इंदू सिंह, कलावती देवी, नीरा जी, शब्बीर कुमार ड़ बीके प्रसाद, ड़ बीके शुक्ला, डक़न्हैया सिंह, ड. जीवेश कुमार, डॉ. नवीन सिंह, डॉ. राजीव, कृष्ण कुमार (पत्रकार), रजनीश कुमार, राजेश्वर लाल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## भरत तिवारी को न्याय दिलाने उतरे पप्पू पांडेय, समर्थकों के साथ पहुंचे बिलौटी

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। भरत भूषण तिवारी के परिजनों से मिलने गोपालगंज जिले के कुचायकोट के विधायक अमरेंद्र कुमार पांडे उर्फ पप्पू पांडे मंगलवार को सैकड़ों वाहनों और समर्थकों के काफिले के साथ बिलौटी पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा न्याय दिलाने की लड़ाई में हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। इस दौरान विधायक पप्पू पांडे ने कहा कि भरत तिवारी किसी राजनीतिक दल से जुड़े हुए व्यक्ति नहीं थे। बल्कि समाज और लोगों के हितों के लिए संघर्ष करने वाले युवा थे। उन्होंने कहा कि भरत तिवारी ने समाज के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। कथित एनकाउंटर की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और इस घटना के दोषी चाहे कोई भी हों, उन्हें सजा मिलकर रहेगी।उन्होंने कहा कि भरत तिवारी को न्याय दिलाने के लिए आयोजित होने वाली महापंचायत में इस पूरे मामले पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। महापंचायत में बिहार समेत विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। इसके लिए 36 बिरादरियों के लोगों को आमंत्रित किया गया है।

## रॉ के पूर्व अधिकारी बोले - भरत तिवारी मामले की निष्पक्ष जांच हो



**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** कथित एनकाउंटर में मारे गए बिलौटी गांव निवासी भरत तिवारी के परिजनों से मिलने खुफिया एजेंसी रॉ के पूर्व अधिकारी लकी बिष्ट मंगलवार को बिलौटी गांव पहुंचे। उन्होंने स्वजनों से घटना की जानकारी ली तथा परिवार को ढांढस बंधाया। मुलाकात के बाद लकी बिष्ट ने कहा कि उपलब्ध वीडियो एवं सामने आए तथ्यों को देखने के बाद मामला गंभीर प्रतीत होता है और इसकी निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच होनी चाहिए। पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए तथा मामले में सभी तथ्य सामने आएं। दोषी पुलिस अधिकारियों व कर्मियों पर कारवाई होनी चाहिए थी, जो आज हो रही है। उनके आधार पर विधिसम्मत कार्रवाई की जानी चाहिए।

## न्याय मिलने तक जारी रहेगा आंदोलन : मिश्रा

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल मिश्रा अपने सहयोगियों के साथ कथित एनकाउंटर में मारे गए भरत तिवारी के परिजनों से मिलने बिलौटी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने घटना को हत्या करार देते हुए कहा कि यह कहीं से भी एनकाउंटर प्रतीत नहीं होता। उन्होंने कहा कि घटना के तुरंत बाद एनकाउंटर में शामिल पुलिसकर्मियों को जेल भेजा जाना चाहिए था। मिश्रा ने आरोप लगाया कि पुलिस में अपने स्तर पर ऐसा कदम उठाने की हिम्मत नहीं थी। बल्कि ऊपर से मिले आदेश के आधार पर भरत तिवारी को वाहन में बैठाने के बाद गोली मारकर उसकी हत्या की गई। जरूरत पड़ने पर पटना और दिल्ली तक घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भरत तिवारी की हत्या का जवाब सरकार और प्रशासन को देना ही होगा।

## आद्विक गौरव ने दिखायी शतरंज प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा



**आरा।** भोजपुर जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में संचालित आरा चेस अकादमी में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी बौद्धिक क्षमता तथा खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के तृतीय कक्षा के छात्र आद्विक गौरव ने अपनी सूझबूझ, एकाग्रता एवं रणनीतिक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी का ध्यान आकर्षित किया, उन्होंने शतरंज की बारीकियों को समझते हुए कई प्रभावशाली मुकाबले खेले और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। मुख्य अतिथि डॉ. एसके रूंगटा ने आद्विक गौरव को पुरस्कार प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि शतरंज बच्चों में तार्किक सोच, धैर्य एवं निर्णय लेने की क्षमता का विकास करता है। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद आद्विक गौरव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शतरंज प्रशिक्षक रंजन कुमार सिन्हा, माता-पिता तथा आरा चेस अकादमी को दिया।

## निगरानी ने राजस्वकर्मी को 35 सौ रुपये घूस लेते दबोचा

**जमीन दाखिल-खारिज के नाम पर मांगी थी मोटी रकम**



**गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना की टीम ने मंगलवार को चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी को 35 सौ रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरतार कर लिया। घूस लिया रकम जमीन दाखिल-खारीज के नाम पर वसूली जा रही थी। गिरतार राजस्व कर्मचारी औरंगाबाद जिले के खुदुआ थाना क्षेत्र के आधार बिगहा गांव निवासी जितेन्द्र कुमार है। वह गड़हनी अंचल कार्यालय में राजस्व कर्मचारी है।

बताया जाता है कि उदवंतनगर प्रखंड के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के एडौरा गांव निवासी सह सरकारी शिक्षक रामदेव राम ने अपनी पत्नी हेवंती देवी के नाम से गड़हनी प्रखंड क्षेत्र में ढाई डिसमिल जमीन खरीदी थी, जिसके दाखिल-खारिज के लिए उन्होंने कई बार ऑनलाइन आवेदन किया था। लेकिन राजस्व कर्मचारी द्वारा उसे हर बार रद्द कर दिया जा रहा था। इस बार भी उन्होंने जमीन दाखिल-खारिज को लेकर ऑनलाइन आवेदन किया था। उसके बाद वह राजस्व कर्मचारी जितेंद्र कुमार से मिले, तो रामदेव राम से 35 सौ रुपये घूस की मांग की। इसके बाद रामदेव राम ने 23 जून को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के पटना ऑफिस में लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी।

## योजनाओं का उपयोगिता प्रमाण-पत्र जमा कराएं : डीएम



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी, तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ), भोजपुर की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला खनिज फाउंडेशन मद से चयनित योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, जीविका एवं कल्याण से संबंधित पूर्व स्वीत योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, बुडको को संदेश एवं बड़हरा प्रखंड के बालू खनन प्रभावित क्षेत्रों में मुक्तिधाम निर्माण हेतु विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग को बालू खनन प्रभावित क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से रंबल स्ट्रिप, चेतावनी संकेतक, परावर्तक सुरक्षा उपकरणों एवं अन्य आवश्यक सड़क सुरक्षा उपायों के अधिष्ठापन हेतु विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को पूर्ण हो चुकी योजनाओं का उपयोगिता प्रमाण-पत्र (यूसी) निर्धारित समयावधि के भीतर समर्पित करने का भी निर्देश दिया। बैठक में खनिज विकास पदाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में चाहरदीवारी निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के जीर्णोद्धार तथा चिन्हित स्थलों पर हाई मास्ट लाइटों की स्थापना का कार्य कराया गया है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है तथा विधि-व्यवस्था सुढ़ हुई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी मानवेन्द्र राय ने अवगत कराया कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं उच्च विद्यालयों को मडल स्कूल की तर्ज पर विकसित करते हुए डिजिटल लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लासरूम, प्रयोगशाला, पुस्तकालय एवं अन्य आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे छात्र-छात्राओं के अधिगम परिणाम (लर्निंग आउटकम) में सकारात्मक वृद्धि हुई है। बैठक में उप विकास आयुक्त, निदेशक डीआरडीए, सिविल सर्जन, जिला लेखा पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी गई बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी डॉ़ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 73वें पुण्यतिथि को भारतीय जनता पार्टी द्वारा बलिदान दिवस के रूप मे मनाया गया। जिला के सभी मंडल एवं बूथो पर बलिदान दिवस मनाया गया एवं डाँ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी को याद किया गया। मुख्य कार्यक्रम भाजपा जिला कार्यालय मे मनाया गया। इस दौरान भारत माता की जय, जहाँ बलिदान हुए मुखर्जी, वह कश्मीर हमारा है आदि नारे भी लगाए गए। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज सहित नेताओं ने बलिदान दिवस पर डाँ मुखर्जी को याद करते हुए कहा कि वे एक प्रखर राष्ट्रवादी एवं महान विचारक थे।उनके बलिदान को भाजपा ने व्यर्थ नही होने दिया। उनका नारा एक देश मे दो प्रधान, दो विधान,दो निशान नही चलेगा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने काश्मीर से 370 हटा कर समाप्त कर दिया। आज हम उस महान व्यक्ति का पुण्यतिथि मना रहे है, जो अपने देश के एकता एवं अखंडता के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका व्यक्तित्व एवं .तिव हमेशा हमेशा के लिए अमर हो गया।हमे गर्व है कि हम उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर आगे बढते हुए देश को विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा कर रहे है। कार्यक्रम मे सीडी शर्मा, उदय प्रताप सिंह, प्रहलाद राय, वंदना राजवंशी, अमरेन्द्र शक्रवार, सूर्यकांत पांडेय, राजकुमार कुशवाहा, ज्योति प्रकाश कुशवाहा, निशांत सेंगर, नरेन्द्र तिवारी, संतोष चंद्रवंशी, संजय कुमार सिंह, विभु जैन, विद्यासागर पाडेय, आदित्य सिंह आदि, जयंत किशोर, संजय सिंह, पिंटु राय आदि शामिल थे।

## धरहरा-चांदी पीडब्लूडी की मुख्य सड़क पर जमीरा में जलजमाव से परेशानी

**अतिक्रमण और पुलिया से जमीरा -अलीपुर सड़क में भी समस्या**

**अस्पताल, विद्यालय और पुलिस ओपी के सामने घुटने भर पानी**



**आरा/कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** आरा-चांदी मुख्य सड़क पर घुटनेभर जमा गंदा नाले का पानी पंचायत की सफाई व्यवस्था की वास्तविक स्थिति उजागर कर रहा है। हालात ऐसे हैं कि लोगों को रोजाना इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, जबकि संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन अब तक मूकदर्शक बने हुए हैं।

जलजमाव के समीप सरकारी अस्पताल, विद्यालय और मुफस्सिल थाना की जमीरा ओपी स्थित है। प्रतिदिन सैकड़ों मरीज, छात्र-छात्राएं, शिक्षक, अभिभावक और पुलिसकर्मी इसी मार्ग से गुजरते हैं। इसके अलावा संदेश, चांदी और आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों लोग जिला मुख्यालय आरा आने-जाने के लिए इसी सड़क का उपयोग करते हैं। नाला जाम पड़ा हुआ है, लेकिन उसकी नियमित सफाई नहीं कराई जा रही है। सरकारी संस्थानों के सामने यदि ऐसी स्थिति बनी हुई है तो गांव के अन्य इलाकों की हालत का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। स्थानीय ग्रामीण चंदन कुमार ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि जाम नाले की सफाई कराकर जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल सड़क या नाले का मामला नहीं, बल्कि हजारों लोगों की सुविधा और स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर जनहित का मुद्दा है। यदि समय रहते समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है।

दूसरी तरफ जमीरा-अलीपुर सड़क की भी यही समस्या है। जमीरा गांव से दक्षिण तरफ अतिक्रमण एवं अनुपयोगी पुलिया के निर्माण के कारण आस-पास के कई गांवों के लिए समस्या उत्पन्न हो गयी है। क्षेत्रीय ग्रामीणों का आरोप है कि आरा षहर में आवष्यकतानुसार अतिक्रमण हटाया जा रहा है। लेकिन अति महत्पूर्ण धरहरा-चांदी एवं जमीरा-अलीपुर सड़क से अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है। उन्होंने जिला प्रषासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### बलिदान दिवस के मौके पर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी गई श्रद्धांजलि

**अरवल (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, में जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में खाद आयोग की सदस्य एवं पूर्व विधायक रिंकी रानी पांडे उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके राष्ट्र निर्माण, राष्ट्रीय एकता एवं अखंड भारत के लिए किए गए योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि "डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्रहित के कार्यों में समर्पित रहने का संकल्प लेता है।" मुख्य अतिथि रिंकी रानी पांडे ने कहा कि "डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता और संविधान की गरिमा की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उनका बलिदान भारतीय राजनीति के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। धारा 370 समाप्ति का जो सपना डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देखा था हमें उनके आदर्शों पर चलकर आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समाप्त कर उनका सपना साकार किया।विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।" उन्होंने ह्यएक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगेह्ण का उद्घोष कर देश की एकता के लिए संघर्ष किया। आज का दिन उनके आदर्शों को आत्मसात करने और राष्ट्र सेवा के संकल्प को मजबूत करने का अवसर है।"



### कुर्था थाने में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**कुर्था (एनएसबी)** मुहर्रम पर्व को लेकर कुर्था थाने में शांति समिति की बैठक अरवल पुलिस अधीक्षक डॉ. नवजोत सिमी के निदेर्शानुसार कुर्था थाना परिसर में आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर शान्ति समिति की बैठक थानाध्यक्ष चन्दन कुमार झा के अध्यक्षता में आयोजित शांति समिति की बैठक में मुहर्रम पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, जुलूस मार्गों की निगरानी, संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की गई तथा अफवाहों से बचने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को देने का अनुरोध किया गया। इस मौके पर कुर्था थानाध्यक्ष के अलाबे वीडिओ निशा कुमारी, जेई सूरज कुमार, एसआई संजय कुमार यादव,अमित कुमार,भाजपा महामंत्री संगीता कुशवाहा,कुर्था जदयू प्रखंड अध्यक्ष आकाश कुशवाहा समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता व सामाजिक कार्यकर्ता सामिल थे।


बैठक में भाग लेते लोग।

### वरिष्ठ नागरिकों को विधिक सहायता एवं साइबर सुरक्षा की दी गई जानकारी



**जहानाबाद (एनएसबी)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जहानाबाद के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार के निर्देश पर प्रखंड कार्यालय परिसर, जहानाबाद में नालसा जागृति योजना-2025 के अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पारा विधिक स्वयंसेवक पूनम कुमारी एवं प्रतिमा कुमारी ने वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों, भरण-पोषण संबंधी कानूनी प्रावधानों तथा निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी। बताया गया कि 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों को कानूनी सलाह, परामर्श एवं न्यायिक सहायता निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। यदि किसी वरिष्ठ नागरिक को परिवार द्वारा भरण-पोषण नहीं दिया जाता है अथवा घर से बेदखल किया जाता है, तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में डिजिटल लेन-देन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की भी जानकारी दी गई। वरिष्ठ नागरिकों को ओटीपी, यूपीआई पिन एवं बैंकिंग जानकारी किसी से साझा नहीं करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने तथा साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत बैंक एवं साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई। वक्ताओं ने बताया कि अनुमंडल कार्यालय परिसर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष विधिक सहायता केंद्र संचालित है, जहां प्रत्येक बुधवार को आवेदन दिया जा सकता है।

### मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु प्रशासन की तैयारी पूरी

**जहानाबाद (एनएसबी)।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया एवं पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार ने शांति समिति के सदस्यों, दंडाधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक एवं ब्रीफिंग की। बैठक में जिला पदाधिकारी ने सभी जुलूस आयोजकों के लिए संबंधित थाने से लाइसेंस एवं पंजीकरण कराना अनिवार्य बताया। जुलूस में स्वयंसेवकों की तैनाती, 20 सदस्यों के मोबाइल नंबर एवं आधार कार्ड जमा करने तथा ताजिया की ऊंचाई 15 फीट से अधिक नहीं रखने का निर्देश दिया गया। सभी स्वयंसेवकों के लिए पहचान पत्र तथा प्रत्येक जुलूस में दो वीडियोग्राफरों की व्यवस्था अनिवार्य की गई है। प्रशासन ने डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है तथा किसी भी प्रकार के घातक अथवा धारदार हथियारों के प्रदर्शन पर रोक लगाई है। विद्युत, स्वास्थ्य, अग्निशमन, नगर परिषद एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को विशेष सतर्कता बरतने तथा आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा कानून-व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने में कोई कोताही न बरती जाए।



### सखी वार्ता कार्यक्रम में महिलाओं को किया गया जागरूक

**जहानाबाद (एनएसबी)।** महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार के अंतर्गत संचालित डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ विमेन (ऊऌएह) के तत्वावधान में घोसी प्रखंड के प्रखंड कॉलोनी वार्ड संख्या-11 में "सखी वार्ता" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं किशोरियों को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता तथा सामाजिक सुरक्षा से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। जेंडर स्पेशलिस्ट शैलेश कुमार ने बाल विवाह रोकथाम, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन-181, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना एवं सामाजिक पुनर्वास कोष के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही महिलाओं को उनके अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया।



# राजस्व वसूली एवं लंबित नीलाम पत्र बातों का शीघ्र निष्पादन करें : डीएम

**अरवल (एनएसबी)।** राजस्व वसूली में तेजी लाने एवं लंबित नीलाम पत्र वादों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में नीलाम पत्र वादों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिले में लंबित नीलाम पत्र वादों की विभागवार समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने वादों के निष्पादन की वर्तमान स्थिति, राजस्व वसूली की प्रगति तथा लंबित मामलों के कारणों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को नीलाम पत्र वादों के त्वरित निष्पादन एवं बकाया राजस्व की प्रभावी वसूली सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने कहा कि नीलाम पत्र वादों का समयबद्ध निष्पादन राजस्व संग्रहण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई में तेजी लाई जाए तथा वादों के निष्पादन में आने वाली बाधाओं का शीघ्र समाधान किया जाए। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि नीलाम पत्र वादों से संबंधित सभी अभिलेख एवं अद्यतन विवरण समय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि मामलों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में वसूली की पर्याप्त संभावना है, उनमें प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करते हुए बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित की जाए।

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि नीलाम पत्र वादों के निष्पादन से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन नियमित रूप से तैयार कर जिला स्तर पर उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, लंबित वादों की संख्या में कमी लाने के लिए विशेष अभियान चलाने पर भी बल दिया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी राजस्व हितों की रक्षा के प्रति गंभीरता बरतें तथा नीलाम पत्र वादों के निष्पादन में निर्धारित प्रक्रिया एवं समय-सीमा का अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि लंबित मामलों के निष्पादन में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा नीलाम पत्र वादों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया तथा वसूली कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में आवश्यक सुझावों पर भी चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, राजस्व पदाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष के साथ अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।


बैठक करते डीएम।

## खनन गतिविधियों की निगरानी एवं यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर समीक्षा बैठक

**अरवल (एनएसबी)।** खनन गतिविधियों की निगरानी एवं यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में खनन विभाग से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिले में संचालित खनन गतिविधियों, बालू घाटों की जाँच, वाहनों के आवागमन तथा यातायात व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने खनन कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता एवं वैधानिक प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भारी वाहनों के आवागमन के कारण उत्पन्न होने वाली जाम की समस्या पर विशेष चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जाम प्रभावित स्थलों की पहचान कर वहां यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ बनाया जाए तथा आवश्यकतानुसार वैकल्पिक मार्गों एवं यातायात नियंत्रण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में खनिज परिवहन में लगे वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि निर्धारित स्थलों पर सुव्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा सड़कों के किनारे अनधिकृत रूप से वाहनों के खड़े होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाए। इससे यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहेगी और दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी। जिला पदाधिकारी ने खनिज परिवहन में उपयोग किए जा रहे धर्म कांटों (वजन माप केंद्री) की नियमित जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी धर्म कांटों की समय-समय पर जांच कर यह सुनिश्चित किया जाए कि वजन मापन में किसी प्रकार की अनियमितता न हो। यदि किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। बैठक में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु रोको टोको अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। समीक्षा के दौरान जिले के विभिन्न बालू घाटों की स्थिति एवं संचालन व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को नियमित रूप से बालू घाटों का निरीक्षण करने, स्वीकृत्त सीमा के भीतर ही खनन कार्य सुनिश्चित करने तथा पर्यावरणीय एवं सुरक्षा मानकों का अनुपालन कराने का निर्देश दिया। साथ ही अवैध खनन की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा गया। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए खनन गतिविधियों की सतत निगरानी करने तथा राजस्व हितों की रक्षा के साथ-साथ विधि-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने का निर्देश दिया। बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने कहा कि अवैध खनन एवं अनियमित परिवहन पर नियंत्रण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## नशामुक्त समाज निर्माण को लेकर सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें : अमृषा

**अरवल (एनएसबी)।** नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु सभी विभाग समन्वय के साथ करें कार्य जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में नशा मुक्ति अभियान से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिले में संचालित नशा मुक्ति अभियान की प्रगति एवं विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने कहा कि नशा समाज के लिए एक गंभीर चुनौती है तथा इसके उन्मूलन हेतु प्रशासन, शैक्षणिक संस्थानों, अभिभावकों एवं आम नागरिकों की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों के आसपास विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी विद्यालय के 500 मीटर के दायरे में नशा से संबंधित सामग्री की बिक्री करने वाली दुकान या प्रतिष्ठान संचालित नहीं होना चाहिए। यदि जांच के दौरान ऐसे किसी प्रतिष्ठान की पहचान होती है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों को संयुक्त रूप से विशेष जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री, भंडारण एवं सेवन की रोकथाम के लिए नियमित जांच अभियान चलाया जाए तथा दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। बैठक में युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने पर विशेष बल दिया गया। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि विद्यालयों, महाविद्यालयों, पंचायतों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम, संगोष्ठी, रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाए। इस अवसर पर नशा मुक्ति के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हस्ताक्षर अभियान का भी शुभारंभ किया गया। अभियान के माध्यम से उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु अपना संकल्प व्यक्त किया तथा आम नागरिकों को भी इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार एवं समाज की सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसलिए सभी नागरिकों को नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि नशा मुक्ति अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए समन्वित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि जिले को नशामुक्त बनाने के लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त किया जा सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक, भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, खनन पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, आपूर्ति पदाधिकारी, राजस्व पदाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष के साथ अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।


बैठक में भाग लेते पदाधिकारी।

## भूमि विवाद से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक संपन्न

**अरवल (एनएसबी)।** प्राथमिकता के आधार पर निपटारे का निर्देश समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में भूमि विवाद से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने भूमि विवाद से संबंधित लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की तथा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि विवाद से जुड़े सभी वादों एवं मामलों की प्रदिष्टि निर्धारित समय सीमा के भीतर संबंधित पोर्टल पर सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी मामलों का अद्यतन अभिलेखीकरण एवं ऑनलाइन प्रविष्टि पारदर्शी आवश्यक है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों की सुनवाई एवं निष्पादन यथासंभव अंचल स्तर पर ही किया जाए, ताकि आम नागरिकों को त्वरित न्याय एवं राहत भूमि विवाद मामलों के त्वरित निष्पादन एवं अतिक्रमण वादों के आज जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में मिल सके। जिन मामलों का निष्पादन अंचल स्तर पर संभव नहीं हो, उन्हें नियमानुसार वरीय पदाधिकारी के समक्ष अग्रतर सुनवाई एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया जाए।बैठक में अतिक्रमण वादों की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अतिक्रमण से संबंधित मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि एवं सार्वजनिक उपयोग की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु सर्वप्रथम मापी की जाए तथा लंबित मामलों का समयबद्ध निपटारा किया जाए। इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी ने जनता दरबार में प्राप्त होने वाले भूमि संबंधी आवेदनों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी आवेदनों का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर उनका निष्पादन निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन केवल औपचारिकता न होकर वास्तविक एवं संतोषजनक समाधान के रूप में होना चाहिए। जिला पदाधिकारी ने कहा कि भूमि विवादों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष निष्पादन प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है।

## समनालय सभा कक्ष में सड़क सुरक्षा को लेकर हुई समीक्षात्मक बैठक

**अरवल (एनएसबी)।** सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन से ही सड़क दुर्घटनाओं में लाई जा सकती है कमी जिला पदाधिकारी अमृशा बैंस की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में सड़क सुरक्षा से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का भी दायित्व है। जिला पदाधिकारी ने दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट के उपयोग की अनिवार्यता पर विशेष बल देते हुए कहा कि हेलमेट दुर्घटना के दौरान सिर की गंभीर चोटों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी प्रकार चारपहिया वाहन चालकों एवं यात्रियों को सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करने की सलाह दी गई। उन्होंनें कहा कि सीट बेल्ट दुर्घटना के समय जीवन रक्षा का एक प्रभावी साधन है तथा इसके प्रयोग से गंभीर चोटों की संभावना काफी कम हो जाती है। वाहन चालकों द्वारा निर्धारित गति सीमा का पालन सुनिश्चित कराने पर भी चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने कहा कि तेज गति से वाहन चलाना सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण है। सभी वाहन चालकों को निर्धारित स्पीड लिमिट का पालन करना चाहिए तथा सड़क पर विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्पीड ब्रेकरों की उपयोगिता पर भी विस्तार से चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि विद्यालयों, अस्पतालों, बाजारों एवं दुर्घटना संभावित स्थलों के समीप आवश्यकतानुसार मानक अनुरूप स्पीड ब्रेकर एवं चेतावनी सकेतक लगाए जाएं, ताकि वाहन चालकों को सतर्क किया जा सके और दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु नियमित रूप से जागरूकता अभियान चलाया जाए। विद्यालयों, महाविद्यालयों, पंचायतों एव सार्वजनिक स्थलों पर सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के संबंध में लोगों को जागरूक किया जाए। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं के कारणों, ब्लैक स्पॉट की पहचान, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा दुर्घटना प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सुरक्षा उपायों को लागू करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। संबंधित विभागों को समन्वित रूप से कार्य करते हुए सड़क सुरक्षा उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर प्रत्येक नागरिक स्वयं तथा दूसरों के जीवन की रक्षा कर सकता है। सभी लोगों से हेलमेट, सीट बेल्ट एवं यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और सुरक्षित यातायात व्यवस्था स्थापित हो सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक, भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, खनन पदाधिकारी, राजस्व पदाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष के साथ अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सिपाही भर्ती परीक्षा के सफल एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर प्रशासन की तैयारी पूरी



**जहानाबाद।** 24 जून को आयोजित होने वाली सिपाही भर्ती परीक्षा-01/2026 के सफल, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया एवं पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में बैठक आयोजित की गई। बैठक में दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, केंद्राधीक्षकों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिले में परीक्षा के लिए कुल आठ केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो प्रश्न पत्रों में आयोजित होगी। अभ्यर्थियों का प्रवेश सुबह 8 बजे से शुरू होगा, जबकि सुबह 9 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा। दोनों परीक्षाएं समाप्त होने के बाद ही अभ्यर्थियों को केंद्र से बाहर निकलने की अनुमति होगी। जिला पदाधिकारी ने परीक्षा की गोपनीयता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जहानाबाद में आधुनिक तकनीक की नई शुरूआत, मां वैष्णो स्टील सीएनसी का शुभारंभ

**जहानाबाद (एनएसबी)।** शहर के सब्जी मंडी, रेलवे स्टेशन रोड स्थित मां वैष्णो स्टील सीएनसी का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य सोनू राधे ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने अत्याधुनिक सीएनसी लेजर कटिंग मशीन का अवलोकन करते हुए इसे जिले के औद्योगिक एवं व्यावसायिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह जहानाबाद की पहली आधुनिक सीएनसी लेजर कटिंग मशीन है, जिसके माध्यम से गेट, ग्रिल, रेलिंग, खिड़की, फॉल्स सीलिंग एवं अन्य सजावटी स्टील उत्पादों के आकर्षक डिजाइन कम समय में तैयार किए जा सकेंगे। अब लोगों को ऐसे कार्यों के लिए पटना, गया या अन्य बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। संस्थान के प्रोपराइटर दीपक कुमार ने बताया कि यहां ग्राहकों की पसंद के अनुरूप विशेष डिजाइन तैयार किए जाएंगे। सीएनसी तकनीक से जटिल से जटिल डिजाइन भी अत्यंत सटीकता और सफाई के साथ बनाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और अनुभवी कारीगरों के समन्वय से ग्राहकों को गुणवत्ता, मजबूती और आकर्षक डिजाइन का बेहतर विकल्प मिलेगा। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे जिले में आधुनिक निर्माण एवं इंटीरियर डिजाइनिंग को बढ़ावा मिलेगा तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

